लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -192, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 3 मार्च 2024

www.amritvichar.com



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हाथ से मिले हाथ तो आसां हो लड़ाई व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।



दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर : आकांशा रंजन......2

**आज का मौसम**

25.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल, बारिश की संभावना, ठंडी हवा

सूर्योदय 06 : 30
सूर्यास्त 18 : 11

## एक नजर

### सत्येन्द्र जैन के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने धन शोधन मामले के आरोपी सुकेश चन्द्रशेखर द्वारा दायर जबरन वसूली की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जैन पर चन्द्रशेखर से 'संरक्षण देने के बदले में शुल्क' के रूप में 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप है। राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में तिहाड़ जेल के एक पूर्व महानिदेशक भी आरोपी थे। केजरीवाल सरकार में पूर्व गृह मंत्री जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मई 2022 में धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था।

### जयंत, गौतम गंभीर नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। पूर्व मंत्री और हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है। इसी के साथ वे आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने वालों में शामिल हो गए हैं। वहीं, पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भी लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने भी पार्टी अध्यक्ष से राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है। सांसद जयंत सिन्हा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखेंगे। सिन्हा ने कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं। नड्डा को संबोधित एक्स पोस्ट में सांसद गौतम गंभीर का कहना है कि वह क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

## भाजपा ने जारी की 195 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची, यूपी से 51 नामों की घोषणा

# प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी, राजनाथ लखनऊ और अमित शाह गांधी नगर से लड़ेंगे चुनाव

- 28 महिला प्रत्याशी, 34 केंद्रीय मंत्रियों को भी मिला टिकट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इनमें 51 नाम यूपी से हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से, गृहमंत्री अमित शाह गांधीनगर से तो लखनऊ से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फिर किस्मत आजमाएंगे। 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर निर्णय हुआ। 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री इस सूची में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का भी नाम है। दो पूर्व मुख्यमंत्री का भी नाम शामिल है। इस सूची में 28 महिलाएं हैं। अनुसूचित जाति के 27 और अनुसूचित जनजाति 18 और पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार हैं।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सूची के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी। हेमामालिनी को एक बार फिर मथुरा से उम्मीदवार बनाया गया है।



उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा के दौरान भाजपा नेता बैजयंत 'जय' पांडा, विनोद तावड़े और अनिल बलूनी।

भाजपा ने जिन अन्य केंद्रीय मंत्रियों की उम्मीदवारी की घोषणा की है, उनमें पुरुषोत्तम रुपाला (राजकोट), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), देवुसिंह चौहान (खेड़ा), अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर), गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर) कैलाश चौधरी (बाड़मेर), जितेंद्र सिंह (उधमपुर), अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा), अर्जुन मुंडा (खूंटी), वी मुरलीधरन (अट्टिंगल), वीरेंद्र खटीक (टीकमगढ़), फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला), जी किशन रेड्डी (सिकंदराबाद), सत्यपाल सिंह बघेल (आगरा), अजय मिश्रा 'टेनी' (खीरी), कौशल किशोर (मोहनलालगंज), भानु प्रताप वर्मा (जालौन), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर), पंकज चौधरी (महाराजगंज), निसिथ प्रामाणिक (कूचबिहार), शांतनु ठाकुर (बनगांव) और सुभाष सरकार (बांकुड़ा) के नाम शामिल हैं। इस सूची में दो पूर्व मंत्रियों के भी नाम हैं।



नरेंद्र मोदी | राजनाथ सिंह | अमित शाह | देवेंद्र सिंह | साध्वी निरंजन
राम शंकर | सुब्रत पाठक | साक्षी महाराज | आरके पटेल | मुकेश राजपूत

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीवार होंगे, जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की जगह पार्टी ने आलोक शर्मा को वहां से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने नई दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे।

### ज्यादातर पुराने चेहरों पर जताया भरोसा

भाजपा की 195 उम्मीदवारों की इस सूची में 34 केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। इसमें से कई लोग दोबारा या तीसरी बार चुनाव लड़ेंगे। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। जाहिर है, उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर काफी संजीदगी बरती गई होगी। हालांकि पहली सूची में प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 51 सीटों पर ही नाम की घोषणा की गई। इसमें अमेठी, आगरा, मथुरा जैसी सीटों पर वर्तमान सांसदों को ही जगह दी गई है। अमेठी से स्मृति ईरानी और मथुरा से हेमा मालिनी तीसरी बार चुनाव लड़ेंगी तो आगरा से एसपी सिंह बघेल भाजपा से दोबारा चुनाव लड़ेंगे।

### मैराथन बैठक में नामों पर हुआ था मंथन

पिछले दिनों भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर मैराथन मंथन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी भी इस बैठक में शरीक हुए थे। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, शाह, संगठन महासचिव बीएल संतोष ने विभिन्न राज्यों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर उम्मीदवारों के नामों पर विमर्श किया था। अभी तक लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन पार्टी ने इससे पहले ही उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पिछले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा ने यही रणनीति अपनाई थी और बहुत हद तक यह कारगर भी रही थी।

# आरओ/एआरओ की प्रा. परीक्षा भी निरस्त

- एसटीएफ करेगी पेपर लीक की जांच, छह माह में दोबारा परीक्षा
- इसके पहले उप्र पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा हो चुकी है निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार** : पेपर लीक होने के चलते उप्र सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद अब आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी, प्रारंभिक परीक्षा-2023) भर्ती परीक्षा भी निरस्त कर दी गई है। छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए हैं। पेपर लीक के इस पूरे मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गई है।

11 फरवरी, 2024 को उप्र के 58 जिलों में यह परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा में करीब सात लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अभ्यर्थियों का आरोप था कि परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया। इस परीक्षा को फिर से कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी कई दिनों से आंदोलित थे। उप्र में कई जगहों पर, खासकर प्रयागराज में लोकसेवा आयोग के दफ्तर के सामने पिछले कई दिनों से अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद राज्य सरकार ने परीक्षा रद करने का फैसला लिया है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित आरओ/एआरओ की परीक्षा की शनिवार को समीक्षा की गई। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके संबंध में शासन द्वारा परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य लोगों से मांगे गए थे। शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री ने दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त करने का निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि, परीक्षा के लिए 10,76,004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। सात लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रारंभिक परीक्षा के दौरान पेपर लीक हो जाने की सूचना इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई थी।

### नजीर बनेगी दोषियों की सजा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक के दोषियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी सजा दिलाएंगे, जो नजीर बनेगी।

# छुट्टी पर आए सिपाही की भूमि विवाद में फावड़ा और चाकू से नृशंस हत्या

- आरोपी ताऊ और उसके नाती को पुलिस ने गिरफ्तार किया

संवाददाता, (सैफई) इटावा

**अमृत विचार** : सैफई थाना क्षेत्र के गांव गोबेपुरा में शुक्रवार की रात को छुट्टी पर घर आए सिपाही की फावड़ा व चाकू मार कर हत्या कर दी गई। सिपाही मथुरा जिले में तैनात था। हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस के आलाअधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल की। मृतक के भाई ने अपने ताऊ व उसके नाती पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने हत्या के पीछे जमीन को लेकर रंजिश बताई है।

क्षेत्र के गांव गोबेपुरा लरखौर गांव निवासी अनिल कुमार यादव (38) पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था। इस समय तैनाती मथुरा जिले में सीओ के चालक के पद पर थी। वह 2006 में पुलिस में भर्ती हुआ था। शुक्रवार की शाम वह आलू खुदवाने के लिए छुट्टी लेकर घर आया था। शाम को खाना खाने के बाद खेत पर लगे टयूबवेल पर सोने चला गया। शनिवार की सुबह गांव का प्रमोद खेत पर गया तो कमरा खुला हुआ था और अनिल का खून से सना शव पड़ा था। प्रमोद ने जानकारी अनिल के परिवार के लोगों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। एसएसपी संजय वर्मा, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह के अलावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सिपाही के शरीर पर कई वार किए गए थे। एसएसपी ने बताया कि सिपाही अनिल कुमार का अपने ताऊ से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम भी दोनों में विवाद हुआ था। इसी के चलते उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई नीरज कुमार ने अपने ताऊ दर्शन सिंह उनके पुत्र ओमपाल व नाती अभिषेक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मामला दर्ज कर दर्शन और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि ओमपाल फरार है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है।



घटनास्थल पर लोगों से बातचीत कर जानकारी लेते एसएसपी संजय कुमार। मृतक अनिल कुमार यादव (इनसेट)

# झारखंड में स्पेन की महिला से सामूहिक दुष्कर्म, 3 गिरफ्तार

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में स्पेन की एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है।

यह घटना राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में शुक्रवार रात तब हुई, जब स्पेन का एक पर्यटक जोड़ा एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम कर रहा था। यह युगल दुपहिया वाहन से बांग्लादेश से दुमका पहुंचा और वह बिहार से होते हुए नेपाल जाना चाहता था। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे हंसडीहा पुलिस गश्ती दल को सड़क किनारे दो लोग मिले। गश्ती दल ने यह भांप लिया कि उनके साथ कुछ हुआ है।

# देश में होंगे निष्पक्ष चुनाव : निर्वाचन आयोग

- पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा जल्द घोषित होंगे चुनाव कार्यक्रम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि देश में प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित डीएम व एसपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने व राजनीतिक दलों की ओर से दर्ज की गई शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।





प्रेसवार्ता में सीईसी राजीव कुमार और ईसी अरुण गोयल।

उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक सोशल मीडिया प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। सोशल मीडिया पर लोगों को अपने बात रखने की पूरी स्वतंत्रता होगी, लेकिन फर्जी खबर पर आईटी एक्ट व आईपीसी की धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी व सहभागितापूर्ण चुनाव कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सभी अधिकारी इसके प्रति सजग व तत्पर रहें। प्रेस कान्फ्रेंस में चुनाव आयुक्त (ईसी) अरुण गोयल, मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा भी मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय-अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतें

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश की सात अंतर्राष्ट्रीय व 30 अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनबल व अन्य प्रलोभनों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट व चार्टर प्लेन की सघन तलाशी की जाएगी। बैंकों में शाम के वक्त नकदी के जमा होने पर भी सतर्क नजर रखी जाएगी, ताकि कोई प्रत्याशी किसी बहाने मतदाताओं को प्रभावित न कर सके।

### डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे प्रत्याशी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि प्रत्याशी डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही, प्रत्याशी सभी चुनाव खर्च चेक के जरिए करेंगे। उन्हें बैंकों से 200 चेक दी जाएंगी।



# चेन्नई सुपर किंग्स का अभ्यास शुरू

चेन्नई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग




इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ। चाहर 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे।

तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के अधिकारी ने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंचा है। कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर ने शुक्रवार को खिलाड़ियों के पहले बैच के आने की पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) थे। चाहर ने पिछले साल दिसंबर के बाद से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 शृंखला के बीच से हट गए थे और फिर द. अफ्रीका के दौरे से भी उन्होंने नाम वापस ले लिया था। उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास के दौरान खुद को फिट घोषित किया था। बार बार चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उन्हें शुक्रवार को जामनगर में पत्नी साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी के शादी पूर्व कार्यक्रम में देखा गया था। चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करेगी।

# टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतना सपने के सच होने सा था: मनप्रीत

## भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर ने कहा- 41 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद 2020 में पदक जीतना सुखद और यादगार

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने कहा कि 41 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद 2020 में टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतना सबसे सुखद और यादगार था। पंजाब के मीठापुर के मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने परिवार के भरण-पोषण के साधन के रूप में हॉकी खेलना शुरू किया और उन्होंने नहीं सोचा था कि वह भारतीय टीम का हिस्सा बन जाएंगे।

मनप्रीत ने 10 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में 350 मैच खेला था। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के पहले मैच में भारत ने स्पेन से मुकाबला किया था। मनप्रीत ने कहा कि टोक्यो में 2020 ओलंपिक खेलों में कांस्य जीतना सपने के सच होने जैसा था, हमने जर्मनी को 5-4 से हराया था। मनप्रीत ने 2014 में कोरिया में 17वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना था। भारत ने शूटआउट में पाकिस्तान को 4-2 से हराया था। मिडफील्डर का सबसे यादगार पल ग्लासगो, स्कॉटलैंड में राष्ट्रमंडल खेल 2014 में रजत जीतना था। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 0-4 से हार से भारत स्वर्ण से चूक गया। बांग्लादेश में 2017 में पुरुष एशिया कप में भारत ने फाइनल में मलेशिया को 2-1 से हराकर स्वर्ण जीता था। मनप्रीत ने अब तक 44 गोल किए हैं, लेकिन वह एशियन गेम्स हांगझू 2022 के फाइनल में जापान के खिलाफ अपने गोल को सूची में सबसे ऊपर मानते हैं। मनप्रीत के गोल के बाद, जापान पर 5-1 से जीत पाई और पेरिस ओलंपिक के लिए योग्यता अर्जित की।

### अनुभव के साथ नकारात्मक चीजों से दूर रहना सीखा: श्रीजेश



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने कहा कि उन्होंने अनुभव के साथ नकारात्मक विचारों से दूर रहना सीख लिया है, जिससे उन्हें बड़े मैचों में गोल पोस्ट पर मुस्तैद रहने में मदद मिलती है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी कर रहे श्रीजेश का इशारा गोलकीपर के काम के लिए कम सराहना मिलने की ओर था। प्राइम वॉलीबॉल लीग फ्रेंचाइजी बेंगलुरु टॉरपीडोज के मुख्य कोच डेविड ली से बातचीत के दौरान श्रीजेश ने कहा कि कभी-कभी यह ऐसी जिम्मेदारी होती है, जिसकी सराहना नहीं की जाती है। मैंने अगर 10 गोल बचाए और एक गोल खाया, तो हर किसी को वह गलती याद रहेगी। मैंने इन चीजों को स्वीकार कर लिया है और मैं इसके साथ आगे बढ़ गया हूं। इस पेशे ने मुझे दबाव और आलोचना से निपटने में मदद की है। श्रीजेश ने कहा कि गोलकीपर का काम मानसिक होता है। एक खिलाड़ी होने के नाते, हम समझते हैं कि हम किसी मैच में कैसे शामिल होना चाहते हैं। एक गोलकीपर होने के नाते, मैं सिर्फ पीछे खड़ा हूं और मेरा खेल मेरे दिमाग में है।

## खेल डायरी

### प्राग मास्टर्स: भारत के तीनों खिलाड़ियों ने बाजी ड्रॉ खेली



**प्राग, एजेंसी।** भारत के तीनों खिलाड़ियों आर प्रज्ञानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली। लगातार दो मैच में हार के बाद प्रज्ञानंनदा के लिए इसे अच्छी वापसी कहा जा सकता है। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी नगुयेन थाई दाई वान के साथ अंक बांटे। गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को कोई मौका नहीं दिया और अंक बांटे जबकि गुजराती पोलैंड के मात्यूस बार्टेल को खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। चौथे दौर में किसी भी बाजी का परिणाम नहीं निकला और इस तरह से खिलाड़ियों की स्थिति में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ। ईरान के परहम मघसूदलू ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा जबकि रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ बाजी ड्रॉ खेली। चौथे दौर के बाद अब्दुसत्तारोव और माघसूदलू अब संभावित चार में से तीन अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश और रापोर्ट ढाई-ढाई अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वह प्रज्ञानंनदा, नवारा, दाई वान और कीमर से आधा अंक आगे हैं। बार्टेल एक अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

### एलेक्स और कैस्पर में होगा खिताबी मुकाबला

मैक्सिको ओपन

**अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी।** गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए। डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने से मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में रूड ने होल्गर रून को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

### जेसिका पेगुला सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में

**सैन डिएगो, एजेंसी।** जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनका मुकाबला केटी बोल्टर से होगा, जिन्होंने 2022 की उपविजेता डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया। यह एक साल से भी कम समय में नवारो का टूर स्तर पर पांचवां सेमीफाइनल होगा।

### मोनाको ने पीएसजी को बराबरी पर रोका



**पेरिस, एजेंसी।** स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में उतारा गया। पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही। इस मैच में अंक बांटने के बाद पीएसजी ने दूसरे नंबर पर काबिज ब्रेस्ट पर कुल बढ़त 12 अंक की कर दी है। वह मोनाको से 13 अंक आगे है।

# देशपांडे और शार्दुल की गेंदबाजी के आगे तमिलनाडु 146 रन पर सिमटी

रणजी सेमीफाइनल

## दिन खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बनाए



मुंबई, एजेंसी



तुषार देशपांडे (24 रन पर 3) और शार्दुल ठाकुर (48 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु की टीम रणजी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन पहली पारी में 146 रन पर आउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बना लिए। मुंबई पहली पारी में अभी तमिलनाडु से 101 रन पीछे है और उसके 8 विकेट बचे है। स्टंप्स के समय मुशीर खान 24 और रात्रि प्रहरी मोहित अवस्थी 1 रन बनाकर क्रीज पर थे। कुलदीन सेन ने पृथ्वी साव (5) को जबकि किशोर ने भूपेन लालवानी (15) को आउट किया। तमिलनाडु के कप्तान बीसाई किशोर का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उलटा पड़ गया क्योंकि बीकेसी मैदान में तेज गेंदबाजों को स्विंग जबकि स्पिनरों को टर्न मिल रहा था। तमिलनाडु ने 17 रन तक 4 और 42 रन तक 5 विकेट गंवा दिए थे। विजय शंकर (44) और वाशिंगटन सुंदर (43) ने छठे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शारदुल ठाकुर ने पारी की चौथी गेंद पर बीसाई सुदर्शन को पगबाधा किया।

अवस्थी ने तमिलनाडु के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एन जगदीशन (4) को शॉट लेग पर मुशीर के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी के लिए आए देशपांडे ने प्रदोष रंजन पॉल, आर साई किशोर को आउट कर तमिलनाडु को बैकफुट पर धकेल दिया। टीम का स्कोर अभी 42 रन ही था कि बाबा इंद्रजीत ने देशपांडे की गेंद को तनुष कोटियान के हाथों में खेल दिया। लंच के सत्र से पहले और बाद में शंकर और वाशिंगटन ने मुंबई के गेंदबाजों का सामना किया। शंकर ने देशपांडे की गेंद पर कुछ चौके लगाए। इस साझेदारी को तोड़ने के लिए मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाने ने गेंद फिर शार्दुल को थमाई और इस गेंदबाज ने शंकर की 109 गेंद में 8 चौके की मदद से 44 रन की पारी को खत्म किया। दूसरी स्लिप में शम्स मुलानी ने उनका कैच लपका। शंकर के आउट होने के बाद वाशिंगटन ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। मोहम्मद (17) ने शार्दुल के ओवर में 3 चौके लगाए। मुशीर ने मोहम्मद को पगबाधा किया जबकि कोटियान ने अजित राम (15) को चलता किया। वाशिंगटन कोटियान का दूसरा शिकार बने।

# मप्र ने विदर्भ को पहले दिन 170 रन पर रोका

नागपुर, एजेंसी



आवेश खान की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई के प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने शनिवार को रणजी सेमीफाइनल के पहले दिन विदर्भ को पहली पारी में 170 रन पर समेट दिया। मप्र के लिए आवेश ने 49 रन देकर 4 विकेट लिए, कुलवंत खेजरोलिया ने 38 और वेंकटेश अय्यर ने 28 रन देकर 2-2 विकेट लिए। मप्र ने स्टंप तक पहली पारी में 1 विकेट गंवाकर 47 रन बना लिए थे वह अब 123 रन पीछे है।

वीसीए स्टेडियम की पिच इतनी हरियाली लिए हुए थी कि मप्र ने दिन में कुल 56.4 में स्पिनरों से 2.4 ओवर डलवाए। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट लिया। वहीं अन्य स्पिनर जैसे सारांश जैन दर्शक बने रहे। विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में सिर्फ करूण नायर ही क्रीज पर टिक सके, जिन्होंने 105 गेंद में 9 चौके से 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। तेज गेंदबाज आवेश ने ध्रुव शोरे (13 रन) के स्टंप उखाड़ दिया। विदर्भ ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम के लिए बड़ी भागीदारी अर्थव तायडे (39 रन, 8 चौके) और अमन मोखाडे (13 रन, 75 गेंद) के बीच 36 रन की रही। कर्नाटक के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में शतक जड़ने वाले तायडे (63 गेंद) अय्यर की गेंद पर विकेटकीपर हिमांशु मंत्री को कैच दे बैठे। विदर्भ के लिए सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले करूण उतरे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला और आवेश ने मोखाडे को आउट कर दिया। मेजबान टीम ने 5 रन के अंदर यश राठौड़ और कप्तान अक्षय वाडकर के विकेट गंवा दिए, जिससे स्कोर 5 विकेट पर 106 रन हो गया। विदर्भ की 200 रन तक पहुंचने की उम्मीद भी तब खत्म हो गयी जब करूण खेजरोलिया की गेंद पर बोल्ड हो गए।

# यूएस ओपन में नहीं खेलेंगे मेसी

शिकागो, एजेंसी



अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल 8 टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं। इसमें कुल 96 टीम भाग्य आजमाएंगी। ह्यूस्टन इसका मौजूदा चैंपियन है। उसने पिछले साल फाइनल में इंटर मियामी को 2-1 से हराया था। मेसी चोटिल होने से इस मैच में नहीं खेल पाए थे।

# फिलिप्स ने लिए 5 विकेट, न्यूजीलैंड को 369 रन का लक्ष्य

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला



ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 204 रन की बढ़त लेने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 3 विकेट पर 111 रन बनाए हैं और लक्ष्य से 258 रन पीछे है।

ऑस्ट्रेलिया ने सुबह दूसरी पारी 2 विकेट पर 13 रन से शुरू की और 4 घंटे के अंदर सभी विकेट गंवा दिए। फिलिप्स ने पहली बार पारी में 5 विकेट लिया है। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (0) और एलेक्स कैरी (3) का विकेट लिया। मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा। उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (56*) और डेरिल मिशेल (12*) पर है। रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सत्र में केन विलियमसन (9) का विकेट लेकर न्यूजीलैंड को झटका दिया। विलियमसन को नाथन लियोन ने पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने हेड की गेंद पर विल यंग (15) का कैच लिया। टॉम (8) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिन्हें लियोन ने विकेट के पीछे कैच कराया।

# बॉलीवुड हलचल

## समुद्री लुटेरों पर आधारित 'लुटेरे' की कहानी




**मुंबई, एजेंसी।** रजत कपूर, अमृता खानविलकर और आमिर अली-स्टारर वेब सीरीज 'लुटेरे' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। वेबसीरीज लुटेरे की कहानी सोमालिया के समुद्री लुटेरों पर आधारित है, जो भारतीय विमान पोत को निशाना बनाकर लूटपाट करते हैं। इंडियन नेवी उनके खिलाफ क्या एक्शन लेती है, यह सब कुछ वेब सीरीज में देखने को मिलेगा। टीजर की शुरुआत नाव पर सवार कुछ भारी हथियारों से लैस लोगों से होती है, जिन्हे 'हम करीब हैं' कहते हुए सुना जा सकता है। रजत कपूर नौसेना की वर्दी पहने हुए सीन में दिखाई देते हैं और दूरबीन से लोगों को देखते हैं। वीडियो जहाज पर गोलीबारी करने वाले लोगों के साथ समाप्त होता है। जय मेहता द्वारा निर्देशित वेब सीरीज लुटेरे का निर्माण शैलेश आर सिंह ने हंसल मेहता के साथ किया है। लुटेरे 22 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

## खेसारी लाल की रंग दे बसंती का ट्रेलर जारी




**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म रंग दे बसंती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह और निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ रति पांडेय और डायना खान मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव फुल एक्शन में हैं। फिल्म में एक ओर वह जांबाज सैनिक के रूप में नजर आए हैं, जो देश के खातिर हमेशा मर मिटने को तैयार रहता है और वही दूसरी ओर यूनिवर्सिटी में युवा नेता के रूप में प्रभु श्रीराम का घोष बुलंद करते नजर आ हैं। निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि हमारी सोच थी कि इस फिल्म को जेनरिक थोड़ा अलग करें और आगे बढ़ें। अपर क्लास के हिसाब से इस फिल्म को हमने बनाया और साथ ही भोजपुरी के हर वर्ग के दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी, ऐसी उम्मीद है। फिल्म के गाने एक से बढ़कर एक होंगे। फिल्म में बॉलीवुड के बड़े कलाकारों की आवाज गानों में सुनने को मिलेगी।

## दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर: आकांशा रंजन




**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री आकांशा रंजन कपूर का कहना है कि दिल्ली उनके लिए दूसरा घर है और वह यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती है। आकांशा रंजन कपूर ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया, जहां ढेर सारे प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एमिटी विश्वविद्यालय में उनकी यात्रा एक यादगार घटना में बदल गई क्योंकि छात्रों ने उनके आगमन पर खुशी मनाई, जिससे एक शानदार माहौल बन गया। उत्साही छात्रों द्वारा गर्मजोशी से किए गए स्वागत पर, आकांशा ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, दिल्ली मेरे लिए हमेशा विशेष रही है क्योंकि मेरी दादी और मेरे चचेरे भाई यहां रहते हैं। यह मेरे लिए दूसरा घर है और मैं यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हूं। मैं वास्तव में एमिटी यूनिवर्सिटी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक सम्माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और यहां दिल्ली में आकर यहां की सर्द सर्दियों का अनुभव लिया। मैं छात्रों के बीच आकर और उनकी जीवंत ऊर्जा में डूबने से बहुत रोमांचित था। भारी भीड़ को हूटिंग करते हुए देखकर, यह बस अद्भुत लगा। छात्रों के बीच रहना और उनके साथ बातचीत करना हमेशा बहुत अच्छा लगता है।

## तमन्ना ने किए श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों बनारस में मौजूद हैं। उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंग में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। तमन्ना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को साझा किया है। इन फोटो में वह वाराणसी के काशी विश्ननाथ मंदिर परिसर में हैं। अगली फोटो में तमन्ना भगवान ज्योतिर्लिंग को स्पर्श करती हुई दिखाई दे रही हैं।

## फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में मुख्य भूमिका में होंगी सारा अली खान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान मुख्य भूमिका है। ऐ वतन मेरे वतन की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर ऐ वतन मेरे वतन पर एक अपडेट पोस्ट किया। वीडियो में करण जौहर ने भारत के कुछ भूले-बिसरे हीरोज और उनकी अनकही कहानियों के बारे में बात की है। वह दर्शकों को 22 वर्षीय उषा नाम की एक साहसी लड़की से परिचित कराते हैं, जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती है और अपने देश के लिए खड़ी होती है। करण जौहर कहते हैं, शेरशाह के पीवीसी कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने अपने दुश्मनों के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध में अपनी जान दे दी और राजी से सहमत सैयद, जिन्होंने जासूसी करने के लिए पाकिस्तानी सेना के परिवार में शादी की। 21 मार्च को ऐ वतन मेरे वतन ऑन प्राइम में इस गुमनाम हीरो की कहानी देखें।

## मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल करेंगे निर्देशन में डेब्यू




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का टीजर रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। कुणाल खेमू ने इंस्टाग्राम पर टीजर साझा किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मडगांव एक्सप्रेस के लिए तैयार हो जाइए, पागलपन की विविधता के माध्यम से एक जंगली यात्रा। मडगांव एक्सप्रेस ट्रेलर 5 मार्च को आएगा। देखते रहिए। मडगांव एक्सप्रेस में नोरा फतेही, उपेन्द्र लिमये और छाया कदम भी हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में बचपन के तीन दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### बाइक सवार छात्र ने राहगीर को मारी टक्कर, घायल

रूरा। वीरपुर नकसिया का हरिश्चंद्र शनिवार को पैदल मंदिर जा रहा था। तभी बाइक से परीक्षा देने जा रहा बोला निवादा का रोहित अनियंत्रित होकर हरिश्चंद्र से टकरा गया। डायल 112 के सिपाही ने घायल को सीएचसी भिजवाया और बाइक को थाने में खड़ा करा दिया। पुलिस को तहरीर का इंतजार है।

### गुमशुदगी दर्ज कराई

रूरा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि वह अपने निजी कार्य हेतु घर से बाहर गया हुआ था। घर के अन्य परिजन अपने कार्यों में लगे हुए थे। शनिवार को जब वह घर वापस आया तो बहन के घर में न दिखाने पर उसने परिजनों से जानकारी ली। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। काफी खोजबीन पर भी कोई सुराग न लगने पर पुलिस को जानकारी दी। थानाध्यक्ष देवनारायण ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज की गई है।

# पर्यावरण की फर्जी टीम का भंड़ाफोड़, पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- नबीपुर में कबाड़ी से की थी वसूली, गजनेर रोड से पुलिस ने दबोचा
- पांचों कानपुर नगर के रहने वाले, गाड़ी के साथ आईकार्ड, कैश मिला

**अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली पुलिस और सर्विलांस की टीम ने संयुक्त रूप से जनपद में पर्यावरण विभाग की फर्जी टीम बनाकर लोगों से अवैध उगाही करने वाले पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बोलेरो गाड़ी, रजिस्टर, आईकार्ड, मोबाइल, नकदी के साथ अन्य सामान बरामद हुआ है।

एडीजी कानपुर जोन आलोक कुमार सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में अकबरपुर कोतवाली पुलिस व सर्विलांस टीम शुक्रवार को गजनेर रोड के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने एक बोलेरो गाड़ी को रोका। पता चला था कि पर्यावरण विभाग की टीम बताकर कुछ लोग नबीपुर के मो. शरीफ की कबाड़ की दुकान में पैसों की रसीद काटने और वसूली करने के बाद गजनेर की तरफ से बोलेरो से आ रहे हैं।

पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को रोककर उसमें बैठे पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मनोज कुमार निवासी मकसूदाबाद थाना बिठूर जनपद कानपुर नगर, जितेंद्र सिंह सेंगर निवासी मकान नंबर 105 मिरजापुर थाना कल्याणपुर कानपुर नगर, गंगाराम निवासी एच-554 सत्यम विहार आवास विकास कालोनी एक केशवपुरम थाना कल्याणपुर कानपुर नगर, अतुल कुमार श्रीवास्तव निवासी 116/242 प्लाट नंबर 256 गणेश नगर रावतपुर कानपुर नगर व नरेंद्र कुमार निवासी 116/242 प्लाट नंबर 256 गणेश नगर रावतपुर बताया। पूछताछ में फर्जी टीम का खुलासा होने के बाद पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस हिरासत में फर्जी पर्यावरण विभाग की टीम के शातिर। अमृत विचार

### चार रजिस्टर और फर्जी आई कार्ड मिले

अकबरपुर सीओ तनु उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से चार रजिस्टर, तीन आई कार्ड, दो आधार कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, तीन पैन कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, सात मोबाइल और 9240 रुपये बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पांचों अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सभी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

### ग्रीन हर्बल हेल्थ सेंटर का कर्मचारी बताते थे आरोपी

पुलिस की पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग मनोज कुमार के साथ काम करते हैं, जो उन लोगों को प्रतिदिन के हिसाब से पैसा देता है। वह अपने आपको पर्यावरण विभाग कार्यालय ग्रीन हर्बल हेल्थ सेंटर योजना उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ की समिति का कोआर्डिनेटर बताता था। आरोपियों ने 20 फरवरी को नबीपुर के पास एक कबाड़ी की दुकान में 23,600 रुपये की रसीद काटी थी। इसके अलावा वह जनपद में कई दुकानों पर पर्यावरण विभाग के नाम पर रसीद काटकर भय में डालकर वसूली कर धोखाधड़ी करते थे।

# तेज हवा के साथ बरसात, खेत पर गिरा गेहूं, सरसों की फसल भीगी

## शुक्रवार देर शाम शुरू हुई बारिश शनिवार को भी दिन भर रुक-रुककर होती रही



तेज हवा के साथ बारिश से राजपुर क्षेत्र में खेत पर गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार



बारिश के चलते खेत में कटी सरसों की फसल बटोरता किसान। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- पूरे दिन 2.4 एमएम बारिश हुई रिकार्ड
- आज भी बारिश-ओलावृष्टि की संभावना

**अमृत विचार।** बेमौसम बारिश ने एक बार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेरना शुरू कर दिया है। शुक्रवार रात को रिमझिम बौछार से शुरू हुई तो शनिवार को पूरे दिन भर तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर बारिश होती रही। ऐसे में कई जगहों पर खेत में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई। जबकि खेत में कटे पड़ी सरसों भीग गई। जिसे किसान समेटते नजर आए। मौसम विभाग ने आज भी बारिश व ओलावृष्टि की संभावना जताई है। पूरे दिन 2.4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई।

मौसम का अचानक रुख बदलने से शुक्रवार देर शाम रिमझिम बारिश शुरू हो गई। शनिवार को दिन की शुरुआत बारिश के बीच हुई। दिन भर धूप और बादलों के बीच आंख मिचौली का खेल चला। अकबरपुर समेत राजपुर, मूसानगर, पुखरायां, रनियां आदि क्षेत्रों में देर शाम तक रुक-रुककर बारिश होती रही। वहीं बेमौसम बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। तेज हवाओं के चलते लहलहा रही गेहूं की फसल खेतों में ही बिछ गई। वहीं खेतों पर कटे पड़े सरसों के गट्ठर भीग गए। ऐसे में किसान बारिश के बीच कटी फसल समेटते दिखाई दिए।

किसानों का कहना है कि इस समय सरसों की फली पक चुकी है और यह कटाई भी शुरू हो चुकी है। बारिश होने से खेतों में पानी भर गया है। जिससे कटी फसल खराब हो सकती है। कुछ खेतों में अभी भी मटर की फसल है। जिनको पानी की आवश्यकता नहीं है। वहीं बारिश के चलते जगह-जगह कीचड़ की समस्या बन गई। दूसरी तरफ बारिश के चलते यूपी बोर्ड की परीक्षा देकर लौट रहे परीक्षार्थियों को भी दिक्कत उठानी पड़ी।

शनिवार को अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कानपुर सीएसए के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन बादल छाए रहेंगे। रविवार को भी तेज हवाओं, गरज-चमक के साथ बारिश व ओलावृष्टि होने की संभावना है। ओलावृष्टि की संभावना से किसान चिंतित हैं।

### फसल नुकसान की टोल फ्री नंबर पर दें सूचना

कानपुर देहात। जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत गेहूं, चना, राई, मटर एवं मसूर आदि फसलें ग्राम पंचायत स्तर पर अधिसूचित हैं। ऐसे में किसान असमय ओलावृष्टि, बारिश आदि से हुई फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के अंदर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए नामित बीमा कंपनी एचडीएफसी ईर्गो लिमिटेड के टोल फ्री नंबर 18002005142 या फसल बीमा कंपनी के जनपद प्रतिनिधि मनीष कुमार के मोबाइल नंबर 8303300845 पर लिखित सूचना दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान अपनी बैंक शाखा व कार्यालय माती विकास भवन में भी लिखित रूप से सूचना दे सकते हैं।



बारिश में भीगते हुए जाते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### सरसों की मड़ाई पर भी मंडराया संकट

जिले में शुक्रवार देर शाम से शुरू हुई बारिश शनिवार को भी पूरे दिन रुक-रुककर होती रही। ऐसे में अगर और तेज बारिश होती है तो सरसों की थ्रेसिंग का काम प्रभावित हो जाएगा। इसी के चलते किसान दिन रात सरसों की फसल को काटकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में जुटे हुए हैं।



बेमौसम बारिश से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। खेतों में लहलहा रही गेहूं की फसल बिछ गई है। वहीं खेतों पर कटे पडे.सरसों के गटठर भीग गए हैं। पानी भरने से कटी फसल खराब हो सकती है। जिससे नुकसान होगा।

-शरीफ, किसान राजपुर



बेमौसम बारिश से दस बीघा खेत पर कटी सरसों के गटठर भीग गए हैं। ऐसे में सरसों का दाना सड़ जाएगा। पूरे दिन हुई बारिश से गेहूं की फसल खेत पर बिछ गई है। ऐसे में गेहूं के दाने में चमक फीकी होगी।

-बाबू जी सिंह किसान राजपुर



गेहूं की बालियों में दाना पड़ गया है। ऐसे में तेज हवाओं के साथ बारिश होने से गेहूं की फसल खेत में ही गिर गई है। जिससे दाना खराब होगा। अगर और बारिश हुई तो फसल के सड़ने की भी संभावना है।

-नितेश त्रिवेदी किसान राजपुर



हवाओं के साथ बारिश फसलों के लिए नुकसान दायक है। आलू की फसल में पानी भरने से सड़न पैदा होगा। यह बारिश कई जगहों पर खड़ी मटर फसल के लिए भी घातक है। ज्यादा बारिश हुई तो लागत तक निकालना मुश्किल होगा।

-रमेश तिवारी किसान राजपुर

# भाजपा ने सुझाव पेटिकाएं लांच की

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** आज हम भाजपा के संकल्प पत्र सुझाव अभियान की सुझाव पेटिकाएं लांच कर रहे हैं। इन पेटिकाओं में आम जनता सुझाव पत्र भरकर डाल सकती है। यह बात शनिवार को माती भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने कही।

अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी अकेली पार्टी है, जो अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र मान कर काम करती है। पिछले सभी चुनावों में जनता से किए गए सभी वादे पूरे किए गए हैं। चाहें वह राम मंदिर, अनुच्छेद 370 हटाने या फिर ट्रिपल तलाक को रोकने का कानून हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के माध्यम से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर सुझाव और समर्थन के लिए अभियान चलाया जाएगा। वीडियो वैन रथ के माध्यम से जनता से संवाद तथा विकसित भारत मोदी की गारंटी सुझाव पेटिका में जनता के सुझावों को एकत्र किया जाएगा, जो भाजपा के संकल्प पत्र का आधार बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की कार्य योजना तैयार करेंगे।

वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश शुक्ला ने कहा कि वीडियो वैन के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद होगा और उनके सुझावों को समावेशित किया जाएगा इसके साथ ही व्हाट्सएप, ट्विटर, वॉइस मैसेज, आईवीआर के माध्यम से भी सुझाव एकत्र किए जाएंगे, जो भाजपा के संकल्प पत्र को स्वरूप प्रदान करेंगे। डिजिटल माध्यम से भी लोग कॉल रिकॉर्ड कर अपने सुझाव पहुंचा सकते हैं। यहां लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी, विनोद तिवारी, शिव विलास मिश्रा, आशीष दीक्षित रहे।




सुझाव पेटिकाएं लांच करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला।

# शिक्षामित्रों की लग सकती है ड्यूटी

**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव में इस बार शिक्षामित्र व अनुदेशकों की भी ड्यूटी लग सकती है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष शुक्ला ने इस बावत जिला निर्वाचन अधिकारियों से सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। आदेश के बाद जिला प्रशासन ने शिक्षा विभाग से इनका ब्योरा मांगा है। जिले के प्राथमिक विद्यालयों में 1746 शिक्षामित्र एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 200 अनुदेशक कार्यरत हैं। प्रशासन ने चुनाव के दौरान कर्मचारियों की कमीं को मद्देनजर इन सभी को चुनावी मैदान में उतारने का मन बना लिया है। बीएसए कार्यालय से इन सभी कर्मचारियों का ब्योरा भी मांग लिया गया है। चुनाव में अनुदेशकों एवं शिक्षामित्रों की ड्यूटी लगाने की तैयारी पहली बार की जा रही है।

# जिले के परिषदीय स्कूलों को मिली 12.37 लाख रुपये टीएलएम राशि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- बच्चों में सीखने की ललक पैदा करेगी टीएलएम

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के नौनिहालों के पठन-पाठन में टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) सीखने की ललक पैदा करेगा। इसके लिए शासन ने छात्र संख्या के हिसाब से 12.37 लाख रुपये की टीएलएम की ग्रांट जारी कर दी है।

परिषदीय स्कूलों के बच्चे टीएलएम बनाने का काम करेंगे। अगर कोई कठिन टीएलएम है तो उसमे शिक्षकों का सहयोग लिया जाएगा। स्कूल के शिक्षक बच्चों को कच्चा माल उपलब्ध कराने का काम करेंगे। इसके लिए प्रत्येक बच्चे के हिसाब से स्कूल प्रबंध समिति के खाते में लिमिट जारी की गई है। इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया गया है। स्कूलों में पठन-पाठन को रोचक बनाने में टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) का अलग योगदान है।

टीएलएम से पढ़ाए गए सिलेबस को बच्चों की समझ में आसानी से आ जाता है। जबकि अन्य विधियों से पढ़ाई रोचकपूर्ण नहीं रहती है। क्लास में बच्चों को टीएलएम से आसानी से समझाया जा रहा है। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने नजर आ रहे हैं। जनपद के 1925 परिषदीय स्कूल हैं। जिसमें टीएलएम बनाने के लिए प्राथमिक विद्यालय में 20 रुपये और उच्च प्राथमिक विद्यालय में 15 रुपये प्रति बच्चे के हिसाब से स्कूल प्रबंध समिति के खाते में 12 लाख 37 हजार 500 रुपये की लिमिट जारी की गई है, जो टीएलएम बनाने के काम में लाई जाएगी। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि प्रत्येक स्कूल के बच्चों को टीएलएम बनाने के लिए धनराशि मिलेगी। टीएलएम से पढ़ाई आसानी से समझ में आती है। बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार नजर आता है।

**तहसील समाधान दिवस** — जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने रसूलाबाद तहसील में फरियादियों की सुनीं समस्याएं

# 65 शिकायतों में से सिर्फ तीन का हो सका समाधान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** रसूलाबाद तहसील में डीएम व एसपी ने जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान कुल 65 शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। वहीं अन्य पांच तहसीलों में भी अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना।

शनिवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने तहसील रसूलाबाद में लोगों की समस्याओं को सुना। डीएम ने कहा कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजस्व की सर्वाधिक 40, पुलिस सात, विकास तीन, विद्युत चार, आपूर्ति पांच, समाज कल्याण की तीन समेत कुल 65 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

डीएम ने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर व मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत निस्तारण कराकर आख्या से जिला प्रशासन को अवगत कराने के भी निर्देश दिए। बाद में डीएम ने तहसील परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों को देखा और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने के निर्देश दिए।

इस मौके पर एसडीएम नीलमा यादव, सीओ राजीव सिरोही, तहसीलदार सुभाष चंद्र यादव, वन क्षेत्रीय अधिकारी एसएन सिंह, खंड विकास अधिकारी धनप्राप्त यादव, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि मौजूद रहे। इसी तरह सिकंदरा तहसील में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें मौके पर आठ शिकायतों का निस्तारण किया गया।




फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

### समाधान दिवस में बारिश का भी असर

शनिवार को मौसम खराब होने के कारण दिन भर रिमझिम बारिश होती रही। जिसके चलते शिकायतों की संख्या बहुत कम नजर आई। तहसील में आने वाली शिकायतों में अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग के संबंधित रहीं। दोनों पैरों से दिव्यांग धरमपुर निवासी अक्षय कुमार ने सीडीओ से गुहार लगाते हुए कहा कि वह दो साल से आवास के लिए ब्लॉक के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अभी तक उसे आवास नहीं दिया गया है। सीडीओ ने बीडीओ संदलपुर को जांच कर आवास देने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकार सिकंदरा प्रिया सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# थाने पहुंचा राजपुर के सभासदों का विवाद

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** राजपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष व सभासदों का विवाद पुलिस तक पहुंच गया है। मामले में दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। वहीं ईओ ने विवादित मामले में वार्ता कर हल निकालने की बात कही है।

राजपुर नगर पंचायत के प्रताप नगर वार्ड की सभासद संतोषी देवी के पुत्र व सभासद प्रतिनिधि अर्जुन सिंह ने शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 28 फरवरी को राजपुर नगर पंचायत में बोर्ड की बैठक हुई थी। जिसमें विकास कार्य न होने पर नौ सभासदों ने बैठक का बहिष्कार किया था। इस बात से खफा अध्यक्ष ने गुरुवार को उन्हें कर कार्यालय बुलाया और कार्रवाई में हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर कार्यालय में मौजूद कुछ लोगों ने बदसलूकी करते हुए मारपीट की। एक और सभासद को धमकाया जा रहा है। उन्होंने मामले में डीएम व एसपी से कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष अजय पाठक ने बताया कि दोनों पक्षों से मारपीट की तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है। वहीं ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि बोर्ड बैठक में नौ सभासद नहीं पहुंचे थे। उसके बाद कुछ सभासद प्रतिनिधि दूसरे सभासदों पर बदसलूकी का आरोप लगा रहे हैं।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# आर-वॉलेट से टिकट बुकिंग कर समय-पैसा दोनों बचाएं

रविवार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


एप से टिकट बुक करते यात्री। अमृत विचार

- डिजिटलीकरण की तरफ रेलवे, वॉलेट से बुकिंग पर तीन प्रतिशत का लाभ
- यात्रियों को पसंद आ रही नई व्यवस्था, यूटीएस एप डाउनलोड कर रहे लोग

**अमृत विचार।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे लगातार डिजिटलीकरण की तरफ बढ़ रहा है। नई व्यवस्था के तहत आर-वॉलेट से टिकट बुकिंग पर यात्रियों को किराए में तीन प्रतिशत की बचत होती है। लाभ और सहूलियत के कारण यात्रियों को यह स्कीम पसंद आ रही है। यात्री यूटीएस एप डाउनलोड कर रेलवे कर्मियों से इस व्यवस्था के बारे में समझ रहे हैं।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक रेलवे (एसीएम) संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रेल यात्रियों का समय न बर्बाद हो और उन्हें बेहतर सुविधा मिले। इसी मकसद से आर-वॉलेट से टिकट बुक करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। सेंट्रल स्टेशन पर इस व्यवस्था को काफी पसंद किया जा रहा है। यूटीएस एप के माध्यम से आर-वॉलेट से टिकट बुकिंग पर यात्रियों को किराए में तीन प्रतिशत की बचत होती है। सेंट्रल स्टेशन के साथ संपूर्ण मंडल और स्टेशनों पर यह प्रक्रिया चालू है, जिसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सेंट्रल पर एक टीम का गठन किया गया है। टीम के सदस्य इच्छुक यात्रियों को एप लोड कराकर इसकी पूरी जानकारी देती है। उन्होंने बताया वॉलेट से पैसों की बचत के साथ समय की बर्बादी भी नहीं होती है। टिकट लेने के लिए यात्रियों को लंबी लाइन में नहीं खड़ा होना पड़ता है।

### ऐसे करें आर-वॉलेट से टिकट बुक

यूटीएस एप लोड कर आर-वॉलेट के माध्यम से टिकट बुकिंग के लिए यात्री अपनी यात्रा का विवरण चुने, इसके बाद आर-वॉलेट से भुगतान के मोड का चयन करें। एप्लिकेशन में आर-वॉलेट खाते के साथ पंजीकृत मोबाइल नंबर दर्ज करने का आप्शन आएगा। मोबाइल नंबर सत्यापित होने के बाद ओटीपी प्राप्त होगी। ओटीपी सत्यापन के बाद यात्री के आर-वॉलेट खाते से धनराशि का भुगतान हो जाएगा और टिकट प्रिंट हो जाएगा। वॉलेट से टिकट बुक करने के बाद यदि यात्री टिकट रद करता है तो धनराशि उसके वॉलेट खाते में आ जाएगी। इस वॉलेट से यात्रा टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, टिकट का नवीनीकरण बगैर रेलवे काउंटर पर लाइन लगाए प्राप्त किया जा सकता है।

### 200-300 यात्री लोड कर रहे एप

मंडल के स्टेशनों पर वाणिज्य विभाग के कर्मचारी यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल के बारे में यात्रियों को प्रतिदिन जागरूक कर रहे हैं। करीब 300 यात्री प्रतिदिन सेंट्रल पर एप लोड करके अपना टिकट भी बुक करते हैं। एसीएम रेल ने बताया कि काम के सिलसिले में ज्यादा यात्रा करने वाले लोगों के लिए यह एप काफी बेहतर है। स्टेशन पर आधा घंटा पहले पहुंचकर टिकट बुक कराने के लिए माथापच्ची नहीं करनी पड़ेगी। इस नई व्यवस्था से ट्रेन पर सफर करने वालों को खासी सहूलियत मिलेगी।

# हैट्रिक को तैयार भोले के सामने राजाराम पाल

विशेष संवाददाता, अमृत विचार


आनन्देश्वर मंदिर में पूजा करते भोले।

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने दो बार के सांसद देवेंद्र सिंह भोले पर फिर दांव लगाया है। भोले 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करके केंद्रीय नेतृत्व के विश्वास पर खरे उतर चुके हैं। हालांकि भोले का टिकट बदलने को लेकर राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गरम था, लेकिन उन्हें विश्वास था कि पार्टी उनकी परफॉरमेंस देखते हुए एक बार फिर टिकट दे सकती है। भोले के टिकट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी अनुशंसा बतायी जाती है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में महाराजपुर, बिठूर, रनिया, घाटमपुर और कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें चार सीटों पर भाजपा विधायक हैं तो घाटमपुर से भाजपा समर्थित अपनादल की विधायक सरोज कुरील हैं। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव का रिजल्ट देखें तो भाजपा के लिए यह सीट बहुत आसान है पर अबकी सपा-कांग्रेस से पूर्व सांसद राजाराम पाल को टिकट देकर अखिलेश यादव ने चुनौती देने का प्रयास किया है। भाजपा के ठाकुर प्रत्याशी के मुकाबले अखिलेश ने पीडीए फार्मूले के तहत पिछड़ी जाति के राजाराम पाल को मैदान में उतारा है। लेकिन मोदी मैजिक और राम मंदिर निर्माण की बयार एक बार फिर भोले को लोकसभा पहुंचा सकती है। राजाराम पाल इस सीट से बसपा और कांग्रेस के टिकट पर सांसद भी रह चुके हैं।

अकबरपुर सीट से अब तक बसपा का प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। भाजपा के लोगों का कहना है कि बसपा प्रत्याशी आने के बाद भाजपा की लड़ाई काफी आसान हो जाएगी। 2019 के चुनाव में भोले ने सपा-बसपा की निशा सचान को पौने तीन लाख वोटों से पराजित किया था। 2014 के चुनाव में भोले ने बसपा के अनिल शुक्ला वारसी को 2.79 लाख से हराया था। वारसी की पत्नी प्रतिभा शुक्ला यूपी सरकार में मंत्री हैं। भोले और वारसी के बीच मनमुटाव जबरदस्त हैं। महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सतीश महाना से भी उनके राजनीतिक रिश्ते अच्छे नहीं बताए जाते हैं। मंडलीय समीक्षा के महाना के निर्णय की भोले ने खुलेआम आलोचना की थी।

### केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा पर फिर जताया भरोसा


भानु प्रताप वर्मा।

**कानपुर।** केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा पुन: जालौन-गरौठा संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार होंगे। दो बार से वह लगातार सांसद हैं। इससे पहले भी दो बार लोकसभा चुनाव जीत कर संसद पहुंच चुके हैं। इस बार आठवीं मर्तबा लोकसभा के चुनावी समर में होंगे। सबसे पहले भानु प्रताप वर्मा 1996 का लोकसभा चुनाव जीते थे। 1998 में आए अविश्वास प्रस्ताव में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गिर गई और मध्यावधि चुनाव हुआ। पार्टी ने भानु प्रताप वर्मा को फिर टिकट दिया और वे चुनाव जीत गए। लेकिन 1999 के चुनाव में किस्मत दगा दे गई थी वे बसपा उम्मीदवार ब्रजलाल खाबरी से हार गए। लेकिन 2004 लोकसभा चुनाव में भानु प्रताप फिर से भाजपा के टिकट पर जीते, पर वर्ष 2009 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था लेकिन 2014 में फिर जीते और 2019 के चुनाव में मिली जीत के बाद उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया। टिकट की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने आतिशबाजी और मिठाई का वितरण किया। केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने टिकट मिलने पर केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया है और विकास कार्यों व योजनाओं के दम पर पुन: जीत का दावा किया।

# आरटीई के प्रवेश देने में हीलाहवाली करने वाले 81 स्कूलों की निगरानी

## सोमवार से निजी स्कूलों में शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया, संवेदनशील स्कूलों की बनी सूची


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**410** निजी स्कूलों में दिलाया जाएगा प्रवेश

**4500** पहले चरण में दिलाए जाएंगे प्रवेश

**7700** कुल बच्चों को दिलाया जाना है प्रवेश

**11000** पहले चरण के लिए आए थे आवेदन




**अमृत विचार।** आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिए जाने के दौरान इस बार पहले से ही 81 स्कूलों को रडार पर रखा जा रहा है। यह वे स्कूल हैं जिन्होंने पिछले सत्र में प्रवेश को लेकर मनमानी की थी। यही वजह है कि विभाग ने इस बार पहले चरण से ही इन स्कूलों पर कड़ाई किए जाने के आदेश खंड शिक्षा अधिकारियों को दे दिए गए हैं। आरटीई के तहत सोमवार से निजी स्कूलों में पहले चरण के प्रवेश लिए जाने शुरू हो जाएंगे। इस बीच पहली मार्च से दूसरे चरण के आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

आरटीई के तहत इस बार अभिभावकों की ओर से आने वाली शिकायतों को देखते हुए पहले से ही निजी स्कूलों को चिन्हित किया गया है। ये वे स्कूल हैं जिनकी प्रवेश में मनमानी के चलते पिछले कई सत्रों में अभिभावकों ने शिकायतें की थीं। विभाग की ओर से बनाई गई संवेदनशील स्कूलों की सूची खंड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को प्रवेश के लिए पत्रों को भेजे जाने से लेकर सभी बच्चों का प्रवेश कराए जाने तक हर सप्ताह प्रगति समीक्षा करनी होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि शहर के ऐसे स्कूल जो पिछले कई सत्रों से प्रवेश में मनमानी कर रहे थे, इस बार उन पर शुरुआत से ही नजर रखी जाएगी। इन स्कूलों की शिकायत आने पर तुरंत ही निस्तारित कराया जाएगा। स्कूलों को लापरवाही करने का समय नहीं दिया जाएगा। उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सूची में शामिल प्रमुख स्कूल

सर पदमपत सिंहानिया स्कूल, केडीएमए, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, डीपीएस आजार नगर, शीलिंग हाउस पब्लिक स्कूल, हैडर्ड स्कूल, स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल, एस्कॉर्ट वर्ल्ड।

### प्रशासन ने भी बनाई कमेटी

आरटीई के तहत प्रवेश में निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने भी कमेटी बनाई है। यह कमेटी प्रवेश के लिए निजी स्कूलों पर शिकंजा कसने का काम करेगी। इस कमेटी में एडीएम सिटी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और सभी एसीएम को सदस्य बनाया गया है। यह निर्देश दिए जा चुके हैं कि पिछले शैक्षणिक सत्र की तरह इस बार निजी स्कूल किसी तरह की मनमानी नहीं बरत सकें।

# पिकअप लूटकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


पुलिस हिरासत में लूट के आरोपी।

**अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव के पास से पान मसाला लदे हुए पिकअप की लूट के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जबकि उनके पांच साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बारा गांव के पास 15 फरवरी की रात कानपुर से झांसी जा रहे गुटखा लदे पिकअप को बाइक सवार बदमाश लूट ले गए थे। डीआईजी जोगेंद्र कुमार व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने घटना स्थल का निरीक्षण कर खुलासा करने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को पुलिस ने लूटे गए माल के साथ सिकंदरा थाना क्षेत्र के गुरदही खुर्द निवासी शिवम, डेरापुर थाना क्षेत्र के अंतापुर निवासी राजपाल सिंह उर्फ लाला, मंगलपुर थाना क्षेत्र के आसलनापुर निवासी अंकित व उत्तम सिंह व सिकंदरा क्षेत्र के पटेल नगर निवासी प्रतीक चक को धर दबोचा था। उनके पास से लूटे गए 50 झाल गुटखा, 10 झाल तंबाकू और पिकअप के साथ दो बाइक भी बरामद की थी। तीन अभियुक्त फरार हो गए थे। शनिवार को अकबरपुर कोतवाली प्रभारी सतीष कुमार सिंह ने डेरापुर थाना क्षेत्र के अंतापुर निवासी रत्नेश चौहान, मंगलपुर थाना क्षेत्र के दीपक व असलनापुर मंगलपुर निवासी विशाल सिंह को दो अवैध देशी तमंचा, चार कारतूस व एक मोबाइल के साथ अकबरपुर क्षेत्र के बारा जोड़ पुल के पास झांसी हाइवे से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल ने बताया कि लूट में फरार चल रहे तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

# राजपुर की पीएचसी में सफाई व्यवस्था धड़ाम

संवाददाता, राजपुर


पीएचसी परिसर में फैली गंदगी।

**अमृत विचार।** राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कई दिनों से सफाई व्यवस्था चौपट पड़ी हुई है। परिसर से लेकर चिकित्सा प्रभारी के कार्यालय तक फेंके गए दोना, पत्तल व चाय की पॉलीथीन को बंदर चाटकर गंदगी फैला रहे है। जिससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी हो रही है।

राजपुर कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले कई दिनों से नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते स्वास्थ्य केंद्र परिसर से लेकर चिकित्सा प्रभारी कार्यालय तक गंदगी फैली रहती है। ऐसे में अस्पताल आने वाले मरीज गंदगी के कारण बिचकते नजर आ रहे हैं। जबकि तैनात सफाई कर्मी अस्पताल में बने आवास में रहता है। इसके बावजूद मनमानी जारी है।

यहां आने वाले मरीज व तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल में चिकित्सक लोगों को साफ-सफाई की तो पाठ पढ़ाते हैं। लेकिन उन्हीं की नाक के नीचे गंदगी फैली हुई है। जिसपर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जबकि अस्पताल में गंभीर बीमार, गर्भवती व छोटे बच्चे भी इलाज को आते हैं। गंदगी के चलते उनमे संक्रमण का खतरा रहता है। इस बावत चिकित्सा प्रभारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अस्पताल में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था कराई जाएगी।

# प्रभु राम का चरित्र बताता हिंदू धर्म: रामदेव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


कथा सुनाते आचार्य।

**अमृत विचार।** यदि कोई पूछे कि हिंदू धर्म क्या है तो केवल इतना बताइए कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का चरित्र पढ़ लो, बस जो राम ने किया वही हिंदू धर्म है। यह बात शनिवार को अकबरपुर क्षेत्र के गौरियापुर में श्रीराम जानकी आश्रम व संस्कृत विद्यालय परिसर में महंत देवनारायणदासजी के संयोजन में आयोजित पंचकुंडीय महायज्ञ में अयोध्या से आए संत रामदेव दास जी महाराज ने कही।

उन्होंने कहा कि राघवेंद्र सरकार हम सबके आराध्य हैं और सनातन हिंदू धर्म की अमूल्य निधि हैं। उन्होंने विश्व में मर्यादा की स्थापना की। नैमिषारण्य के संत स्वामी शंकारानंदजी ने सत्संग की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के इस कठिन समय में पग-पग पर कुसंग की चपेट में आने की आशंका बनी रहती है। इसलिए यदि जीवन को सत्यम-शिवम-सुंदरम के रास्ते पर ले जाना है तो केवल सत्संग उसका एकमात्र उपाय है। सत्संग से ही मनुष्य अपने जीवन में भौतिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार की उन्नति कर सकता है। जो व्यक्ति सत्संग से दूर रहता है। वह कुमार्ग के गर्त में पड़ जाता है। इसलिए सत्संग और तदनुसार आचरण करने की आवश्यकता है।

प्रवचन मंच से संगीतज्ञ प्रवक्ता पंडित सत्यमजी शुक्ला ने महाभारत में कर्ण चरित्र सुनाते हुए बताया कि महाभारत का कर्ण एक ऐसा पात्र है, जो अन्याय का साथ देते हुए भी महात्मा की श्रेणी में आता है। उसके जीवन के जो सिद्धांत थे। उन पर वह अंतिम सांस तक अटल रहा। भले ही उसने अन्याय और अधर्म का साथ दिया, लेकिन उसकी दानवीरता की प्रसिद्धि अनंत है। उसने अपनी मृत्यु को भी दांव पर रखकर अपनी दानशीलता का त्याग नहीं किया। मैथा से आए निवासी पंडित प्रमोद जी पांडेय ने शिशुपाल वध समेत पंडित राहुल मिश्रा, पंडित श्रीकांत जी ने भी कथा का रसपान कराया। मंच का संचालन संस्कृत विद्यालय गौरियापुर के प्रवक्ता डॉ. राजेश जी शुक्ला ने किया। यज्ञशाला से यज्ञाचार्य पंडित राज नारायण जी त्रिपाठी ने रोज की तरह सहयोगी आचार्यों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार करके हवन कुंड में आहुतियां डलवाई।

### प्रभु की प्राप्ति के लिए मोह का त्याग करना जरूरी


कथा सुनाते आचार्य।

कानपुर देहात। श्रीमद्भागवत भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार है। गोकर्ण ने भी अपने पिता आत्मदेव को श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उपदेश दिया था। यह प्रसंग आचार्य श्रीकांत त्रिवेदी ने सरंगाव बुजुर्ग के भग्लेश्वर धाम परिसर में श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन को गोकर्ण-धुंधकारी की कथा में सुनाया। उन्होंने बताया कि धुंधकारी के प्रेत योनि में चले जाने पर गोकर्ण ने दोबारा श्रीमद्भागवत कथा सुनाकर मुक्ति दिलाई थी। उपदेश दिया कि प्रभु को पाने के लिए देह आसक्ति छोड़नी होगी। शरीर और घर से मोह त्यागने वाला ही प्रभु को पा सकता है। इस संसार में सत्संग एक ऐसा ब्यूटी पार्लर है। जिसमें बैठने से वाणी में मधुरता, माथे पर शीतलता, हृदय में प्रसन्नता आती है। प्रतिदिन यदि भगवान का एक श्लोक का भी जो लोग स्मरण करते हैं। उनके जीवन में सदैव सुख शांति बनी रहती है। कार्यक्रम में कई भजनों का गायन कर लोगों को भक्ति भाव से आचार्य ने ओतप्रोत कर दिया। इस मौके पर परीक्षित राम जी दीक्षित, रतन दुबे, गोविंद कश्यप, अंतर लाल कमल, शिवा, अर्पित तिवारी, दिलीप गुप्ता, कपिल द्विवेदी, बब्बू सैनी, कल्लू गोस्वामी, लालचंद्र आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कोरारी वि0ख0- सरवनखेड़ा कानपुर देहात**

**निविदा सूचना**

मनरेगा योजना से प्राप्त धनराशि से निर्मित होने वाली परियोजनाओ पर मजदूरों को छोड़कर प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रतिस्पर्धात्मक दरों के निर्धारण हेतु सम्बन्धित सामग्री के उत्पादन क्रय / विक्रय हेतु करने वाली फर्मो से मुहर बन्द निविदा दिनाँक 02/03/2024 से 03/03/2024 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 03/03/2024 तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे निविदा बाक्स में दोपहर दो बजे तक डाली जायेगी अंतिम दिवस पर अपरांन्ह उसे 4 बजे तक के मध्य निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

कार्य एवं सामग्री का विवरण-

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत (लेबर सहित) |
|---|---|---|---|
| 01 | छुटकऊ के घर से श्याम सिंह के घर तक इण्टरलांकिग | सामग्री सीमेन्ट मौरंग ईट, रोड़ी तसला बालू. मिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट आदि। | 4 लाख रूपये |
| 02 | विजयकरन के घर से भारत सिंह के घर तक इण्टरलांकिग | | 4 लाख रूपये |

नोट: आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की लागत की 10% धरोहरराशि के रूप में जमा करना होगा तथा निविदा मूल्य 500 नियत है तथा सामग्री की दरें मनरेगा के अनुमन्य दरों के आधार पर होगी।

ग्राम प्रधान ग्रा: वि. अधिकारी
ग्राम पंचायत कुरारी, विकास खण्ड सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**NOTICE**

Please inform that I am Aadesh Kumar, son of Jagdish Narayan Sharma, resident- I- 241, world bank Barra, District Kanpur Nagar. The important documents related to the registry of my house and the allotment letter and letter of my residence have actually been lost.

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं जन्मेजय बुधौलिया पिता का नाम विनोद कुमार तथा माता का नाम वंदना है। मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में माता पिता का यही नाम दर्ज है। मेरे इंटर के अंक पत्र में माता का नाम वंदना बुधौलिया पिता का नाम विनोद बुधौलिया कर दिया है। दोनो नाम मेरे माता पिता के है।माता का नाम वंदना पिता का नाम विनोद कुमार के नाम से जाना जाए। जन्मेजय बुधौलिया समदनगर महोबा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं SHAHZEB पुत्र SHER AFGAN निवासी-ग्राम बड़नपूर पो0-आलियाबाद, थाना-दरियाबाद, जि0-बाराबंकी,उ0प्र0 मैंने अपना नाम SHAHZEB से बदल कर SHAHZEB SHAIKH रख लिया हैं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र अभय तिवारी, पुत्रवधू श्रीमती रीतू तिवारी एवम् पुत्रियों श्रीमती पूजा मिश्रा पत्नी आशीष मिश्रा, श्रीमती राधा पाठक पत्नी अभिषेक पाठक, श्रीमती नेहा तिवारी पत्नी सन्दीप तिवारी, श्रीमती नीशू मिश्रा पत्नी अवधेश मिश्रा के कार्यकलापों व आचरण से दुखी होकर उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर रहा हूँ। आज से उनके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे बुरे काम की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। **अजय कुमार तिवारी पुत्र श्रीकान्त तिवारी निवासी 124/41 सी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे मुंशी व कामिल की मार्कशीट मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में मुंशी का रोल न. 841/1998 व कामिल का रोल न. 3078/2006 है। वास्तव में कही खो गई है। **मो. सलीम पुत्र मेहंदी हसन, निवासी- बनबीर पुर, पो.- सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम लाल बहादुर पुत्र राजेंद्र सिंह है। यही नाम सही भी है, लेकिन मैने अपना नाम लाल बहादुर से बदलते हुए लाल बहादुर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह रख लिया है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है। ऐसे में मुझे लाल बहादुर सिंह के नाम से जाना और पहचाना जाए। **- लाल बहादुर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी- ग्राम गंगापुर कोतवाली मुर्तिहा, तहसील मिहीपुरवा/ मोतीपुर, बहराइच।**


मिलेगी सहूलियत | कोटेदारों की आर्थिक उन्नति के लिए 38 वस्तुओं की बिक्री होगी अनुमन्य

# जिले में 11 स्मार्ट मॉडल शॉप का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात


कोटेदारों को स्मार्ट शॉप की चाबी देते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री ने लखनऊ से खाद्य एवं रसद विभाग के द्वारा जनपद में नव निर्मित 11 स्मार्ट मॉडल शॉप का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उचित दर विक्रेताओं को स्मार्ट मॉडल शॉप की चाबी दी गई।

शनिवार को अकबरपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मड़वाई में आयोजित नवनिर्मित स्मार्ट मॉडल शॉप की दुकानों व नव स्थापित ई-पॉस वेडिंग मशीन का लोकार्पण के दौरान डीएसओ सुनील कुमार व खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों ने शासन द्वारा निर्मित कराई स्मार्ट मॉडल शॉप के प्रयोजन व महत्ता पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि ग्राम पंचायत में मॉडल शॉप का निर्माण होने से ग्रामीण जन को न केवल खाद्यान्न का वितरण उचित दर दुकान से होगा। भविष्य में जन सेवा केंद्र स्थापित होने के बाद ग्राम पंचायत में ही आयुष्मान कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, नए राशनकार्ड व राशन कार्डो में संशोधन आदि की ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। जिससे ग्रामीणों को उक्त कार्य के लिए ग्राम पंचायत से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। किसी कारणवश उचित दर दुकान का संबद्धीकरण किसी अन्य उचित दर विक्रेता से किया जाता है, तो उस स्थिति में भी खाद्यान्न का वितरण मॉडल शॉप से ही कराया जाएगा। शासन द्वारा उचित दर विक्रेताओं के आर्थिक उन्नयन के लिए एच्छिक रूप से 38 वस्तुओं की बिक्री अनुमन्य की गई है। जिसका स्मार्ट मॉडल शॉप से ही विक्रय कर उचित दर विक्रेता अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकता है। जनपद में इस माह स्थापित होने वाली नई ई-पॉस व वेइंग मशीन की कार्य प्रणाली व उसके लाभ के संबंध में ग्रामीण जन को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जिला सूचना कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई एलईडी वैन के माध्यम से लोक भवन लखनऊ से सीधा प्रसारण ग्रामीण जन को दिखाया गया।

# नींव मजबूत करना प्रशिक्षण का उद्देश्य

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- राजपुर बीआरसी में निपुण भारत मिशन के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अमृत विचार।** बीआरसी राजपुर में निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षकों का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अलावा सामाजिक भावनात्मक, लैंगिक समानता, भाषा हिंदी-अंग्रेजी, गणित में संख्यात्मक ज्ञान, लेशन प्लान, पाठ योजना, प्रस्तुतीकरण, आंकलन आदि विषयों पर जानकारी दी गई।

शनिवार को प्रशिक्षण में बच्चों को विषय आधारित गुणवत्तापूर्ण मनोरंजनात्मक शिक्षा देने पर जोर दिया गया। समापन समारोह में एआरपी अखिलेश कटियार ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने में यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने एनसीएफ 2022 के बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा की। केआरपी प्रदीप निरंजन ने 25 सप्ताह की भाषा तथा गणित की कार्ययोजना को समझाया। एआरपी सौरव ने निपुण बनाने के लिए नई तकनीकों से शिक्षकों को अवगत कराया। एआरपी कन्हैयालाल व एआरपी अजीत कटियार ने निपुण लक्ष्य की दैनिक कार्य योजना के बारे में बताया।

# बिजली से गिरी भट्टे की दीवार में दबकर दंपति की हुई मौत

## भट्टे में काम करते समय हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर


मोर्चरी हाउस के बाहर मृतक दंपति के रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ईंट भट्ठे में काम कर रहे दंपति के ऊपर दीवार गिरने से दबकर मौत हो गई। बता दें कि शनिवार को बिजली गिरने से भट्ठे की दीवार गिर गई, जिससे बड़ा हादसा हो गया। साथी मजदूरों ने दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं दो अन्य लोग भी गम्भीर रूप से घायल हो गए।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक अल्लीपुर गांव निवासी मुन्नी लाल व उसकी पत्नी राज कुमारी शाह कस्बे के पास काजीपुर स्थित एबी ईंट भट्ठे में काम करते थे। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह वह भट्ठे में काम कर रहे थे तभी मौसम खराब हो गया। अचानक भट्ठे की एक दीवार पर बिजली गिर गई, जिससे भट्ठे की एक दीवार भरभरा कर दंपत्ति के ऊपर ढह गई। यह देख साथी मजदूरों ने किसी तरह से दोनों को बाहर निकाला और हालत नाजुक देख दोनों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शवों को देख कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


इसी भट्ठे में हुई दर्दनाक घटना।

# आचार संहिता के संकेतों ने बढ़ाई विभागों की धड़कन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता कब लग जाए, फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन चुनाव अधिसूचना इस महीने में जारी हुई तो कई विभागों के टेंडर फंस जाएंगे। कई विभागों ने तो निविदाएं खोलने में जल्दबाजी करते हुए आनन-फानन वर्क आर्डर भी जारी कर दिए हैं। विकास कार्य कराने वाली संस्थाएं उपलब्ध धनराशि के टेंडर जारी करके काम शुरू कराने की जल्दी में उलझे हैं। पालिका एंव पंचायतों के साथ जलनिगम आदि सहित प्रमुख विभागों का यही हाल है।

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना भले ही अभी जारी नहीं की हो लेकिन सरकारी कामकाज को कराने वाली कार्यदायी संस्थाओं में बैठे अफसरों की धड़कनें बढ़ गई हैं। क्योंकि आचार संहिता यदि लागू हो गई तो फिर नया काम शुरू नहीं होगा। यही कारण है कि इनदिनों प्रमुख विभागों में अवशेष पड़ी धनराशि की खोज की जा रही है। नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मियों का जिम्मा संभालने वाली फर्म को तय करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही। जलकल के अलावा निर्माण विभाग के कई काम शुरू कराने की योजना भी है। राज्य वित्त, बोर्ड फंड, 15वें वित्त के तहत विभिन्न कार्यो को कराने के लिए निविदा आमन्त्रित कर दी गई हैं। अफसर कहते हैं कि सभी टेंडर खुलने के बाद जल्द काम होगा।

**अधिसूचना बाद नहीं हो सकेंगे नए काम**

आचार संहिता में सिर्फ जरूरी काम ही कराए जाने का प्रावधान होता है। जैसे किसी सड़क की मरम्मत तो कराई जा सकती है, लेकिन नई नहीं बनवाई जा सकती है। कोई भी ऐसा विकास कार्य नहीं कराया जा सकता, जिसमें सरकार की घोषणा झलक रही हो। अब मार्च में सहिंता लगने से कार्य प्रभवित न हो, इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कराने की योजना है।

# पैसे के लेनदेन में भाई ने भाई को किया घायल

**असोथर फतेहपुर।** नगर पंचायत के एक मोहल्ले में पैसे के लेनदेन को लेकर दो भाइयों में मारपीट हो गई। जिसमें एक भाई घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए पीएचसी भेजा।

थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत के बौंडर निवासी अमित रैदास पुत्र छेदी लाल ने बताया कि बड़े भाई रामबाबू ने मुझसे मेरे मजदूरी के पैसे मांगे। जिस पर मैंने मना किया तो भाई रामबाबू ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिससे मेरे सिर और हाथ में गंभीर चोटे आई हैं।

भाई परिवार से अलग रहता है। फिर भी मुझसे मेरे कमाए हुए आए दिन पैसे मांगता है। न देने पर मारपीट में उतारू हो जाता है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने कहा कि तहरीर मिली है। घायल को इलाज के लिए पीएचसी असोथर भेजा गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।


कानपुर में युग दधीचि सम्मान देते पूर्व प्राचार्य डॉ एसके कटियार एवं नीलिमा कटियार।

# दोआबा के देहदानी के परिजनों को मिला युग दधीचि सम्मान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** महर्षि दधीचि की पावन परंपरा में अपनी देह राष्ट्रहित में समर्पित करने वाले महामानवों को युग दधीचि सम्मान से विभूषित किया गया।

कानपुर के मेडिकल कालेज में युग दधीचि अभियान के बैनर तले श्रद्धांजलि एवं युग दधीचि सम्मान समर्पित किया गया। सभा का प्रारंभ कैप्टन जगत वीर सिंह द्रोण ने सभी देहदानियों को शब्द श्रद्धांजलि देते हुए किया। मुख्य वक्ता मेडिकल कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर एसके कटियार ने कहा कि उन्होंने इस अभियान को प्रारंभ होते देखा है और आज यह जिस उंचाई पर है है। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासिचव विनोद कुमार गुप्ता के पिता स्व. देवेंद्र प्रकाश गुप्ता का देहदान 24 फरवरी को हुआ था। समारोह में फरवरी माह में दिवंगत हुये 6 देहदानियों के परिजनों को माला एवं अंग वस्त्रम समर्पित किए गए। विशिष्ट अतिथि डा. प्रदीप दीक्षित एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नीलिमा कटियार ने सभी को सम्मान पत्र से विभूषित किया। महासचिव विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि युग दधीचि सम्मान पाकर मेरे पूज्य पिता जी धन्य हो गये और हम सभी परिवार के लोग अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंनेकहा कि इस देहदान अभियान में अधिक से अधिक लोग जुड़े।

# मिनी सचिवालयों में ग्रामीणों को नहीं मिल रही सेवा

संवाददाता, थरियांव फतेहपुर

- पंचायत भवनों में लटकता रहता है ताला
- ग्रामीणों को लगाने पड़ रहे जिला मुख्यालय के चक्कर



बदहाली की दांस्ता बयां करता मिनी सचिवालय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हसवां विकास खंड के ग्राम पंचायत सरायं मोहन सलेमपुर में बने लाखों का पंचायत भवन यानि मिनी सचिवालय में ताला लटकता नजर आ रहा है। सरकार का इतना पैसा खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। जब कोई ग्रामीण काम के लिए जाता है तो ताला लटकता देख वापस उदास हो कर घर लौट आता है। सुविधा न मिलने के कारण जन सेवा केंद्र या तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

इस पंचायत भवन में पंचायत सहायक सलमान की नियुक्ति होने के वजूद ग्रामीणों को दरबदर भटकते नजर आते रहते हैं। पंचायत भवन रोजाना न खुलने की एक वजह यह भी है कि पंचायत सहायक प्रधान का रिस्तेदार है। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश थे कि पंचायत सहायक की भर्ती में प्रधान का न कोई परिवार या रिश्तेदार न हो। बावजूद इसके जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि महीने में दो से तीन बार खुलता है, लेकिन जब खुलता है जब कोई मीटिंग होना हो या कोई अधिकारी आना हो। ग्रामीणों ने भी बताया है कि प्रधान अबरार मोहम्मद पंचायत भवन का सारा समान जैसे कंप्यूटर व अन्य समान अपने घर में ले कर रख लिया है और निजी कार्य करता है।

**क्या बोले पंचायत सचिव**

इस संबंध में पंचायत सचिव अरुण कुमार का कहना रहा कि किसी अन्य कार्य में पंचायत सहायक बिजी होने के कारण पंचायत भवन नहीं खोला होगा।

# मारपीट कर छीने दो लाख, मुकदमा

**फतेहपुर।** थाना राधानगर क्षेत्र निवासी रामभवन पासी ने बताया कि वह पिकअप चलाते हैं। 20 दिसंबर 2023 को वह पिकअप में सुअर लादकर कौशांबी बेचने गए थे। वहां 2.10 लाख रुपये के सुअर बेचे। लौटते समय रास्ते में खागा थाना क्षेत्र में कटोबन टोल प्लाजा के पास अखिलेश सिंह निवासी कटोघन, संजीत निवासी ग्राम बशियारीपुर थाना खागा और रामचन्द्र ग्राम संसारपुर थाना खागा ने खागा बाईपास पर पिकअप रोक ली। गाली गलौज करते हुए जातिसूचक शब्द कहते हुए मारपीट कर 2.10 लाख रुपये छीन लिए।

# जुआं खिलवाने वाला सिपाही लाइन हाजिर

संवाददाता, असोथर फतेहपुर



- बीहड़ क्षेत्र में सिपाही लगवाता था जुएं की फड़
- क्षेत्राधिकारी की जांच में मिली सत्यता तो हुआ लाइन हाजिर

**अमृत विचार।** थाने के सरकंडी क्षेत्र के बीहड़ों में जुएं की फड़ में लंबे समय से संलिप्त एक सिपाही को लाइन हाजिर किया गया है।

थाना क्षेत्र के सरकंडी चौकी में लंबे समय से कांस्टेबल गयूर अब्बास की तैनाती थी। सूत्रों के अनुसार बीहड़ क्षेत्र में संचालित जुएं की फड़ में सिपाही संलिप्त पाया गया है। जिस पर जांचकर्ता क्षेत्राधिकारी थरियांव ने एसपी उदय शंकर सिंह को रिपोर्ट में सिपाही की संलिप्तता की रिपोर्ट पेश किया। जिस पर एसपी उदय शंकर सिंह ने सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया है। सूत्रों के अनुसार नगर पंचायत का लड़का जुएं में अपनी मोटर साइकिल सरकंडी चौकी के मैकुआपुर में एक व्यक्ति के पास रखकर मिली रकम को जुएं में हार गया था। जिसपर बीहड़ में सज रही जुएं की फड़ समाचार पत्र में प्रकाशित हुईं।

जिस पर पुलिस की जमकर किरकिरी हुई थी। खबर को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्राधिकारी थरियांव ने स्थानीय पुलिस को फटकार लगाते हुए कार्रवाई के आदेश दिए थे। जिस पर स्थानीय पुलिस ने दो जुआरियों को पकड़कर मुचलके पर छोड़ कर खानापूर्ति कर लिया था। क्षेत्राधिकारी थरियांव ने जांच पड़ताल में सरकंडी चौकी में लंबे समय से तैनात सिपाही की संलिप्तता पाई और एसपी को रिपोर्ट सौंपी। जिस पर एसपी उदय शंकर सिंह ने सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया।

# दूसरे की जमीन से लिया 7.79 लाख का कर्ज

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- तत्कालीन बैंक प्रबंधक समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा

**अमृत विचार।** किसान की जमीन बंधक रखकर उसी नाम के एक किसान ने दो बैंको से 7 लाख 79 हजार का लोन ले लिया।पुलिस ने तत्कालीन बैंक प्रबंधक समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चांदपुर थाना क्षेत्र के बबई गांव निवासी रमेश चंद्र काछी ने बताया कि गांव में गाटा संख्या 987 में वह दाखिल काबिज है। गांव के रहने वाले उसी नाम के रमेश चंद्र कुर्मी ने बैंक कर्मियों से साठगांठ कर उसकी जमीन को बंधक बनाकर भारतीय स्टेट बैंक खजुहा से 3 लाख 30 हजार और पंजाब नेशनल बैंक बिन्दकी से 4 लाख 49 हजार रुपया लोन ले लिया। खतौनी निकालने पर उसे मामले की जानकारी हुई। पीड़ित ने मामले की शिकायत बैंक प्रबंधक और पुलिस से की। कोई कार्रवाई न होने पर वह रमेश चंद्र कुर्मी के घर पहुंचा और उसकी जमीन में लोन लेने के विषय में पूछा तो आरोपी गाली गलौज कर भगा दिया। पीड़ित ने इसके बाद मामले की शिकायत एसपी से की कोई कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोतवाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन बैंक प्रबंधक और बैंक कर्मियों समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बकाया पैसा मांगने पर राजमिस्त्री को पीटा

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम उमरकोला खुर्मानगर में बकाया पैसा मांगने पर युवक को कुछ लोगों ने बुरी तरह पीट दिया। खुर्मानगर निवासी सियाराम रैदास का पुत्र बृजेंद्र कुमार राजमिस्त्री है। जो गांव के ही शैलेंद्र मिश्रा के घर का निर्माण कर रहा है। बताते हैं कि उसका 4200 रूपया बकाया था। पैसा मांगने पर उसके साथ गाली-गलौज किया और मारने की धमकी दी।

# गेहूं की निकल रही बाली, केंद्रों में किसानों का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- समर्थन मूल्य पर खरीदारी के लिए हो रही फिलहाल कवायद
- अप्रैल के बजाए एक मार्च से ही गेहूं की खरीद के हुए आदेश

**अमृत विचार।** सरकार की ओर से घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं की खरीद के लिए खरीद केन्द्र खोल दिए गए हैं। बीते दिन शुक्रवार से जिले में 42 खरीद केन्द्र खुल गए हैं। हालांकि अभी पहले दिन इन केन्द्रों पर एक भी किसान नहीं पहुंचा। कारण यह है कि अभी गेहूं पककर तैयार नहीं हो पाया है। ऐसी संभावना है कि अप्रैल का महीना आधा बीत जाने के बाद ही केन्द्रों पर गेहूं आएगा।

हालांकि पिछले वर्ष गेहूं खरीद एक अप्रैल से शुरू हुई थी। इस साल एक माह पहले खरीद शुरू कर दी गई है। अभी गेहूं की फसल पककर तैयार नहीं हुई है लेकिन सरकार ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इसमें 150 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा हुआ है। पिछले वर्ष इसकी दर 2125 रुपये प्रति क्विंटल थी।

किसानों को अपना गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। केंद्रों पर इसकी सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। जनसुविधा केंद्र, साइबर कैफे या अपने मोबाइल फोन के माध्यम से भी खाद्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। गेहूं की बिक्री के लिए ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। बिक्री के समय क्रय केंद्रों पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य का विवरण व आधार नंबर अवश्य फीड कराएं। गेहूं खरीद में किसानों से खरीद के साथ-साथ बटाईदारों को भी खरीद की सुविधा मिलेगी।

**मौसम की मार** घर-घर खांसी जुकाम और बुखार के बढ़े मरीज, अस्पतालों व डॉक्टरों के यहां लग रही लंबी-लंबी लाइनें

# गले में दर्द दे रहा हर दिन करवट बदलता मौसम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- महीनों बाद निकल रही धूप से बढ़े मरीज
- फिजीशियन के भरोसे त्वचा रोगियों का हो रहा उपचार


जिला अस्पताल में लगी मरीजों की खासी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इनदिनों बार-बार बदल रहे मौसम में घर-घर मरीज दिखाई दे रहे हैं। सर्दी जुकाम बुखार के मरीजों की अस्पतालों में इलाज को भीड़ उमड़ रही है। बदलते मौसम में लापरवाही लोगों को एक बार फिर बीमार कर रही है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। सबसे ज्यादा जुकाम-बुखार और गले में दर्द के मरीज आ रहे हैं।

दिन में तेज चटक धूप और रात में हो रही सर्दी के बाद सबसे ज्यादा खांसी जुकाम और मौसमी बीमारियों के साथ त्वचा रोगियों की अस्पतालों में एक बार फिर भीड़ लगने लगी है। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों में भी ऐसे मरीजों की भरमार है। बीते कई दिनों से दिन में हो रही तेज धूप और सुबह सर्द हवाओं ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा रखी हैं। रात में सर्दी अधिक होने और दिन में मौसम सामान्य होने के साथ साथ बारिश से इसका विपरीत प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। अस्पताल में जो मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं उनमें सबसे ज्यादा खांसी जुकाम के साथ त्वचा रोगियों के हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में शनिवार को 1230 मरीजों ने ओपीडी के पर्चा काउंटर पर अपना रजिस्ट्रेशन कराया। ओपीडी में चिकित्सकों ने मरीजों को अस्पताल की पैथोलॉजी में जांच कराने के बाद दवाएं देकर उपचार किया।

**तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड:** शुक्रवार की रात बारिश के साथ तेज हवाएं चलती रहीं। तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। रात भर रुकरुक कर बारिश होती रही। इससे मेन बाजार व गलियों में कीचड़ पसर गया। इधर, अचानक बारिश होने से सर्दी बढ़ गई। खासकर बच्चों के साथ बाजार घूमने आए लोग मौसम को देखकर घर पहुंच गए।

**ऐसे करें बचाव**

- ठंडे पेय पदार्थ कोल्ड ड्रिंक का सेवन बिलकुल न करें।
- ताजी हरी सब्जियों के साथ सलाद का सेवन ज्यादा करें।
- शादी समारोह में ऑयली स्पाइसी खाद्य वस्तुओं का सेवन कम करें।

**बरतें एहतियात**

- धूप में जाने से बचें
- पूरे बदन के कपड़े पहनकर बाहर निकलें
- धूप से बचने को सनस्क्रीम आदि लगाएं
- सिर व माथा दोनों ढकने वाली टोपी लगाएं

**लापरवाही लोगों को कर रही बीमार**

मौसम में हो रहे बदलाव के बाद लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। सुबह शाम लापरवाही से स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अस्पताल आने वाले मरीजों में सबसे ज्यादा खांसी जुकाम, बुखार के साथ एलर्जी के हैं। बच्चों की भी अच्छी खासी संख्या है।

–डॉ. रघुनाथ सिंह, फीजिशियन, जिला अस्पताल

# धूप से बढ़ रहे त्वचा रोगी अस्पताल में विशेषज्ञ नहीं

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** ठंड पूरी तरह से खत्म नहीं हुई कि त्वचा पर धूप का दुष्प्रभाव दिखने लगा है। हालांकि जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ के पद पूरी तरह से खाली हैं लेकिन फिजीशयन की ओपीडी में 30 फीसदी तक मरीज धूप की एलर्जी वाले आ रहे हैं। डॉक्टर उन्हें समझा रहे हैं कि धैर्य व एहतियात बनाए रखें, यह आपके अपने शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता की अति सक्रियता की वजह से हो रहा है। रोग प्रतिरोधक क्षमता धूप को शरीर को नुकसान पहुंचाने वाला समझकर त्वचा के उस स्थान पर हमला कर रही है जो हिस्सा धूप से गर्म हो रहा है।

फिजीशियन की ओपीडी में पिछले कुछ दिनों से धूप से एलर्जी के मरीज बढ़ गए हैं। ऐसे मरीजों की त्वचा के उस हिस्से पर दाने व चकत्ते निकल रहे हैं जो धूप के सम्पर्क में आ रहा है। ओपीडी में पहुंचे शांतिनगर निवासी रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि उनके चेहरे पर दाने निकल रहे हैं। दानों में जलन व खुजली भी हो रही है। उसी दौरान बाल रोग विशेषज्ञ भी फिजीशियन की ओपीडी में पहुंच गए और रमेश की बातों को सुनते हुए कुर्सी पर बैठ गए और कहा कि डॉक्टर साहब मुझे भी एक हफ्ते से धूप में निकलने पर त्वचा में जलन हो रही है। वरिष्ठ फिजीशियन एनके सक्सेना ने कहा परेशान न होइए, यह कोई बीमारी नहीं है बल्कि आपके शरीर में प्रवेश करने वाली बीमारियों से लड़ने वाली रोग प्रतिरोधक क्षमता की अतिसक्रियता की वजह से ऐसा हो रहा है। मरीज से डाक्टर ने कहा कि ठंड में त्वचा धूप के सम्पर्क में नहीं आ रही थी। लेकिन अब ठंड खत्म होने के साथ त्वचा व धूप का सम्पर्क बढ़ रहा है। अब त्वचा धूप के सम्पर्क में आने लगी है तो धूप से त्वचा में पैदा होने वाली गर्मी को रोग प्रतिरोधक क्षमता शरीर के लिए नुकसान दायक समझकर त्वचा के उस हिस्से पर हमला कर रही है। इससे दाने, चकत्ते आदि निकल रहे हैं। इससे इन्हें बीमारी समझकर घबराने की जरूरत नहीं है। धीरे-धीरे रोग प्रतिरोधक क्षमता इसे पहचान लेगी तो शांत हो जाएगी। ऐसे लोगों को धूप से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं।

धूप से एलर्जी वाले मरीजों की संख्या 30 फीसदी तक पहुंच गई है। लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। एहतियात बरतकर इससे असर को बहुत कम किया जा सकता है।

–डॉ. नलनीश पाण्डेय, त्वचा रोग विशेषज्ञ

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी अमौली– फतेहपुर**

पत्रांक–3022/राज्यवित्त/ टेण्डर / 2015 – 204 /दिनांक– 01/3/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड अमौली फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में राज्यवित्त योजना के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत अमौली फतेहपुर की निम्नलिखित परियोजना को कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से दिनांक– 09.03.2024 को अपरान्त 02: 00 बजे तक सीलबन्द निविदा / टेण्डर आमन्त्रित किये जाते है जो उसी दिन अपरान्ह 4: 00 बजे खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय कक्ष में गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थिति निविदा दाताओ के समक्ष खोली जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 02.03.2024 से 08.03.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10: 00 बजे अपरान्ह 02:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मात्र 500 / रू0 नकद शुल्क जमाकर प्राप्त किये जा सकते हैं समयावधि समाप्त होने के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओ पर किसी प्रकार का विचार नही किया जायेगा ।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण स्थल सहित | कार्य की लागत लाख रू0 में | जमानत धनराशि ला0 में | समग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त | जदूपुर मे मेन रोड से कोटेदार के घर तक सी0सी0 रोड | 8.80 | 0.18 | 04 माह |
| 2 | राज्य वित्त | डिघरूवा के रूसिया मे रामकुमार के घर तक तालाब तक सी0सी0 रोड | 8.90 | 0.18 | 04 माह |
| 3 | राज्य वित्त | दामोरपुर मे मेन रोड से भोला पटेल के टयूबेल तक सी0सी0 रोड | 7.40 | 0.15 | 04 माह |
| 4 | राज्य वित्त | सरहन खुर्द में मेन रोड से बीरेन्द्र पुत्र शिवप्रसाद के घर तक सी0सी0 रोड | 8.50 | 0.17 | 04 माह |
| 5 | राज्य वित्त | मवई में मेन रोड से गौशाला तक सी0सी0 रोड | 9.10 | 0.18 | 04 माह |
| 6 | राज्य वित्त | कापिल में कपिलेश्वर मन्दिर से संजय तिवारी के घर तक सी0सी0 रोड मरम्मत | 7.10 | 0.14 | 04 माह |
| 7 | राज्य वित्त | सैठी में भोला के टयूबेल से सर्वेश के टयूवेल तक सी0सी0 रोड | 7.90 | 0.18 | 04 माह |

**नियम व शर्ते**

1– टेण्डरदाता कार्य स्थल का पूर्व से भलीभांति परीक्षण कर लें बाद में कोई तथ्य मान्य नहीं होगा ।

2– न्यूनतम दर वाली फर्म का टेण्डर / निविदा स्वीकार की जायेगी कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता नही किया जायेगा ।

3 – स्वीकृत निविदा के साथ 100 / रू0 के स्टाम्प पेपर पर 01 / रू0 रसीदी टिकट से हस्ताक्षरयुक्त अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

4 – निविदादाताओं को निविदा के साथ 02 प्रतिशत् जमानत धनराशि सावधिक जमा फर्म के नाम जो खण्ड विकास अधिकारी के पक्ष में बन्धक होगी जमा किया जायेगा । अस्वीकृत फर्म की जमानत धनराशि टेण्डर खुलने के बाद अधिकतम एक माह मे बन्धक मुक्त कर दी जायेगी । टेण्डर स्वीकृत के पश्चात् स्वीकृत फर्म को 8 प्रतिशत् अतिरिक्त जमानत धनराशि जमा करनी होगी अथवा प्रथम बिल से कटौती कर ली जायेगी कार्य पूर्ण होने के 06 माह पश्चात् अवर अभियन्ता की कार्य की गुणवत्ता रिपोर्ट के पश्चात् वापस की जायेगी।

5– शासकीय नियमानुसार सभी करो की कटौती की जायेगी। ठेकेदार को सभी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने होगें।

6– निधारित समय पर कार्य पूर्ण न होने पर अर्थदण्ड देना होगा ।

7– निविदा दाता को किसी भी निर्माण विभाग से पंजीकृत होना चाहिए ।

8–स्वीकृत फर्म द्वारा कोई भी कार्य कराते हुए कार्य स्थल पर होने वाली किसी भी अप्रिय घटना के लिए सम्पूर्ण उत्तरदायित्व फर्म का होगा।

9–निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री मानक एवं गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए अन्यथा भुगतान नहीं किया जायेगा ।

10–निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत कराने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

**अवर अभियन्ता**
आर0ई0डी0

**खण्ड विकास अधिकारी**
अमौली– फतेहपुर

# चौथी बार बारिश व ओलावृष्टि से किसान हुआ बर्बाद

## बारिश ओलावृष्टि से फसलें हुईं चौपट, एक सप्ताह में चौथी बार खड़ी फसल को नष्ट होते देख रोया किसान

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** इस वक्त मौसम की मार से किसान बेबस और लाचार खड़ा है। हर दिन हो रहीं बारिश व ओलावृष्टि से खेत में खड़ी फ़सल नष्ट हो रही हैं। इसी सप्ताह के भीतर चौथी बार तेज बारिश व ओलावृष्टि से खड़ी फसलें पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं।

शनिवार की रात अचानक मौसम ने करवट बदली और देखते ही देखते तेज बारिश और आंधी के साथ हुई ओलावृष्टि ने फसलों को जमींदोज कर दिया। जिसमें गेहूं, चना व सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। नष्ट हुई फ़सल को लेकर तहसील क्षेत्र के अनगिनत किसानों ने अपनी बर्बादी की गाथा सुनाते हुए धीरेन्द्र सिंह बैरी, धर्म सिंह घरवासीपुर, शेष नारायण सिंह कुल्ली, हेमराज पटेल, दौलतपुर, करन सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, अजय सिंह,भानु प्रताप, नफाशत खान रहमतपुर आदि किसानों ने बताया कि आए दिन हो रही बारिश के बीच ओलावृष्टि से गेहूं, सरसो व चना की फसल पूरी तरह चौपट हो चुकी है। इन किसानों ने कहा लगातार बिगड़ रहा मौसम का मिजाज फसलों पर आफत बनकर टूटा है। हम किसानों को अब कोई रास्ता नहीं दिखाई दे रहा है। बीते फरवरी माह से अभी तक मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। इस दौरान चारों तरफ कई बार बारिश व ओलावृष्टि हुई अब हम किसानों के पास कोई रास्ता बचा ही नहीं, जिससे फसलों को बचाया जा सकता है। इन किसानों ने बताया कि बारिश के बाद आई तेज आंधी से खेत में खड़ी कई बीघा गेहूं की फ़सल पूरी तरह जमीन पर लेट गई। और इस तरह का नुकसान पूरे क्षेत्र में किसानों को हुआ है।



शनिवार को हुई तेज हवा के साथ बारिश में जमींदोज हुई गेहूं की फसल।



मौसम के मिजाज से बर्बाद हो रही सरसों की फसल।

### अपना दर्द बयां करते किसान



हर दिन हो रहीं बारिश से फसलें पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं। जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान चना, अरहर व सरसों का हुआ है। राजस्व विभाग को चाहिए कि वह नष्ट हुई फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाएं।
–धर्म सिंह, घरवासीपुर



बेमौसम हो रही बारिश व आंधी के बीच ओलावृष्टि से गेहूं की फ़सल खेत में लेट चुकी है। जिससे गेहूं की बाली में दाना आना मुश्किल है। जब फसल ही बर्बाद हो रही हैं तो किसान का खर्च कहां से चलेगा।
–शेषनारायण सिंह, कुल्ली



फसल को उगाने में कितनी मेहनत की जाती है, यह सिर्फ एक किसान ही बता सकता है। साथ में फसलों को तैयार करने में आने वाली लागत परेशानी में डालती है। आज मौसम की मार व खुदा के कहर ने हम किसानों को मजबूर कर दिया है।
–नफाशत खान, रहमतपुर कुल्ली



इस वर्ष मौसम की मार ने हम किसानों को बर्बाद कर दिया है। यह समय फसल सूखने का होता है अब बारिश व ओलावृष्टि से दाना भी मर चुका है। जिससे फ़सल को नष्ट ही समझा जाए। हम किसानों को अब भविष्य की चिंता सता रही है कि अब आगे क्या होगा।
–धीरेन्द्र सिंह, बैरी चकिया

# 97 शिकायतों के सापेक्ष महज पांच का ही निस्तारण

**फतेहपुर।** खागा तहसील के सभागार में माह के प्रथम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

एसपी उदय शंकर सिंह एवं सीडीओ पवन कुमार मीना के संयुक्त तत्वाधान में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, पेंशन, स्वास्थ्य, कृषि आदि विभागों के कुल 97 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसके सापेक्ष 5 का निस्तारण किया गया।

सीडीओ ने कहा कि इसमें किसी प्रकार का पक्षपात न किया जाए। पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी खागा नंदप्रकाश मौर्य, पुलिस क्षेत्राधिकारी खागा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, एसओसी चकबन्दी, मुख्य पशु चिकित्सक अधिकारी सहित नायब तहसीलदार व जिला स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

# आरटीईः पहले चरण में 303 बच्चों को स्कूल हुए आवंटित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में कमजोर आय वर्ग के बच्चों के निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत गत वर्ष की अपेक्षा काफी अच्छा रुझान है। निजी स्कूलों में पूर्व प्राथमिक व कक्षा एक में 25 फीसदी तक प्रवेश के लिए पहले चरण में कुल 839 आवेदन हुए। इसमें जांच में 467 आवेदन सही पाए गए और जिला स्तर पर हुई लॉटरी में पहले चरण में 303 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए हैं।

बीएसए पंकज यादव ने सभी एबीएसए को निर्देश दिया है कि स्कूल आवंटन होने वाले बच्चों का जिला स्तर पर अभियान चलाकर प्रवेश सुनिश्चित कराएं। दूसरे चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन एक से 30 मार्च तक लिये जाएंगे। इस साल शासन चार चरण में आरटीई के तहत आवेदन लेकर बच्चों के प्रवेश सुनिश्चित कराएगा।

### अभिभावकों को मिलती प्रतिपूर्ति

शासन ने आरटीई के तहत होने वाले प्रवेश की प्रतिपूर्ति के लिए बजट का प्रावधान रखा है। बीएसए पंकज यादव ने बताया कि स्कूलों में सीट क्षमता के अनुसार पहले चरण में 303 विद्यालय आवंटित हुए हैं। जो बच्चे इस चरण में छूट गए हैं, वह अगले चरण में फिर से दूसरे स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### द्वितीय चरण के लिए 30 मार्च तक आवेदन

निजी स्कूल में निशुल्क प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के आवेदन की शुरुआत एक मार्च शुक्रवार से हुई। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के 30 मार्च तक आवेदन किए जा सकेंगे। पहले चरण के आवेदन 18 फरवरी तक हुए थे। अब रिक्त सीटों के लिए दूसरे चरण के आवेदन शुरू हुई है। 30 मार्च तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन एक अप्रैल से सात अप्रैल तक किया जाएगा। आठ अप्रैल को लॉटरी निकाली जाएगी।

# यूपी बोर्ड ने की और सख्ती, मोबाइल पूर्णतया प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- आगरा के एक विद्यालय में प्रश्नपत्र वायरल होने पर उठाया कदम
- डीआईओएस को परिषद सचिव ने भेजे दिशा निर्देश

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की चल रही हाईस्कूल-इंटरमीडियट की परीक्षाओं को लेकर और सख्ती की गई है। अब केन्द्र के अंदर मोबाइल फोन समेत अन्य अवांक्षित सामग्री को किसी भी हाल में न जाने देने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। डीआईओएस ने सभी केन्द्र प्रभारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

29 फरवरी को इंटर जीव विज्ञान और गणित की परीक्षा का प्रश्नपत्र आगरा के जिस स्कूल से व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हुआ था, उसकी मान्यता शुक्रवार को छीन ली गई। व्हाट्सएप ग्रुप पर इंटर जीव विज्ञान एवं गणित का पेपर डाला गया था। इस मामले पर बोर्ड ने कड़ी कार्यवाही करते हुए उक्त विद्यालय की मान्यता समाप्त करने का निर्णय लिया है। मान्यता की नई नियमावली में प्रश्नपत्र की गोपनीयता भंग करने पर मान्यता प्रत्याहरण का प्रावधान किया गया है जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। शिक्षा निदेशक एवं सभापति डा. महेन्द्र देव ने पत्र जारी कर साफ किया है कि यदि किसी भी विद्यालय से प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग किए जाने का प्रयास किया जाएगा तो उसकी मान्यता भी तत्काल समाप्त कर दी जाएगी। सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करें। यदि परीक्षा केन्द्र पर किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग किया जाता है तो स्टैटिक मजिस्ट्रेट सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराएं।



बोर्ड परीक्षा देकर केन्द्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### 1148 परीक्षार्थियों ने छोड़ी इंटर अंग्रेजी की परीक्षा

यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिहाज से शनिवार का दिन भी अहम रहा। शनिवार को दूसरी पाली में इंटर अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित हुई। इसमें जिले के 117 परीक्षा केंद्रों पर कुल 24911 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। कड़ी निगरानी के बीच केन्द्रों में परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। इंटर अंग्रेजी की परीक्षा में 1148 विद्यार्थी गैरहाजिर रहे। प्रथम पाली में व्यवसायिक विषयों की परीक्षा हुई।

### परीक्षा के दौरान स्मार्टफोन रखने पर उठे सवाल

आगरा की परीक्षा से प्रश्नपत्र व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल होने के बाद परीक्षा के दौरान स्मार्टफोन रखने पर भी सवाल खड़े हुए हैं। मुख्य सचिव की ओर से जारी शासनादेश में निर्देश दिए गए थे कि परीक्षा केन्द्र परिसर के अंदर मोबाइल फोन अथवा ऐसे इलेक्ट्रानिक उपकरण जिससे अनुचित साधन प्रयोग की आशंका हो, ले जाने की अनुमति न दी जाए। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेन्द्र देव ने सभी डीआईओएस को पत्र लिखा है कि शासनादेश का पालन नहीं हो रहा है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला चचेरा चाचा गिरफ्तार

**बिंदकी फतेहपुर।** रिश्ते को तार-तार कर कलयुग के चचेरे चाचा ने 14 वर्ष की किशोरी के साथ रेप की घटना की थी। किशोरी की मां ने आरोपी के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में चाचा भतीजी के पवित्र रिश्ते को कलंकित करते हुए कलयुगी चेचरे चाचा ने घर के बगल में रहने वाली नाबालिक भतीजी के साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा कस्बे से आरोपी छोटू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# बेटी को अधिकार दो, बेटे जैसा प्यार दो

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- रैली निकाल कर छात्राओं ने लोगों में फैलाई जागरुकता
- शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** बेटी को अधिकार दो, बेटे जैसा प्यार दो, बेटी है दुलार दीजिए, पढ़ने का अधिकार दीजिए, जैसी भावनाओं से ओतप्रोत होकर शनिवार को छात्राओं ने रैली निकाल कर लोगों को जागरुक किया।

शहर के डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शनिवार को स्वयं सेविकाओं ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। क्षेत्रीय लोगों ने रैली के प्रति उत्सुकता दिखाई और रैली की प्रशंसा भी की। साथ ही साथ छात्राओं ने प्राथमिक विद्यालय गढ़ीवा के बच्चों को पढ़ाने का भी कार्य किया। बच्चों को योग का महत्व बताते हुए योगाभ्यास भी कराया गया। प्राथमिक विद्यालय की बच्चों के बीच में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। जिसमें गान, नृत्य, दौड़ ऊंची कूद मुख्य रहे। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। शिविर के बौद्धिक सत्र में डिप्टी एसपी प्रगति यादव मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 70 प्रतिशत महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं। यह सीधी तौर पर हत्या नहीं है लेकिन हत्या का कारण निश्चित है। वर्तमान में सभी उम्र की महिलाएं अपने अधिकारों के खिलाफ किसी न किसी प्रकार के अपराध का सामना कर रही हैं और सबसे बुरे तरीकों से पीड़ित हैं। जितना अधिक हम इस तरह की चीजों को घटित होने देंगे, उतना ही वे बढ़ती रहेंगी। इसलिए आप सबको अपने लिए बनाए गए कानून के प्रति जागरूक होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति ने किया। इस अवसर पर डॉ. मीरा पाल, डॉ. शकुंतला, डॉ. लक्ष्मीना भारती, डॉ. प्रशांत द्विवेदी, डॉ. शरद चंद्र राय, डॉ. रेखा वर्मा, डा. रामदर्शन, डॉ. रमेश सिंह, अनुष्का छौंकर समेत अन्य तमाम छात्राएं शामिल रहीं।




जागरुकता रैली निकालती छात्राएं। अमृत विचार

# जहरीला पदार्थ खाने ने गैस डिलेवरी मैन की मौत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सैदनापुर गांव निवासी अंशु पटेल उर्फ छोटू पुत्र स्व. राम विशाल अपनी मां निर्मला व बहन के साथ सातमील में रहता था और शास्त्री गैस एजेंसी में डिलेवरी मैन था। शुक्रवार की शाम उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत ठीक न होने पर आज सुबह सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ट्रेन से कटकर दी जान

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम एकारी में ट्रेन से कटकर 22 वर्षीय विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई ने पति पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। एकारी गांव निवासी धनराज मौर्या की पत्नी मीना देवी ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के भाई विनोद निवासी भैरवा थाना असोथर ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी 29 मई 2023 को की थी। शादी के कुछ दिन बाद उसे अकारण ही उसके साथ मारपीट करने लगा था। जिसके चलते उसकी बहन ने घटना को अंजाम दिया है।

# अतिक्रमण पर ग्राम प्रधान ने की शिकायत

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** धाता थाना क्षेत्र के डेंडासई गांव में सरकारी संपत्ति नल व कुआं में अवैध रूप से कब्जा तथा रोड पर अतिक्रमण को लेकर ग्राम प्रधान ने लिखित में खागा एसडीएम व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। इन्होंने दिए शिकायती पत्र में लोगों को हो रही समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों से निस्तारण की मांग की है।

विकास खंड धाता क्षेत्र के डेंडासई ग्राम प्रधान राकेश द्विवेदी ने बताया कि ग्राम पंचायत में रास्ता निर्माण कार्य चल रहा है। जहां गांव के ही अजय पुत्र धर्मराज जो कि एक फार्मासिस्ट भी हैं और सरकारी पद पर कार्यरत हैं। वह सरकारी नल व कुआं और उसके सहन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। सरकारी संपत्ति पर आम जनता को लाभ मिलना चाहिए। उसी रास्ते के अंतर्गत आने वाले जहान सिंह और इंद्र भवन सिंह व गांव के कुछ लोगों द्वारा भी रास्ते पर निर्माण कर रास्ता बंद कर दिया गया है। रास्ता छोड़ने को लेकर कहा गया तो यह सभी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। प्रधान द्वारा यह भी बताया गया कि इसमें क्षेत्रीय लेखपाल की भूमिका संदिग्ध है। इसी को लेकर ग्राम प्रधान राकेश द्विवेदी ने खागा एसडीएम व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। वहीं मामले को लेकर खागा एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य ने बताया की प्रकरण संज्ञान में आया है जांच के आदेश दिए गए हैं।



सरकारी जमीन में अतिक्रमण की नापजोख करती टीम। अमृत विचार

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये मीटर रीडर

**बिंदकी फतेहपुर।** मीटर रीडर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। वेतन फिक्स करने की मांग समेत अन्य समस्याओं के निदान को लेकर शनिवार को हड़ताल का ऐलान कर दिया। नगर के निकट खजुहा रोड स्थित विद्युत उपकेंद्र में निविदा मीटर रीडरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया। मीटर रीडरों ने मांग किया कि उनका वेतन फिक्स किया जाए वेतन बढ़ाया भी जाए वर्तमान में जो वेतन मिल रहा है, वह नाम मात्र का है। इससे रोजी-रोटी नहीं चल पा रही है। इसके अलावा मांग कीगई कि उनका वेतन का भुगतान वॉलेट से ना कर सीधे खाते में किया जाए।

## सार-संक्षेप




वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पुरस्कार देते पालिकाध्यक्ष राजकुमार मौर्य। अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

**फतेहपुर।** शहर के मसवानी मोहल्ला स्थित फजलूर रहमान इंग्लिश स्कूल में शनिवार को स्कूल का 20वां वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी संजय मोदनवाल, राधेश्याम हयारण, सभासद संजय श्रीवास्तव, सभासद शादाब अहमद ने उपस्थित होकर छात्रों की सराहना की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वक्ताओं ने बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी और बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम इकरा खान दिलकश ने प्रस्तुत किया। वहीं जनरल नॉलेज प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। अन्य छात्रों में हुरिन इल्मा, अलीम, जिया फातिमा, अरीबा नाज, अलीना खान, मो. राजा, इल्मा शहजादे, इकरा बानो, हुसैन हसनैन आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक मो. नसीम, मो. शाहिद, रामजी समेत अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करते जहानाबाद विधायक। अमृत विचार

### दोआबा में अन्नपूर्णा भवनों का किया गया लोकार्पण

**फतेहपुर।** जिले की 75 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण होना है। जिसके सापेक्ष निर्माण पूरा हुए 10 अन्नपूर्णा भवनों का शनिवार को लोकार्पण किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में 1100 निर्मित अन्नपूर्णा भवनों का मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोक भवन सभागार में अन्नपूर्णा भवन तथा ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी के साथ जिले में भी अन्नपूर्णा भवन के लिए 75 ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया है। जिसमें से 26 दुकानों पर निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जनपद में 10 अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। जिसमें से विकास खण्ड खजुहा के ग्राम पंचायत मंसूरपुर में राजेन्द्र पटेल, विधायक जहानाबाद द्वारा लोकार्पण किया गया। इसी तरह से विकास खण्ड विजयीपुर के ग्राम पंचायत सिलमी गढ़वा में कृष्णा पासवान खागा विधायक ने लोकार्पण किया है। इसी प्रकार विकास खण्ड हसवां की ग्राम पंचायत बुधरामउ में विकास गुप्ता विधायक अयाह शाह द्वारा लोकार्पण किया गया। विकास खण्ड तेलियानी में ग्राम पंचायत सेनीपुर मलौनी में निर्मित अन्नपूर्णा भवन का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लोकार्पण किया गया है।

अंधेरगर्दी — मरीजों की जान से हो रहा है खिलवाड़, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नहीं लेते संज्ञान

# बिना डिग्री धारक चला रहे अस्पताल

अमृत विचार फालोअप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दवा बिक्री लाइसेंस की आड़ में देखे जाते हैं मरीज

**अमृत विचार।** बकेवर कस्बे में कथित डॉक्टर के उपचार दौरान मरीज की हुई मौत के मामले में महकमें के जिम्मेदार से लेकर प्रशासनिक नुमाइंदे चार दिनों से खामोश हैं। दोषी के विरुद्ध न ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया और न ही स्वास्थ्य विभाग का कोई अधिकारी जांच करने पहुंचे।

बताते चलें कि सोमवार को बकेवर कस्बे के श्रीकृष्णा हास्पिटल में इलाज दौरान जवाहरपुर गांव निवासी इंद्र जीत की मौत के बाद परिजनों के हंगामा काटने पर बकेवर पुलिस व सीओ बिंदकी पहुंचे। उन्होंने पीडित परिजनों को जांच करने तथा दोषी के खिलाफ कार्यवाही करने का भरोसा देकर शांत करा दिया। सीएमओ अशोक कुमार ने बताया कि बकेवर में संचालित हॉस्पिटल बिना पंजीकरण के चलाया जा रहा। उक्त हॉस्पिटल में युवक की मौत का मामला संज्ञान में आया है, जांच कराएंगे। लेकिन विभागीय स्तर से मौके पर जांच करने कोई नहीं पहुंचा। जिस ढंग से जांच की जा रही है, नहीं लगता की दोषियों पर कार्यवाही होना संभव है।

### कथित डॉक्टर तीन हॉस्पिटल का मालिक

सूत्र बताते हैं कि मरीजों को मौत की दावत बांटने वाला श्रीकृष्णा हास्पिटल का संचालक कथित डॉक्टर तीन हास्पिटल का मालिक है। जिन्हें कानपुर शहर, सरसौल व बकेवर में चलाया जा रहा था। तीन दिन में दो मरीजों की मौत हो चुकी तथा संचालक कानूनी कार्यवाही के बाहर है। बताया जाता कि दोषी को बचाने के लिए सौदेबाजी का खेल चल रहा है।

### मेडिकल स्टोर की आड़ में देखे जाते हैं मरीज

बकेवर कस्बे में एक संविदा में तैनात चिकित्सक के अलावा आधा दर्जन से अधिक क्लीनिक खुले हैं। कस्बे में ही कृषि रक्षा इकाई के सामने सविता विरादरी के नाम से चर्चित कथित डाक्टर दवा बिक्री करने का लाइसेंस लेकर मरीजों का इलाज किया जाता है, जहां रोजाना करीब सैकड़ा भर मरीज जाते हैं। इस कथित डाक्टर के गलत उपचार से कई लोग जान गवां चुके हैं। लेकिन विभाग के जिम्मेदारों की नींद नहीं टूटी और न ही जांच करना उचित समझा। दवा बिक्री की आड में लोगों की जिंदगी से खेला जा रहा। इससे ऐसा प्रतीत होता कि दोषी को बचाने के लिए सरकारी मशीनरी भी सुस्त रहती है।


### अस्पताल पंजीकरण में भी होता है खेल

स्वास्थ्य विभाग के खेल के आगे बड़े-बड़े फेल हैं। जिनके हाथों में चिकित्सक की डिग्री भी नहीं वे किसी चिकित्सक के कागजात लेकर विभाग में पंजीकरण करा लेते और इसी की आड में कथित डाक्टरों का खेल चलता है। जिले में कई निजी अस्पताल, नर्सिंग होम ऐसे हैं कि विभाग का पंजीकरण मिलने के बाद कथित डाक्टर चलाते और ये सालों से आबाद भी हैं। जब इलाज दौरान किसी मरीज की मौत हो जाती तो संचालक ताला बंद कर फरार हो जाते तथा कुछ ही दिनों बाद पुन: आबाद होने में देर नहीं करते हैं। विभागीय अफसरों की शिथिलता के चलते दिनों दिन अवैध ढंग से दुकानों की तरह निजी हास्पिटल, नर्सिंग होम व क्लीनिक फल-फूल रहे हैं।

# साध्वी निरंजन ज्योति तीसरी बार लड़ेंगी सांसदी

संवाददाता फतेहपुर

- भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की पहली लिस्ट



**अमृत विचार।** जिले की सांसद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को इस बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने टिकट देकर आम जनमानस को चौंका दिया है हालांकि टिकट को लेकर भाजपा में तमाम दावेदार थे लेकिन लगातार साध्वी ने सभी को पीछे छोड़कर इस बार भी टिकट हथियाने में कामयाबी हासिल कर ली है। निरंजन ज्योति फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार अब चुनाव मैदान में होंगी।

पिछले कई दिनों से भारतीय जनता पार्टी के टिकट को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी हालांकि इस दौरान जिले की सांसद एवं केंद्रीय मंत्री साथी निरंजन ज्योति इस बात को लेकर आशान्वित थीं कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उनको ही टिकट दिया जाएगा और उनके द्वारा जिले में विकास कार्य भी कराए गए हैं जबकि उनके विरोधी खेमे के लोगों ने भी अपनी अपनी दावेदारी की थी आज शाम जैसे ही कार्यकर्ताओं को इस बात की जानकारी मिल गई कि केंद्रीय मंत्री साथी निरंजन ज्योति तीसरी बार भी फतेहपुर जिले से ही लोकसभा का चुनाव लड़ेंगी तो उनके समर्थक और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई बताते चले की जिले की सांसद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति लगातार वर्ष 2014 से जिले से सांसद हैं और इस बार तीसरी बार वह भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर जिले से चुनाव लड़ेंगी।

# सुब्रत पाठक चौथी बार मैदान में, टिकट फाइनल

## भाजपा से हैं सांसद, 2019 में डिंपल को मामूली वोटों से दी थी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


सुब्रत पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। जैसा कि पहले से तय माना जा रहा था सांसद सुब्रत पाठक पर एक बार फिर से भरोसा जताया गया है। वे चौथी बार पार्टी के टिकट पर क्षेत्र से भाग्य आजमाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी ने तैयारी की शुरुआत के साथ ही कन्नौज में प्रत्याशी घोषणा में भी बाजी मार दी है। शनिवार देर शाम जारी हुई पहली सूची में ही मौजूदा सांसद का नाम शामिल है। हालांकि दो दिन पहले से ही यह बात कही जा रही थी कि सुब्रत एक बार फिर से कन्नौज की जनता की अदालत में होंगे। सुब्रत पाठक को सबसे पहले 2009 में भाजपा का टिकट मिला था। तब उनके सामने सपा से प्रत्याशी के रूप में अखिलेश यादव थे। तब अखिलेश यादव को 356895 (45.52 फीसदी) वोट मिले थे जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी बसपा के डॉ. महेश चंद्र वर्मा को 1,91,887 (29.91 फीसदी) वोट मिले और वह दूसरे स्थान पर रहे थे। इस चुनाव में अखिलेश को 165008 वोटों से विजय मिली थी जबकि भाजपा के सुब्रत पाठक को 1,50,872 (20.33फीसदी) वोटों से संतोष करना पड़ा। वे तीसरे स्थान पर रहे थे।

साल 2014 में दूसरी बार फिर से भाजपा ने पाठक पर ही दांव लगाया और तब समाजवादी पार्टी से उनके सामने तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव थीं। उस समय भीषण मोदी लहर के बीच उन्हें 4,69,257 वोट मिले थे। वहीं डिंपल यादव को 4,89,164 वोट मिले और मामूली अंतर 19907 वोटों से विजयी रहीं। इसके बाद 2019 में फिर से सुब्रत को ही टिकट दिया गया। तब पहली बार सांसद बने सुब्रत को 563087 वोट मिले। उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी व सांसद रहीं डिंपल यादव को 550734 मत ही मिले। इस तरह से वह मात्र 12,353 वोटों से विजयी हो गए। हालांकि आखिर तक दोनों प्रत्याशियों में जोरदार टक्कर चलती रही।

अब एक बार राम मंदिर में श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बाद आत्मविश्वास से भरी भाजपा ने सुब्रत को चौथी बार प्रत्याशी बनाया है। हालांकि तीन फरवरी को मुख्यमंत्री की सभा के दौरान ही स्पष्ट हो गया था कि इस बार फिर से वही मैदान में होंगे। उन्हें फिर से टिकट मिलने से समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# अखिलेश की जगह हो सकते हैं धर्मेंद्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सपा अध्यक्ष के आजमगढ़ से चुनाव लड़ने की चर्चा
- बसपा ने अल्पसंख्यक को टिकट दिया तो बंटेगा वोट

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी के बीच पार्टियों ने भी तैयारियां तेज कर दीं हैं। सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी इसमें सबसे आगे है। कन्नौज में मौजूदा सांसद को ही टिकट मिल गया है। इधर, दो साल से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव खुद यहां से चुनाव लड़ने की बात कहते आ रहे हैं लेकिन पता चला है कि वह पुराना मैदान छोड़ भी सकते हैं। ऐसे में चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव या फिर किसी अन्य परिजन को मैदान में उतार सकते हैं। ऐसा होने की सूरत में कहीं न कहीं भाजपा से सपा को कड़ी टक्कर मिल सकती है।

भाजपा का प्रचार अभियान जोरशोर से शुरू हो चुका है। लगभग प्रतिदिन ही देश के किसी न किसी हिस्से में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रैली कर 'मोदी की गारंटी' के भरोसे के साथ ही विपक्ष पर करारे प्रहार किए जा रहे हैं। जिला से लेकर मंडल व बूथ स्तर तक की इकाइयों पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। इधर कन्नौज में भाजपा से सांसद सुब्रत पाठक का टिकट एक बार फिर से फाइनल हो गया है। दूसरी तरफ मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी सपा से अभी तक सिर्फ प्रत्याशी को लेकर चर्चा और पशोपेश की स्थिति है। यहां तक कि पार्टी कार्यकर्ता भी स्पष्ट नहीं हैं। सपा अध्यक्ष द्वारा कुछ दिन पूर्व प्रत्याशियों की घोषणा के दौरान ही प्रभारियों की सूची भी जारी हुई थी। इसमें उन्होंने धर्मेंद्र यादव को कन्नौज व आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाने की घोषणा की थी। तबसे ही अनुमान लगाया जा रहा है कि यहां से धर्मेंद्र ही प्रत्याशी हो सकते हैं जबकि अखिलेश जो समय-समय पर स्वयं के ताल ठोंकने की बात करते रहे हैं वे आजमगढ़ से लड़ सकते हैं। सपा के ही एक पुराने दिग्गज का कहना है कि कन्नौज में अखिलेश यादव व उनके पिता स्व. मुलायम सिंह यादव ने खूब काम कराया था। वे मैदान में आते हैं तो भाजपा को कड़ी टक्कर देने के साथ ही पुराने गढ़ को वापस भी कब्जा सकते हैं। अगर बात धर्मेंद्र या किसी अन्य परिजन की करें तो वह चेहरा नया होने के साथ ही वोटों को उतना आकर्षित करने में कामयाब नहीं होगा। भाजपा के लिए यह एक तरह से साफ रास्ता देने जैसा हो सकता है। बताया जा रहा है कि बहुजन समाज पार्टी अल्पसंख्यक वर्ग का प्रत्याशी उतारने के मूड में है। ऐसा होता है तो इसका नुकसान सपा को उठाना पड़ेगा जबकि भाजपा के लिए जीत की गारंटी हो सकती है। जानकार बताते हैं कि सपा का नुकसान कमजोर रणनीति से हुआ है। पार्टी का असल वोटबैंक ग्रामीण इलाके में है जबकि कुछ वर्षों में पूंजीपतियों को वरीयता दी जा रही है।

# एंटीकरप्शन की प्राथमिक सूचना रिपोर्ट में कई छेद

**पड़ताल**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीएसए कर रहीं थीं सभागार में एआरपी के साथ बैठक, रिपोर्ट में टीम ने बता दिया चली गईं
- आरोपी का तर्क फाइल से रुपये गिरे तो पकड़ाए, एफआईआर में जेब से निकालने का जिक्र

**अमृत विचार।** कानपुर से आई एंटी करप्शन की टीम ने जो कोतवाली सदर में एफआईआर दर्ज कराई है, उसमें कुछ झोल भी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीएसए कहीं चली गईं, लेकिन वह सभागार में बैठक कर रहीं थीं।

एंटी करप्शन टीम का नेतृत्व करने वाले इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी टीम के कुछ लोग बीएसए कार्यालय पहुंचे, उसके बाद बीएसए भी आ गईं। करीब 20 मिनट बाद वह वापस चली गईं। उसके बाद एक कर्मी ने शिकायतकर्ता शिक्षक अनुराग सिंह उर्फ अन्नू को अंदर बुलाया और काम के बदले रुपये मांगे। शिक्षक ने ऊपर वाली जेब से रुपये निकालकर दिए। दूसरी ओर आरोपी बाबू विमल पांडेय ने घटनाक्रम वाले दिन बताया था कि जबरन फाइल दी गई थी जिसे लेने से मना कर दोनों हाथ जेब में डाल लिए थे। इसी दौरान फाइल के अंदर से नोट नीचे गिर गए और कई लोग अंदर आ गए व हाथ पकड़कर जबरन नोट में लगा दिए थे। बीएसए कार्यालय के कर्मियों ने एंटी करप्शन टीम पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया था। बताया गया है कि निपुण अभियान को लेकर बीएसए उपासना रानी वर्मा सभागार में बैठक कर रहीं थीं। लेकिन रिपोर्ट में उनके जाने का जिक्र है। चालक गाड़ी लेकर किसी काम से गया लेकिन टीम ने समझा अधिकारी गाड़ी में बैठकर निकल गईं। मामले की जांच सदर कोतवाल विष्णुकांत तिवारी को दी गई है।


छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करते नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता। अमृत विचार

# स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरे पर छाई खुशी

**सौरिख,कन्नौज।** नगर के स्व. महादेव प्रसाद स्मारक महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने छात्राओं को 350 मोबाइल वितरित किए। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को नगर अध्यक्ष ने बताया कि छात्राओं को शासन द्वारा स्मार्टफोन दिलाए गए हैं। इसका उपयोग अपनी उच्च शिक्षा में कर सकती हैं। इस मौके पर महाविद्यालय के आचार्य अभय कुमार त्रिपाठी, डॉक्टर डॉक्टर पीयूष सक्सेना, सत्येंद्र चतुर्वेदी, अरुण कुमार पाल, इमरान फारूकी, राकेश मिश्रा, गजेंद्र सिंह यादव, कन्हैयालाल वर्मा, भूपेंद्र शुक्ला, पुष्पेंद्र त्यागी, राम मनोहर, इमरान, आफताब, आनंद कुमार पाल आदि विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# जर्जर कानून-व्यवस्था पर दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



सदर तहसील में धरना देते कांग्रेसी। अमृत विचार

- राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने सदर तहसील में धरना दिया। भाजपा की डबल इंजन सरकार की जर्जर कानून व्यवस्था के खिलाफ राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौपा गया। कहा कि इस व्यवस्था जनता परेशान है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अगुवाई में कई कांग्रेसी सदर तहसील पहुंचे। धरना प्रदर्शन कर देशव प्रदेश राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर अविनाश गौतम को सौपा। इस दौरान कहा कि हाल ही में रामपुर सिलाईवार गांव में एक पार्क में बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लगाने की वजह से दलित समुदाय के 17 वर्षीय लड़के सुमेश की उत्तर प्रदेश पुलिस ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। सुमेश 10वीं बोर्ड की परीक्षा देकर घर लौट रहा था। पुलिस की फायरिंग से उसकी मौत हो गई। यूपी पुलिस ने सबूत छिपाने के लिए जबरन सुमेश के शव का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करवा दिया। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था धवस्त है जिसका सबसे बड़ा जीता जागता उदाहरण सामने है। इसी तरह के कई अन्य आरोप लगाये गये। पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी अरविंद दुबे नें किया। तारीक बसीर, किरण वर्मा, वीर सिंह यादव, प्रमोद शाक्य, रमाशंकर राठौर, घनश्याम यादव, सरफराज हुसैन, महिला जिला अध्यक्ष रीना वर्मा, एहसान उल हक, सत्य प्रकाश शर्मा, गंगा नरेश तिवारी, इमरान अली ,मनोज दुबे, सलीम, जवाहरलाल, अच्छन बाबू, अशोक कनौजिया, राहुल गुप्ता मौके पर मौजूद रहे।

# उधार का तकादा करने पर घर में घुसकर पीटा

**सौरिख, कन्नौज।** उधार दिए रुपये मांगने पर दबंगों ने गालीगलौज की। मना किया तो घर में घुसकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।

क्षेत्र के नादेमऊ में चौकी के गांव नगला भारा निवासी श्रीकृष्ण पुत्र कडोरी लाल ने बताया उसका पुत्र पवन कुमार शुक्रवार की शाम सात बजे अपने दरवाजे पर बैठा था। उसी समय गांव का ही हेमराज पुत्र विशून दयाल आ गया। उसे पुत्र ने कुछ दिन पूर्व एक हजार रुपये उधार दिए थे। पैसे मांगे तो हेमराज भड़क गया और गाली देने लगा। शोरगुल सुनकर हेमराज की पत्नी व तीन चार अज्ञात लोग आ गए। पवन ने गाली देने से मना किया तो सभी मारपीट करने लगे। इस पर दौड़कर पवन घर में घुस गया। उक्त सभी लोग घर के अंदर घुस गए और मारपीट करने लगे। उसे व पत्नी मार्गश्री को घायल कर दिया।

# एसडीओ दफ्तर गेट का पिलर टूटा पड़ा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



एसडीओ कार्यालय के मुख्य गेट का एक तरफ झुका गेट का पिलर। अमृत विचार

- गिरने से हो सकती दुर्घटना, जिम्मेदार बेखबर

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की लापरवाही से एसडीओ कार्यालय के मुख्य गेट का एक पिलर टूटा हुआ है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं।

शहर के एसडीओ कार्यालय का मुख्य गेट का पिलर कई माह से टूटा कर एक तरफ झुका है। इसी से विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आवागमन करते हैं लेकिन किसी की नजर शायद इस पर नहीं पड़ती। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है क्योंकि शहर के अधिकतर उपभोक्ता यहां बिजली का बिल जमा करने आते हैं।

पोल टूटा होने से वह लोहे के गेट के सहारे एक तरफ पूरी तरह से लटक गया है। यदि किसी का जरा सा धक्का लग जाये तो गेट का पिलर गिर सकता है। चपेट में आने से बिजली उपभोक्ताओं के अलावा अधिकारी-कर्मचारी भी घायल हो सकते हैं। वह टूटा पिलर देख कर भी इसे ठीक कराने के लिये उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं देते हैं। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि जल्द बजट की मांग कर टूटे पिलर को ठीक कराया जायेगा।

# पिकअप की टक्कर से जेल वार्डन घायल

**गुरसहायगंज-कन्नौज।** पिकअप के चालक ने शुक्रवार की रात तेज गति से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार जेल वार्डर घायल हो गया। जेल अधीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रतापगढ़ सदर ग्राम सकुलपुर निवासी जिला कारागार अनौगी जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 01 मार्च की सुबह लगभग 10.30 बजे कासगंज के थाना अमापुर ग्राम टुंडा शेखेपुर निवासी जिला कारागार में तैनात जेल वॉर्डर राजेश कुमार बाइक से गुरसहायगंज आ रहा था। तभी पिकअप के चालक कन्नौज के ग्राम शरीफापुर निवासी मोनिस ने ग्राम सियरमऊ मंदिर के निकट बाइक में टक्कर मार दी।

# फर्जी बैनामा के मामले में दो अन्य आरोपी गए जेल

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

**अमृत विचार।** खेत मालकिन के स्थान पर वृद्धा को खड़ा करके करोड़ों की जमीन का फर्जी बैनामा कराने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को जेल भेज दिया। आरोपी महिला व एक अन्य को पहले ही जेल भेज दिया था।

जनपद फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ सेंट्रल जेल रोड निवासी विद्यावती ने पांच महीने पहले दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि तिर्वा-कन्नौज मार्ग बहादुरपुर गांव व कस्बे की सीमा में करीब छह बीघा पैतृक जमीन है। इसको सदर कोतवाली क्षेत्र के सैदहा गौधानी गांव निवासी अमर नाथ सिंह, उपदेश सिंह, अकबरपुर सरायघाघ गांव निवासी सत्यप्रकाश, जनपद मैनपुरी के परोख गांव निवासी सत्यराज, समेत अज्ञात पता उपनिबंधक महेंद्र कठेरिया, विनय कुमार व एक अज्ञात महिला ने मिलकर षडयंत्र रचकर फर्जी बैनामा कर जमीन की बिक्री कर दी थी। पुलिस ने जांच में महिला तालग्राम थाना क्षेत्र वघुलिहाई गांव निवासी बिजरानी को पेश करने का आरोपी इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के महुआपुर गांव निवासी आदेश पटेल समेत महिला को जेल भेज दिया था। शनिवार को जमीन की खरीद करने वाले आरोपी जनपद मैनपुरी के परोख गांव निवासी सत्यराज व विनय कुमार को पकड़कर जेल भेज दिया है।

# छह माह से अधिक के शिशुओं को पूरक आहार देना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गृह वैज्ञानिक ने बताया, दो वर्ष तक के बच्चों का तेजी से होता है विकास

**अमृत विचार।** दो साल तक के बच्चों के दिमाग का विकास तेजी से होता है। इस वजह से दूध के अलावा पौष्टिक वस्तुएं देना जरूरी है। जो भी बच्चे छह महीने से अधिक उम्र के हैं उनको पूरक आहार दिया जाए। यह बात कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी की गृह वैज्ञानिक डॉ. पूनम सिंह ने कही।

डॉ. पूनम सिंह ने कहा कि छह माह के बाद बच्चे का शरीर व मस्तिष्क तेजी से बढ़ रहा होता है। उसे मां के दूध की तुलना में अधिक पोषक तत्वों व ऊर्जा की जरूरत होती है। यह पूरक आहार शुरू करने का सही समय होता है। पूरक आहार देने में देरी से बच्चे का विकास प्रभावित होता है व कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। दो वर्ष की आयु तक बच्चे का विकास काफी तेजी से होता है। पूरक आहार में ऊर्जा, प्रोटीन व अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों का उचित अनुपात होना अत्यंत आवश्यक है। बाजरा, ज्वार, रागी आदि में पोषक तत्व आवश्यक मात्रा में पाए जाते हैं।

### इस तरह दें मोटे अनाज

ज्वार, बाजरा, रागी को बराबर मात्रा में पानी में 10 घंटे तक भिगोएं। फिर अंकुरित कर सुखाना, भूनना व पाउडर बनाना होता है। इसके अतिरिक्त इसमें चना, मूंग दाल, केले का पाउडर, गाजर का पाउडर आदि मिला कर सील बंद डिब्बे में स्टोर करना होता है। जब शिशु को देना हो तो गुड़ का पाउडर व दूध मिला कर पेस्ट तैयार कर लें। अर्ध तरल पूरक आहार शिशु को मां के दूध के अतिरिक्त दिन में तीन बार दिया जा सकता है।

**कार्यक्रम** महमूदपुर बीजा की दुकान पर दिखाया गया लाइव प्रसारण

# 20 अन्नपूर्णा भवनों का सीएम ने किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संबोधन सुनते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश में बनकर तैयार हुए अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकानों) का मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने लखनऊ में लोकार्पण किया। जनपद के भी 20 भवनों का उद्घाटन हो गया। साथ ही ई-पॉस मशीन से ई-वेईंग स्केल (तौल मशीन) को लिंक कराने की व्यवस्था भी शुरू कर दी। कार्यक्रम का महमूदपुर बीजा में सजीव प्रसारण दिखाया गया।

शनिवार को ब्लॉक सदर क्षेत्र के महमूदपुर बीजा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा लोकसभा क्षेत्र के संयोजक नरेंद्र सिंह राजपूत व डीएसओ राजीव मिश्र ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि अब सरकारी प्रापर्टी अलग कर दी गई है। नई-नई टेक्नोलॉजी के जरिए से घटतौली की समस्या से निजात मिलेगी। नव निर्मित अन्नपूर्णा भवन के माध्यम से पीएम वाणी के तहत ब्राड बैंड व सीएससी सेवा पर आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र बनवाने और बिजली बिल के भुगतान की सुविधा मिलेगी। साथ ही रोजमर्रा की वस्तुओं की बिक्री भी होगी। 484 वर्गफुट के परिसर में खाद्यान्न वितरण कक्ष, सीएससी कक्ष, जनोपयोगी वस्तुओं का विक्रय काउंटर, उपभोक्ताओं के लिए बैठने का स्थान, सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था में खाद्यान्न को अन्नपूर्णा भवन तक किसी भी मौसम में सुगमता से पहुंचने की सुविधा उपलब्ध है।

डीएसओ ने बताया कि जनपद में 20 दुकानों का लोकार्पण हुआ है। ई-पॉस मशीनें को अब ई-वेईंग स्केल से लिंक किया गया है जिससे मार्च में कार्डधारकों को राशन वितरण शुरू हो जाएगा।

### ब्लॉकों में इस तरह हुआ निर्माण

डीएसओ ने बताया कि जनपद में 75 उचित दर दुकानों को चिह्नित कर मनरेगा के तहत मॉडल शॉप के रूप में विकसित किया जा रहा है। उसी के क्रम में विकास खंड कन्नौज क्षेत्र में छह, जलालाबाद, गुगरापुर व उमर्दा में दो-दो, हसेरन, छिबरामऊ, तालग्राम व सौरिख में तीन-तीन अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकानों) का निर्माण कराया गया है।

## सार-संक्षेप



एलईडी लगाकर जानता को जागरुक करती पुलिस। अमृत विचार

### नुक्कड़ नाटक व एलईडी से दी हेल्पलाइन की जानकारी

**कन्नौज।** यूपी 112 व प्रदेश पुलिस की ओर से दी जा रहीं आकस्मिक सेवाओं के लिये जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक व एलईडी के माध्यम से हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी जनता को दी गई। अपर पुलिस महानिदेशक यूपी 112 के निर्देश पर यूपी 112 पुलिस, फायर सर्विस, महिला पीआरवी, नाइट स्कार्ट एवं सवेरा योजना से आमजन को जागरूक करने का कार्य पुलिस कर रही है। इनकी जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिये पुलिस ने शनिवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस व कलाकारों ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले व सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच कर लोगों को आपात स्थिति से निपटने के लिए सरकारी सहायता लेने के प्रति जागरुक किया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को बताया कि पुलिस से मदद मांगने पर किस तरह पहुंच कर सहायता करती है और जनता का सहयोग करती है। एलईडी के माध्यम से यह भी जानकारी दी कि रात में यदि किसी वजह से कहीं रास्ते में फसते हैं तो यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंच कर मदद करती है। अगर मामला महिला या युवती का है तो उसे सुरक्षित घर तक पहुंचाने का कार्य करती है। महिलाओं को रात में अकेला नहीं निकलना चाहिये। यदि कहीं फस जाये तो पुलिस की सहायता लेना चाहिये।


कथा के दौरान आचार्य घनश्याम पांडेय व सीताराम महाराज। अमृत विचार

### सभी विपत्तियों का नाश करता है मां का आशीर्वाद

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जहां भगवान की कथा होती है वहां सब तीर्थ आ जाते हैं। मनुष्य को कभी भी अहंकार कर खुद को बड़ा नहीं समझना चाहिए। भगवान हर कण में बसे हुए हैं। इसलिए मनुष्य को हर किसी को एक समान समझना चाहिए। केवल सत्संग से ही भगवान को पाया तजा सकता है। यह विचार शनिवार को ग्राम जलेसर स्थित याज्ञवल्क्य आश्रम में श्री राम कथा के विराम दिवस पर आचार्य घनश्याम पांडे ने व्यक्त किए। कथा व्यास ने कहा कि जब भक्त बुलाते हैं तब भगवान न अवस्था और न ही व्यवस्था देखते हैं। इस संसार में कोई ऐसी सरकार नहीं हैं जो भगवान की व्यवस्था कर सके। आज कल के बच्चों की बुद्धि इसलिए नष्ट हो रही है क्योंकि उनको बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त नहीं होता है। आज सब गुड मॉर्निंग कहते है। इससे कभी दिल से आशीर्वाद नहीं मिलता। मां का आशीर्वाद जीवन की सभी विपत्तियों का नाश कर देता है। मनुष्य इतना खुद के करीब नहीं होता जितना भगवान उसके होता है। बस मनुष्य उसको पहचान नहीं पाता है।


जिला कारागार का निरीक्षण करती एडीजे लवली जायसवाल।

### एडीजे ने दिए कारागार में स्वच्छता रखने के निर्देश

**जलालाबाद, कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व अपर जिला जज लवली जायसवाल ने शनिवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इसमें दो बंदियों ने पैरवी के लिए सरकारी अधिवक्ता दिलाने की याचना की गई। निरीक्षण के दौरान एडीजे लवली जायसवाल ने जिला कारागार में बैरकों तथा महिला बंदियों के प्रशिक्षण केन्द्र में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। बदियों को मीनू के अनुसार ही भोजन देने के निर्देश दिए। लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल/जेल विजिटर मो. सैफ को निर्देशित किया कि जेल के प्रत्येक बैरक में कार्यरत जेल पराविधिक, स्वयं सेवक के माध्यम से प्रत्येक ऐसे विचाराधीन बन्दी की पहचान करें जो शमनीय अपराध में बंद है। ऐसे विचाराधीन बंदी जिनका कोई पैरोकार नहीं है और प्राइवेट अधिवक्ता तथा जमानत स्वीकार होने के 07 दिन बाद भी जमानतदार दाखिल कर पाने में अक्षम है की सूची मय प्रार्थना पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी के माध्यम से उनके कार्यालय में प्रेषित करें। उन्होने 09 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रचार वाहन करने के निर्देश दिए।

### पेड़ काटने पर दबंगों ने मां-बेटे को किया घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** उहिदापुर गांव निवासी किरनदेवी पत्नी रामविलास ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके यूकेलिप्टिस के पेड़ खड़े थे जिन्हें वह कटवा रही थी। गांव के ही निवासी कश्मीर, संतोष पुत्रगण नेकराम आए और पेड़ काटने का विरोध करने लगे। जब उसने मना किया तो दोनों ने उसे व पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बेमौसम बरसे बदरा, लौटी ठंड, फसलें हुईं बेजार

## तेज हवा से गिर गई गेहूं की फसल, बारिश से सरसों में नुकसान, खेतों में भीग गया खोदा गया आलू, तापमान गिरने से बढ़ी ठंड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पश्चिमी विक्षोभ के फिर सक्रिय होने से मौसम फिर बदल गया। चक्रवाती तेज हवाओं के कारण बेमौसम बारिश हुई, जिससे फसलों में नुकसान हो गया तो जाती ठंड फिर से लौट आई। जिले के सभी हिस्सों में बारिश हुई, लेकिन छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में अपेक्षाकृत अधिक बारिश से फसलों को खासा नुकसान हो गया। तेज हवा से गेहूं की फसल गिर गई तो खेतों में कटी पड़ी सरसों भी खराब होने लगी। शीतगृह में भंडारण के लिए खोदा गया आलू भी खेतों में भीग गया।

शनिवार को सुबह से ही काले बादल छाए थे। कुछ देर के लिए धूप निकली लेकिन चक्रवाती हवा के कारण आए बादलों ने सूर्यदेव को छिपा लिया। पश्चिमी विक्षोभ के कारण कुछ देर बाद बारिश शुरू हो गई। हवा की गति अधिक होने से गेहूं की फसल खेत में बिछ गई। खासकर वह गेहूं गिरा, जिसमें हाल में ही सिंचाई की गई थी। कई किसानों ने पकी खड़ी सरसों को काटकर डाल दिया था।

बारिश से उसमें भी नुकसान होने की प्रबल आशंका है। इसी तरह किसानों ने मंडी व शीतगृह के लिए खेत में आलू हार्वेस्टर से खोद कर डाल दिया था। बारिश के कारण वह भी भीग गया। किसानों का कहना है कि इस बार मौसम की मार से आलू का उत्पादन पहले से ही कम हो गया है। अब खोदा गया आलू भीगने से जल्दी सड़ जाएगा। मौसम विभाग का कहना है कि विक्षोभ चार मार्च तक सक्रिय रहने की संभावना है।


आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर भरा पानी। अमृत विचार


वनपुरा नरायनपुर गांव में खेत में आलू को एकत्र करते किसान। अमृत विचार

### गिरा चार डिग्री तापमान

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से एक ही रात में चार डिग्री तापमान गिर गया। मौसम विभाग के मुताबिक दो दिन पहले दिन का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री तो रात का 19 डिग्री के आसपास रहता था। बारिश के बाद जिले में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री पर पहुंच गया तो रात का तापमान 14 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। तापमान गिरने से ठंड बढ़ गई और लोगों ने गर्म कपड़े फिर निकाल लिए। न्यूनतम तापमान भी शुक्रवार के सापेक्ष सात डिग्री सेल्सियस बढ़ गया।

## रुक-रुककर बारिश से नुकसान का अंदेशा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज


शमीम सिद्दीकी।


अवनीश यादव।


हरीओम शाक्य।


धर्मेन्द्र कुमार।

- बरसात से बाजार सहित हाइवे पर पसरा सन्नाटा

**अमृत विचार।** शुक्रवार की देर रात से शुरू हुई बेमौसम बरसात शनिवार को देर रात तक जारी रही। रुक-रुक कर हुई बरसात से फसलों को हुए नुकसान ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी। इससे पैदावार प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है। बरसात से बाजार सहित प्रमुख मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा।

वर्तमान समय में किसान आलू की खुदाई और सरसों की कटाई कर रहा है। महीनों की मेहनत और मोटी लागत के बाद किसान को कुछ मुनाफा कमाने की उम्मीद जागी। बेमौसम बरसात ने आलू व सरसों की फसल को प्रभावित कर दिया है। किसान शमीम सिद्दीकी, अवनीश यादव, सुधीर, राजू, धर्मेन्द्र कुमार, हरीओम शाक्य, सुभाष यादव आदि ने बताया कि फसल की कटाई का समय है। बरसात से आलू की पैदावार व गुणवत्ता प्रभावित होगी। बाजार में कीमत भी कम मिलेगी। खेत में पानी भरने से अगले एक सप्ताह तक आलू की खोदाई भी नहीं हो सकेगी।

सरसों की फली भी पक चुकी है जो भीगने के कारण खराब हो जाएगी। उधर बरसात ने जनजीवन को भी प्रभावित कर दिया।


तालग्राम क्षेत्र के टिकुरियन गांव में खेत में कटी पड़ी सरसों। अमृत विचार

### आज भी बारिश होने की संभावना

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि उत्तर मध्य भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण एक चक्रवाती परिसंचरण बन गया है, जिससे कन्नौज समेत कानपुर मंडल के सभी जिलों में रविवार को भारी वर्षा होने की संभावना है। जिले में रविवार को 25 प्रतिशत बारिश होने का पूर्वानुमान है। जिले में शनिवार को 4 .5 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि हवा की औसत गति 20-22 किलोमीटर प्रतिघंटा रही।

# कन्नौज को दो बार ही मिला 'हाथ' का साथ

लोकसभा चुनाव 2024
विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



प्रतीकात्मक।

- सपा-कांग्रेस में गठबंधन होने से इस बार भी नहीं होगा कांग्रेस प्रत्याशी
- हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएन मिश्र शीला दीक्षित रह चुके सांसद

**अमृत विचार।** राजनीतिक दलों का आपसी गठजोड़ कभी-कभी मतदाताओं के लिए ऊहापोह की स्थिति उत्पन्न कर देता है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का 18वीं लोकसभा के लिए समाजवादी पार्टी से गठबंधन होने से कुछ इसी तरह की स्थिति कांग्रेस के पारंपरिक वोटरों के सामने हैं। हालांकि कन्नौज को 'हाथ' का साथ दो बार ही नसीब हुआ है, इसके बाद भाजपा और सपा के पाले में ही यह सीट जाती रही है।


शीला दीक्षित।

व्यापारिक रूप से समृद्ध फर्रुखाबाद जिले की तहसील कन्नौज को वर्ष 1967 में लोकसभा क्षेत्र का दर्जा दिया गया था, तब संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से डॉ. राममनोहर लोहिया पहले सांसद चुने गए थे। इसके बाद वर्ष 1971 में कांग्रेस ने हाईकोर्ट इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण मिश्र को मैदान में उतारा तो वह यहां से जीतकर सांसद बन गए। 1977 में कांग्रेस से यह सीट जनता पार्टी के रामप्रकाश त्रिपाठी ने छीन ली, 1980 में समाजवादी जनता पार्टी के छोटे सिंह यादव ने कांग्रेस को नहीं आने दिया।

इस महत्वपूर्ण सीट को कांग्रेस ने फिर से हथियाने के लिए स्वच्छ छवि की जनपद उन्नाव निवासी शीला दीक्षित को मैदान में उतारा तो 1984 में कांग्रेस को सफलता हासिल हुई। 1989 में शीला दीक्षित जनता दल के छोटे सिंह यादव से चुनाव हार गईं और यहीं से कांग्रेस विदा हो गई। 1996 में फर्रुखाबाद के चंद्रभूषण सिंह उर्फ मुन्नूबाबू ने यहां भाजपा का खाता खोला तो कांग्रेस को फिर कभी मौका नहीं मिला।

इस बार सपा-कांग्रेस में गठबंधन होने से कांग्रेस का प्रत्याशी मैदान में उतारा ही नहीं जाएगा, जिससे कांग्रेसी वोटर फिर असमंजस में हैं।

### कन्नौज के तीन सांसद बन चुके मुख्यमंत्री

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के तीन सांसद मुख्यमंत्री बन चुके हैं। साल 1999 में यहां से सांसद रहे समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तो 1984 में कांग्रेस से सांसद रहीं शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। वर्ष 2000 में मुलायम सिंह यादव के बेटे अखिलेश यादव सांसद बने और 2012 में भी प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे।



"कांग्रेस-सपा गठबंधन होने से निश्चित तौर पर कन्नौज में भाजपा को करारी शिकस्त दी जाएगी। पार्टी हाईकमान के निर्णय को सभी कांग्रेसी स्वीकार करेंगे। शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया जाएगा। आम जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।

-**विजय मिश्र**, पूर्व प्रदेश सचिव, कांग्रेस कमेटी



सपा से गठबंधन करके कांग्रेस को निश्चित रूप से नुकसान होगा। इस गठबंधन के विरोध में उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र भी लिखा है। इससे कांग्रेस वोटरों का बिखराव होगा। कोई भी पार्टी स्वयं वोट ले सकती है, लेकिन किसी को दिलवा नहीं सकती।

-**विनोद दुबे**, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस विचार मंच"

## झूठे मुकदमे में फंसाने का वीडियो वायरल

**तिर्वा, कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के अलीपुर अहाना गांव निवासी मो. इस्लाम ने 20 दिन पहले दुकान पर काम करने वाले क्षेत्र के ही दौलतपुर गांव निवासी युवक के खिलाफ चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। उसने बताया कि पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और तीन दिन बाद बिना कार्रवाई किए युवक को छोड़ दिया था। आरोपी के पक्ष में उसी गांव के एक युवक ने वीडियो संदेश जारी किया है, जिसमें वह दुकानदार मोहम्मद इस्लाम को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। दुकानदार ने इसकी शिकायत थाने में की है। थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि पुलिस वायरल वीडियो की जांच कर रही है। धमकी देने वाला तीसरा व्यक्ति है।

## बार की मतदाता सूची का किया जाए पुनरीक्षण

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं ने मतदाता सूची का पुनरीक्षण करने की मांग को लेकर एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष को ज्ञापन दिया।

अधिवक्ताओं ने बताया कि बार एसोसिएशन द्वारा जारी मतदाता सूची में कई ऐसे अधिवकाताओं के नाम सम्मलित किए गए हैं जो बार एसोसिएशन कन्नौज के सदस्य हैं जबकि बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि अधिवक्ता एक समय में एक ही बार का सदस्य रहेगा तथा वायलाज के अनुसार यदि कोई सदस्य बार की सदस्यता ग्रहण करता है तो उसे पहले दो वर्ष तक साधारण सदस्य रहना पड़ेगा तत्पश्चात उसे मत का अधिकार प्राप्त होगा।

कुछ अधिवक्ताओं के फर्जी सीओपी नंबर अंकित हैं एवं कुछ ऐसे अधिवकताओं के नाम भी शामिल किए गए हैं जिन्होंने अभी तक सीओपी नहीं प्राप्त की है तथा कुछ ऐसे अधिवक्ता हैं जो अन्य व्यवसाय में लिप्त हैं या कहीं अन्य जगह नौकरी कर रहे हैं। ऐसे में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया जाना आवश्यक है तत्पश्चात चुनाव प्रक्रिया की जाए। इस दौरान प्रणव सक्सेना नन्दन, हरीशरण शाक्य, योगेन्द्र, पंकज वर्मा व आशीष मौजूद रहे।

## दुर्घटना के 61 मामलों का होगा निपटारा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- लोक अदालत : मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की बैठक में दी गई जानकारी

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण की बैठक की गई, जिसमें अधिवक्ताओं व बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई। बताया गया कि 9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में वाहन दुर्घटना क्लेम के 61 मुकदमों का निस्तारण किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायालय सभागार में मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण की बैठक की गई, जिसमें पीठासीन अधिकारी शाहिद रजा खान ने बताया कि 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वाहन दुर्घटना क्लेम के अधिक से अधिक मुकदमों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। लोक अदालत के लिए अभी 61 वादों को संदर्भित किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सभी वादकारियों को जागरूक करें, जिससे कि विभिन्न प्रकरणों के अधिक से अधिक मुकदमों का एक ही दिन में निस्तारण किया जा सके। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव, राजकमल श्रीवास्तव, मोहम्मद आकिल, नवीन मिश्रा, राजीव शुक्ला, राजीव मंगोली, प्रदीप श्रीवास्तव, विजय अवस्थी, लिपिक बसंतराम तथा प्राविधिक स्वयंसेवक कासिम समेत कई कर्मचारी उपस्थित थे।

### श्रमिकों को दी योजनाओं की जानकारी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर तहसील में पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो ने मजदूरों के पुनर्वास के लिए सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असंगठित क्षेत्र के प्रत्येक मजदूर का श्रम विभाग में पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है, जिससे कि वह योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। पंजीकरण के लिए आवश्यक है कि श्रमिक की ओर से पिछले वर्ष कम से कम 90 दिन श्रमिक के रूप में कार्य किया हो। यह पंजीकरण तीन वर्षों के लिए मान्य है।

## विवाहिता को पीट घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तीन लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता से मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। मामले में पति, ससुर, सास, ननद के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

उन्नाव जनपद के थाना हसनगंज गांव रफीगढ़ी निवासी पूजा पुत्री कृपाशंकर त्रिपाठी ने सदर कोतवाली क्षेत्र के नेरा गांव निवासी पति शुगम, ससुर राम नरेश, सास प्रेम लता, ननद शुभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उसकी शादी वर्ष 2019 में शुगम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली मिले दहेज से खुश नहीं थे।

इसी के चलते ससुर अतिरिक्त दहेज में तीन लाख रुपये की मांग करने लगे। रुपये पिता से लाने के लिये उस पर दवाब बनाया गया। मना करने पर उक्त लोग प्रताड़ित करने लगे। उसे कमरे में बंद कर मारपीट की गई। इससे उसके चोटें आई। बाद में घर से निकाल दिया। घटना 29 फरवरी की है। कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

## ई-रिक्शा चालक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**छिबरामऊ।** इंदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम गड़ेपुर्वा निवासी ममता पत्नी हरविंद सिंह ने बताया कि वह छिबरामऊ में मोहल्ला सराफान में किराये के मकान में रहती है। पति हरविंद ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। 26 फरवरी की सुबह पति हरविंद ई-रिक्शा लेकर घर से गए थे, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटे। करीबियों व रिश्तेदारी में जानकारी करने पर भी कोई सुराग नहीं लगा। महिला ने गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया।

## 13 राजकीय विद्यालयों में पेयजल योजना का होगा शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के सभी 13 राजकीय हाईस्कूल में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत स्वच्छ पाइप पेयजल का शिलान्यास होगा। तीन मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा में होगा।

बताया गया है कि विद्यालयों में स्वच्छ पाइप पेयजल योजना के लिए कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस जल निगम नगरीय को नामित किया गया है। तीनों विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से स्कूलों के नाम वाले पत्थर यानि शिलापट भी आ गए। उसमें मुख्यमंत्री के अलावा मंत्री, सांसद, विधायक का भी नाम लिखा है। तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में राजकीय हाईस्कूल जोगिनीपुर, फुलवारी, ड्योढ़ा, छिबरामऊ इलाके के राजकीय हाईस्कूल हुसेपुर करन, रामखेड़ा, भोजपुर निगोह, भंवरगाढ़ा व कन्नौज क्षेत्र के वैंसावारी, मुरैया बुजुर्ग आदि में योजना परवान चढ़ेगी। सभी तैयारियां पूरी हो गईं हैं।

## ट्रैक्टर की टक्कर से एएनएम की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** हरदोई रोड पर अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे एएनएम गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला अस्पताल लाते समय उसकी मौत हो गई। वह कन्नौज के स्वास्थ्य उपकेंद्र सदिकापुर में तैनात थी।

हरदोई जनपद के थाना मल्लावा गांव गोवर्धनपुर निवासी अर्चना कनौजिया (45) पत्नी अमित कनौजिया जनपद के स्वास्थ्य उपकेंद्र में एएनएम के पद पर तैनात थी। शनिवार को ड्यूटी करने के बाद वह ऑटो में बैठ कर घर जा रही थी। जैसे ही ऑटो कासिमपुर गांव के निकट पहुंचा। उसी समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे उछलकर वह सड़क पर जा गिरी। इससे उनके सिर गंभीर चोटें आई। जानकारी पर पहुंचे लोगों ने उनको जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी समेत पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। उधर जानकारी पर परिजन भी पहुंचे गये। एएनएम की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। सीएचसी विनोद दीक्षित के अधीक्षक डॉ.सुधांशु दुबे ने बताया कि एएनएम अर्चना की तैनाती 2015 में जिले में हुई थी। उसके एक पुत्र व एक पुत्री है। पुत्री बीटीसी कर चुकी है जब पुत्र ग्रेजुएशन कर रहा है। वह नियमित आटो या अन्य किसी वाहन से कन्नौज आती जाती थी। शनिवार को हादसे का शिकार हो गई।


अर्चना कनौजिया।

समाधान दिवस | कन्नौज में मुख्य विकास अधिकारी व उपजिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं

# 41 महीने पहले बिजली से हुई मौत पर पत्नी ने मांगा मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बोली, शिकायत के बाद अब तक विभाग से जांच करने भी कोई नहीं आया

**अमृत विचार।** शहर के मकरंदनगर मोहल्ला अलाउद्दीनपुर निवासी पूजा कुशवाहा ने बताया कि पति हरिओम कुशवाहा की बिजली करंट हादसे में 26 सितंबर 2020 को मौत हो गई थी। उसके बाद जांच करने कोई नहीं आया। न ही उसे कोई जानकारी दी गई है। करीब 41 महीने बाद उसे मुआवजा भी नहीं मिला है।

शनिवार को सदर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंची पूजा कुशवाहा ने बताया कि घर में छह साल की बेटी है, उसकी पढ़ाई व देखभाल के लिए आय का साधन नहीं है। इससे परिवार का भरण-पोषण नहीं हो पा रहा है। पति की बिजली से दुर्घटना में मौत का आर्थिक लाभ दिया जाए। सीडीओ रामकृपाल चौधरी व एसडीएम अविनाश गौतम के समक्ष कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र के सहतेपुर्वा कूलापुर निवासी सुग्रीव ने बताया कि 27 फरवरी को दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब 10 वर्षीय पुत्र हिमांशु खेत से घर जा रहा था। जैसे ही जसौरा मोड़ पर वह पहुंचा तो प्रधान के भाई सुशील पुत्र सर्वजीत निवासी जसौरा ने तेजी से मोटरसाइकिल चढ़ा दी। इससे पुत्र के पैरों व कमर में चोटें लग गईं। फोन कर एंबुलेंस बुलाई और सीएचसी जलालाबाद भर्ती कराया। वहां से घायल पुत्र को मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया। जांच हुई तो सिर की हड्डियों में फ्रैक्चर निकला। सीओ सिटी ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इसी तरह अहमदपुर रौनी निवासी प्रीति ने बताया कि वह भूमिहीन है। पति रिंकू मजदूरी करते हैं। राशन कार्ड के लिए कई बार ऑनलाइन आवेदन किया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अधिवक्ता यादवेंद्र किशोर यादव ने भगतगाढ़ा वशीरापुर भाट में खडंजा व नाली सही करने की मांग की है। साथ ही कहा है कि 16 दिसंबर 2023 व 20 दिसंबर, छह जनवरी 2024 को भी शिकायती पत्र दिया था, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।



जनसुनवाई करते सीडीओ रामकृपाल चौधरी, एसडीएम सदर अविनाश गौतम।

### एक घंटे में बना प्रमाण पत्र

तहसील सदर कन्नौज में एसडीएम ने आनी वाली शिकायतों में नाजिमा निवासी मियांगज ने पति नईम के निधन का प्रमाण पत्र बनवाने की मांग वाला कागज देखा। उसके एक घंटे बाद निस्तारण कर प्रमाण पत्र जारी हो गया।


छिबरामऊ में फरियादियों की शिकायतें सुनते एसडीएम उमाकांत तिवारी।

### भाकियू ने कोटेदारों के खिलाफ खोला मोर्चा

**छिबरामऊ।** भारतीय किसान यूनियन किसान के पदाधिकारी व सदस्य संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील पहुंचे। यूनियन के पदाधिकारियों ने ग्राम घिलोई खास के कोटेदार पर मनमानी व घटतौली का आरोप लगाया। साथ ही कार्रवाई की मांग रखी। भाकियू जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने एडीएम आशीष सिंह व एसडीएम उमाकांत तिवारी से कहा कि कोटेदारों की ओर से लगातार शोषण किया जा रहा है। मशीन पर कार्डधारक का अंगूठा लगाने के बाद भी राशन नहीं दिया जाता है। कम पढ़ें लिखे लोगों का अंगूठा लगाने के बाद नेटवर्क समस्या की गलत जानकारी दी जाती है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जिनको राशन मिलता भी है वह वजन में कम रहता है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ. रजनीश दुबे, अनवार अली, वीर सिंह, सोनू बघेल, आनंद तिवारी, अनुराग त्रिपाठी, अभिषेक पाठक, नवीन त्रिवेदी, आदित्य दुबे, रविंद्र बाथम, सोनू बाथम, गणेश बाथम, हरिओम शाक्य, आनंद दुबे व विनय दुबे मौजूद रहे।

### रिमझिम बारिश में समय से पहले निकल गए कई अफसर

**तिर्वा।** शनिवार की सुबह से शुरू हुई रुक-रुककर बारिश के दौरान तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 80 शिकायतें आईं, जिसमें चार का निस्तारण हो गया। डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित हुए समाधान दिवस में कई अफसर नहीं पहुंचे। कुछ समय से पहले ही निकल गए। हालांकि व्यस्तता के चलते डीएम भी करीब एक बजे चले गए। कहा जा रहा है कि बोर्ड परीक्षाओं में भी अधिकारियों की ड्यूटी लगी है, इस वजह से वह समाधान दिवस में नहीं दिखे। एसडीएम अशोक कुमार ने प्रार्थना पत्र को देखा। बौरापुर निवासी रामसेवक ने पैमाइश कराने, पन्नापुर्वा निवासी जसोदा ने गैस कनेक्शन कराकर गैस चूल्हा दिलाने, परसरामऊ निवासी राजेश कुमार ने राशन कोटा बर्खास्त करने, कुढ़िना निवासी सावित्री देवी ने घरेलू बिजली कनेक्शन कराने की मांग की। इस मौके पर एसपी अमित कुमार आनंद, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी तनुज त्रिपाठी, डीएचओ सीपी अवस्थी व जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह और संरक्षण अधिकारी विजय राठौर मौजूद रहे।


तिर्वा में शिकायतें सुनते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, एसपी अमित आनंद व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### अब लोकसभा क्षेत्र के चुनाव बाद ही होगा समाधान

हर महीने के पहले व तीसरे शनिवार को तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस होता है। मार्च का पहला समाधान दिवस हो गया है। जल्द ही इसी महीने लोकसभा क्षेत्र के चुनाव का ऐलान हो जाएगा। उसी दिन से आचार संहिता भी लागू हो जाएगी। करीब दो महीने तक कोई समाधान दिवस नहीं आयोजित होगा।

# तीसरी बार भाजपा ने मुकेश राजपूत पर जताया भरोसा, दिया टिकट

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार मौजूदा सांसद मुकेश राजपूत पर भरोसा जताते हुए टिकट दी है। इससे टिकट की दौड़ में शामिल दिग्गज नेताओं को निराशा हाथ लगी। सांसद ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वह खरा उतरेंगे। अबकी बार भी वह फर्रुखाबाद की सीट भाजपा की झोली में डालेंगे।

भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने शनिवार को 195 लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा की, जिसमें फर्रुखाबाद से एक बार फिर सांसद मुकेश राजपूत को टिकट दिया गया। सांसद मुकेश राजपूत 2000 से 2005 और 2006 से 2012 तक फर्रूखाबाद जिला पंचायत में दो कार्यकाल के लिए अध्यक्ष रहे। इसके साथ ही वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव जीता। उन्होंने 2014 में यह सीट कांग्रेस के सलमान खुर्शीद से छीनी थी। सांसद मुकेश राजपूत को टिकट मिलने की खबर पर उनके खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई है। वही उनकी टिकट कटने की अटकलों पर विराम लगगया है। सांसद मुकेश राजपूत की राजनीतिक यात्रा पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने शुरू कराई थी। इसके बाद वह लगातार आगे बढ़ते गए। आज वह फर्रुखाबाद लोक।सभा से तीसरी बार भाजपा से चुनाव।लड़ने जा रहे हैं।

# भाकियू भानू गुट की आज से आमरण अनशन की घोषणा

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** किसान यूनियन (भानू गुट) अपनी मांगों को लेकर फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग के नजदीक धर्मपुर मढ़ी के पास मैदान में बेमियादी महापंचायत कर रही है। बारिश के बाबजूद आज छठवें दिन भी किसानों की महापंचायत जारी रही। भाकियू नेताओं ने रविवार से आमरण अनशन पर बैठ जाने की घोषणा कर दी है।

शुक्रवार की रात मे शुरू हुई बारिश ने धर्मपुर मढ़ी के पास मैदान मे आंदोलन कर रहे किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी परंतु किसान नेता अपने टेंट को छोड़कर पास मे बने बरामदे मे डटे रहे। बारिश की वजह से आज कम संख्या मे किसान पंचायत मे शामिल होने आए। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने किसानों के तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री से तीन दिन के अंदर भेंट कराने का आश्वासन दिया था। उसके बाद से किसान यूनियन (भानू गुट) के नेताओं द्वारा आंदोलन की महज खाना पूर्ति की जा रही थी। किसान यूनियन के नेताओं का कहना है यदि बात नही बनती है तो यूनियन रविवार से आमरण अनशन करेगी। रिटायर्ड शिक्षक रामशंकर यादव ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर भाकियू की सदस्यता ली। उन्होंने किराजेपुर मे निःशुल्क कार्यालय उपलब्ध कराने का आश्वाशन दिया।

# तहसील में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

- समस्याओं का समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**अमृत विचार।** तहसील कायमगंज में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर रेवेन्यू बार एसोशिएशन की एक आकस्मिक बैठक तहसील में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया समस्याओं के सम्बन्ध में समाधान कराये जाने के लिए उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाये। इसी के चलते अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। तहसील में व्याप्त भृष्टाचार पर प्रकाश डालते हुए ज्ञापन में कहा गया कि तहसील कायमगंज में रियल टाइम खतौनी में क्षेत्रीय लेखपाल के द्वारा अंशों का सही निर्धारण नहीं किया जा रहा है।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि खतौनी में मृतक व्यक्तियों के नाम दर्ज चले आ रहे है। उनकी विरासत उत्तर जीविता के अंतर्गत दर्जकरने, खतौनी में दर्ज आदेशो का निफाज न होना, एकल खिड़की के कार्यों का अनुपालन समय सीमा से न होना, अधिकारियों के द्वारा धारा 209 ज राजस्व संहिता के अन्तर्गत तजवीज सानी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण न करना आदि है। कहा गया कि पोर्टल न खुलने का बहाना बनाकर वादकारियों व अधिवक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। कई पुरानी फाइले पैसे लेकर निस्तारित की जा चुकी है।फौजदारी अहलमद द्वारा किसी भी मुकदमे को नेट पर दर्ज नहीं किया जाता है। ज्ञापन में कहा गया कि जिलाधिकारी को सम्बोधित उपजिलाधिकारी कायमगंज को ज्ञापन दिया गया था।जिस पर आज तक सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई है। तहसील कायमगंज में हर पटल व क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के पास प्राईवेट लोगबैठे हुये है जो गरीब वादकारी कास्तकारो से अवैध रूप से धन वसूलते है। ज्ञापन में इन समस्याओं का समाधान कराने की मांग की गई है। चेतावनी दी गई कि समाधान न होने पर अधिवक्ता कार्य से विरत रहकर अनिश्चित कालीन हडताल एवं धरना प्रदर्शन करेगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर विशेष दयाल यादव एडवोकेट अध्यक्ष, अवनीश गंगवार सचिव, प्रमोद कुमार गंगवार, अरविंद कुमार गंगवार और अनोखेलाल शाक्य आदि रहे।

# बेमौसम बारिश से आलू के ढेर भीगे

## सातनपुर की आलू मंडी की सड़कें कीचड़ व पानी से भरी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



आलू मंडी सातनपुर में भरा पानी। अमृत विचार



बारिश से भीग रहा आलू। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेमौसम बरसात से ठंड वापस लौटी तो किसानों की तबाही का संदेश साथ लाई। आलू किसानों को इस बरसात से भारी क्षति हुई है। खेतों में खोद कर लगाए गए आलू के ढेर पूरी तरह से भीग गए हैं। इससे आलू के खराब होने का खतरा पैदा हो गया है।

एशिया प्रसिद्ध आलू मंडी सातनपुर की गलियां कीचड़ और पानी से पूरी तरह भर गई है। व्यापारी आलू मंडी में आने से कतराने लगा है। बताते चलें कि इसी आलू मंडी से लोकसभा चुनाव के लिए पार्टियां रवाना की जानी है। यही मतगणना कराई जानी है। जिलाधिकारी बीके सिंह ने आने के बाद आलू मंडी सातनपुर का जब निरीक्षण किया था तो मंडी सचिव को इस सड़क को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने फरवरी माह में निर्माण कार्य पूरा करने को कहा था। जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी सचिव मंडी समिति ने मंडी समिति की सड़कों को सही नहीं कराया । नतीजा आज पानी बरसते ही सड़कें कीचड़ से भर गई। जिससे किसानों और व्यापारियों को आने जाने में भारी दिक्कत हुई। वहीं दूसरी तरफ मंडी में लगा आलू पूरी तरह से भीग गया। आलू आढ़ती अरविंद राजपूत का कहना है की आलू मंडी की गलियां इस समय पूरी तरह से कीचड़ से भरी हुई है । जिससे व्यापारी आने में कतराने लगा है। आज बारिश होने की वजह से किसानों का आलू मंडी में ही लगा हुआ है ।

मंडी सचिव इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि जिलाधिकारी इन सड़कों को बनवाने के निर्देश दे चुके हैं । आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार वर्मा बताते हैं की आलू मंडी सातनपुर एशिया की सबसे बड़ी मंडी है। इस मंडी की सड़कों का इतना बुरा हाल है कि यहां कोई व्यापारी आना उचित नहीं समझ रहा है । मंडी समिति में कीचड़ हो जाने से व्यापारी और किसान दोनों को भारी परेशानी हो रही है। ट्रैक्टरों का आना-जाना भी बंद हो गया है। आलू किसान रावेंद्र सिंह का कहना है कि इस बारिश की वजह से उन किसानों को भारी क्षति हुई है जिनका आलू खेतों में खुदने के बाद ढेर लगा हुआ था। पानी बरसने की वजह से आलू पूरी तरह से भीग गया है ।किसानों का मानना है कि आलू भीग जाने के बाद शीत गृह में रखने के योग्य नहीं रह जाता। अगर इस आलू को शीत गृह में रखा जाए तो आलू सड़ जाता है। भीगे हुए आलू को व्यापारी गिरे हुए दामों में खरीदते हैं। जिससे किसानों को इस बरसात से भारी नुकसान हुआ है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

यहां हो रही बारिश खेतों में खुदे पड़े आलू के लिए बहुत ही हानिकारक है। बुरी तरह से हो रही बारिश से किसानों का आलू पूरी तरह से भीग गया है। आलू भीग जाने के बाद बीज के योग्य नहीं रहता। इसके सड़ने की संभावना बढ़ जाती है। आलू किसानों को चाहिए कि वह खेतों में लगे आलू पर त्रिपाल डालकर रखें। जिससे कुछ बचाव हो सके । वैसे जिस तरह से बारिश हो रही है, उससे किसानों को अपने आलू को भीगने से बचा पाना बहुत ही मुश्किल है।

**रामनरायन वर्मा,**
**जिला आलू विकास अधिकारी, फर्रुखाबाद**

# युवकों को कोरोना स्वास्थ्य विभाग हुआ चौकन्ना

**फर्रुखाबाद।** जनपद के कायमगंज ब्लाक क्षेत्र के ग्राम राईपुर चिनहट पुर में एक युवक के कोरोना पॉजिटिव निकल आने पर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया । युवक के कोरोना होने की जानकारी मिलते ही जनपद का स्वास्थ्य विभाग कोरोना की रोकथाम को लेकर पूरी तरह एलर्ट हो गया । कोरोना के फर्रुखाबाद जनपद में दस्तक दिए जाने की जानकारी मिलते ही कोरोना से बचाव को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अवनीन्द्र कुमार ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। जनपद के कायमगंज ब्लाक क्षेत्र के ग्राम राईपुर चिनहटपुर निवासी 30 वर्षीय युवक राजकुमार की तबियत खराब होने पर परिजनों ने इलाज के लिए उसे आगरा के शान्ति वेद हास्पिटल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने मरीज राजकुमार की कोविड जांच कराने हेतु सैम्पिल लेकर जांच हेतु आगरा की साइंटिफिक पैथोलोजी भेजा। जांच में राजकुमार कोरोना पीड़ित मिला। इसकी जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी को दी गई। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है।

## सार-संक्षेप



आग लगने से जला हुआ सामान। अमृत विचार

### आग से दहेज का सामान जलकर राख

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को लगी आग से लाखों का सामान जल कर राख हो गया। थाना क्षेत्र के नगला खेम रैगाई निवासी गुलजार खां अपनी पत्नी के साथ ऊपर नाश्ता करने चला गया।उसी समय उसके नीचे वाले कमरे से धुंए के गुबार उठने लगे। पड़ोसियों ने इसकी सूचना गुलजार को फोन पर दी। गुलजार जब तक नीचे आया तब तक आग पूरे कमरे में फैल गई।गांव वालों ने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गुलजार ने बताया कि उसका डेढ़ साल पहले विवाह हुआ था। सारा दहेज का सामान इसी कमरे में बन्द था।एक लाख से ऊपर का सामान जल गया है। उसने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगी है। पहले फ्रिज में आग लगी इसके बाद पूरे कमरे में रखा सामान जल कर राख हो गया।

### बाइक की डिग्गी से रुपये निकालने की रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज पुलिस ने बाइक की डिग्गी से रुपये चुराने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जनपद कन्नौज कोतवाली छिबरामऊ कस्बा इब्राहिमगंज निवासी विमल बाबू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि एक मार्च को वह बाइक से छिबरामऊ से फर्रुखाबाद आ रहा था। रास्ते में बाइक खड़ा करके शौच करने चला गया। इसी दौरान डिग्गी तोड़कर 2500 रुपये चोरी कर लिए गए। एसओ जेपी शर्मा ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दो घायल

**फर्रुखाबाद।** बाइक सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससेएक की घटना स्थल पर मौत हो गई। दो गंभीर घायल होगये। थाना क्षेत्र मेरापुर में अज्ञात वाहन ने एक बाइक पर सवार तीन लोगों में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से एक बाइक सवार की मौके पर मौत, दो लोग हुए गंभीर घायल, घायलों को पुलिस ने लोगों की सहयता से भेजा सीएच सी मोहमदाबाद भेजा।जहां डाक्टरों ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। घायल अमित व शिवम् को प्राथमिक उपचार के बाद जिलाअस्पताल रेफर कर दिया। चौकी इंचार्ज राजेंद्र नगर अवधेश ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मरने वाला और घायल मेरापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले है।

### कासगंज-कानपुर पैसेंजर ट्रेन का इंजन फेल

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज प्लेटफार्म पर कासगंज- कानपुर पैसेंजर ट्रेन का का इंजन खराब हो गया। जिससे वह लगभग ढाई घंटे प्लेटफार्म पर खड़ी रही। कायमगंज प्लेटफार्म इंजन खराब होने पर ट्रेन खड़ी होने से यात्रियों में हड़कंप मंच गया। ट्रेन में सफर करने वाले यात्री इंजन फेल होने की खबर सुनकर परेशान हो गए । स्टेशन मास्टर ने तत्काल कासगंज रेलवे प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद तुरंत ही कासगंज से दूसरा इंजन कायमगंज के लिए रवाना किया गया। कासगंज से इंजन आने के बाद ट्रेन को ढाई घंटे बाद रवाना किया गया।

### करंट से आवारा गोवंशों की मौत

**फर्रुखाबाद।** विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते दो आवारा गोवंशों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। स्थानीय लोगों ने बताया कि काफी समय से विद्युत पोल में करंट दौड़ रहा था। काफी बार शिकायत की पर बिजली विभाग के कर्मचारी ने कोई कार्रवाई नहीं की । शनिवार को मोहल्ला गाड़ी खाना में विद्युत पोल पर करंट आने से दो आवारा गोवंशों की मौत हो गई। एक घंटे तक बिजली कार्यालय में स्थानीय लोग फोन करते रहे। उसके बाद भी शटडाउन नहीं लिया।

### माता-पिता के हत्यारे बेटा तक नही पहुंच पा रहे पुलिस के हाथ

**फर्रुखाबाद** ।बीते दिनों शिवाजी नगर में माता–पिता की हत्या करने के बाद फरार हुए बेटे को पुलिस अभी तक तलाश नहीं कर सकी है। ज्ञात हो कि कादरीगेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला बालाजीपुरम निवासी मनोज कुमार ने बीते दिनों सौतेली मां बबली और पिता ओमप्रकाश की ईंटों से कूंचकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से आरोपी फरार है।

# भाजपा संकल्प पत्र के लिए मांगे सुझाव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद




सुझाव पेटिका के साथ भाजपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में पत्रकारों से रूबरू हुए सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि हर चुनाव की भांति इस बार भी भाजपा अपने घोषणा पत्र को जनता के सुझावों के आधार पर तैयार करेगी। इसके लिए जिले में ऑनलाइन एवं मिस कॉल के माध्यम से अपने सुझाव सीधे केंद्रीय स्तर पर पहुंचने का कार्य किया जा सकेगा।

वह शनिवार को भाजपा जिला मुख्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरे 10 वर्ष पूर्ण किए हैं। इन 10 वर्षों में सरकार ने प्रत्येक वर्ग के लिए कल्याण के ऐतिहासिक कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया है कि वह 2047 तक भारत को विकसित बनाने का कार्य करेंगे। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता जल्द ही लगने वाली है ।देश आम चुनाव में जा रहा है। देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बनेगी और प्रधानमंत्री के संकल्प को देश की जनता चरितार्थ करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का मतलब है गारंटी की भी गारंटी। इसके लिए सरकार ने हर स्तर पर गरीब का कल्याण किया है ।देश में होने वाले आम चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र को तैयार करने का निर्णय लिया है। यह संकल्प पत्र जनता के सुझावों के आधार पर ही तैयार किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति अपना सुझाव 9090902024 पर मिस कॉल कर व नमो एप से अपना सुझाव पीएम तक भेज सकता है।

# लूट नहीं, लेनदेन में हुआ था विवाद

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज पुलिस ने लूट की सूचना मिलने पर पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ लिया। जब घटना की जांच की गई तो मामला रुपयों के लेनदेन के विवाद का निकला। पुलिस ने तीनों का शांतिभंग में चालान कर दिया। यूपी 112 पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक के साथ मारपीट कर उससे 75 हजार रुपये लूट लिए गए। कुछ देर बार पुलिस को फिर लूट की जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कोई नहीं मिला। इस पर पुलिस ने मामले की गहनता से जांच करते हुए फोन करने वाले युवक के भाई सुरजीत व हाजी नगला निवासी ऋषभ व अनिकेत गहरवार को पकड़कर थाने ले आई। कड़ाई से पूछताछ करने के बाद पता चला कि आलू के हिसाब करने को लेकर झगड़ा हुआ था।

# इंटर का परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- 1048 परीक्षार्थियों ने छोड़ी अंग्रेजी की परीक्षा

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा में नकलची पकड़े जाने का मामला सामने आया है। डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखिरिया में आंतरिक सचल दल ने इंटरमीडिएट अंग्रेजी की परीक्षा में एक छात्र को नकल करते पकड़ लिया। उसकी कापी बुक कर उसे घर जाने दिया गया। वहीं 1048 परीक्षार्थयों ने इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा छोड़ दी।

शनिवार को सुबह की पाली में इंटरमीडिएट संगीत-वादन और दोपहर की पाली में इसी कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी। डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखिरिया में आंतरिक सचल दल के शिक्षक राधेश्याम और राधा कटियार ने सायं करीब चार बजे कक्ष संख्या दो में परीक्षार्थियों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान छात्र धीरेंद्र पाल पुत्र जय सिंह निवासी नाहरैया की कॉपी में दो नकल की पर्चियां रखी मिलीं। जानकारी मिलते ही केंद्र व्यवस्थापक शिवओम द्विवेदी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने डीआईओएस को मामले से अवगत कराया। डीआईओएस ने पूरी घटना की जानकारी लेने के बाद उच्चाधिकारियों को सूचना दी। केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि छात्र की उत्तर पुस्तिका बुक कर उसे छोड़ दिया गया। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि डीपीएस इंटर कॉलेज में नकलची पकड़ा गया।

समाधान दिवस | कायमगंज में 156, सदर में 77, अमृतपुर में 26 शिकायतें आईं

# जिलाधिकारी के समक्ष शिकायतों का अंबार, निस्तारण पांच प्रतिशत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



क़ायमगंज में निरीक्षण करते डीएम वीके सिंह। अमृत विचार



तहसील सदर में फरियाद सुनते एसडीएम गजराज सिंह।

**अमृत विचार।** समाधान दिवस पर तहसील कायमगंज पहुंचें जिलाधिकारी के समक्ष शिकायतों का अंबार लग गया। निस्तारण सिर्फ 5.12 प्रतिशत ही किया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने के निर्देश जिम्मेदार अफसर को निर्गत किए गए।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण भी किया । तहसील में आलमारियों में रिकॉर्ड अव्यवस्थित तरीके से रखे हुए पाए गए। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कोर्ट का निरीक्षण किया। तहसील दिवस में कुल 156 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व विभाग की 65, विद्युत विभाग 35, पुलिस 23, विकास विभाग 11, पूर्ति विभाग 05 व अन्य की 17 शिकायतें थीं। 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विधायक कायमगंज सुरभि, मुख्य विकास अधिकारी अरविंदकुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

तहसील सदर में यूपी जिला अधिकारी गजराज सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ इस मौके पर तहसीलदार श्रद्धा पांडे मौजूद रही तहसील दिवस में कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें पांच का निस्तारण मौके पर कर दिया गया और शीश के निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए राजस्व विभाग की 46 पुलिस विभाग की नाव विकास विभाग की पांच और अन्य विभागों के 16 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनके संबंध में एसडीएम गजराज सिंह ने टीम बनाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए इस मौके पर अनुपस्थित रहे पांच कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने का आदेश जारी किया गया।

**अमृतपुर संवाददाता के अनुसार** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। जिसमे कुल 26 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। विद्युत विभाग,पंचायत विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पूर्ति विभाग से अधिकारियों के न आने पर एडीएम ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा संपूर्ण समाधान दिवस मे संबंधित अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। जिलाधिकारी के निर्देश के बाबजूद अधिकारी अपने विभाग के कर्मचारी को भेजकर संपूर्ण समाधान दिवस की खाना पूर्ति कर रहे हैं। नरवीर निवासी नागलहूशा ने पेंशन बनवाने, रेशमा निवासी चाचूपुर ने चकमार्ग पर अवैध कब्जा, बालकराम निवासी पिथनापुर ने पैमाईश हेतु, माधुरी शुक्ला निवासी अमृतपुर ने भूमि संबंधी, रामशंकर निवासी गलारपुर ने आवासीय पट्टा, गंगाधर निवासी मांझा की मड़ैया ने पेंशन बनवाने के संबंध मे आदि प्रार्थना पत्र आए। एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति ने सभी विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्रों का तय समय मे गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम रविन्द्र सिंह, तहसीलदार कर्मवीर सिंह, सीओ रवेंद्र नाथ राय, एसओ अमृतपुर मिनेश पचौरी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में समस्याओं को लेकर किसानों का प्रदर्शन

संवाददाता, कायमगंज

- भाकियू हरपाल गुट के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार।** भाकियू हरपाल गुट के पदाधिकारियों ने तहसील समाधान दिवस में जनसमस्याओं को लेकर किसानों ने प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट के दर्जनों पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में पहुंच कर जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। किसान नेताओं ने कहा अन्ना मवेशियों से किसान बहुत परेशान है। इसलिए उनके हमले से किसानों को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ा है। किसानों के खेतों में कटीले तारों को लगाने में मदद की जाए। बाढ़ का सर्वे आज तक नहीं हुआ है। जो मुआवजे के हकदार है उनका अब तक मुआवजा भी नहीं मिला है। ग्राम पंचायत भटासा, ममापुर में नालियों की सफाई की जाए वही विकास कार्य कराए जाए। वह बोले कई बार दोनो पंचायतों की समस्याएं उठाई लेकिन आज तक निदान नहीं हुआ। कृषि मंडियों में किसानो के लिए टीनशेड पड़े है। किसानों की फसले रखवाने का इंतजाम किया जाए। राशन की घटतौली रोकी जाए। किसान नेताओं ने कहा कि अयोध्या कैंट रेलवे परिसर में किसान पंचायत होगी। इसके लिए किसानों को बिना टिकट जाने दिया जाए। इस दौरान किसान नेताओं ने समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन सौपा। इस मौके पर किसान नेता हरिलाल राजपूत, हुकुम सिंह यादव, डा. प्रेमचंद्र सक्सेना, रमेश चंद्र, मोतीलाल, संतराम, विमला देवी, विजेंद्र सिंह यादव, अजय कुमार, कश्मीर सिंह गंगवार, राकेश कुमार, महेंद्र मोहन आदि रहे।

# आयुर्वेदः आयु का विज्ञान

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवन शैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योग गुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।

शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रूचि शरीर रचना संबंधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्ववेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है।

यूरोप में एलोपैथी का विकास 17 वीं सदी के आसपास हुआ। एच.एस.मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई.पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डा. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरुआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थ व्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं।**

इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एम.आर.आई. सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवन शैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरुवात जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।" फिर रोगों का कारण बताते हैं" इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।" रोगों से बचने के लिए जीवन शैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहिन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।" कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, "रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसमक्ष में जाए।"

आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड इफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातें से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आंकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यों भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतर्राष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञान अपना पराया नहीं होता। सभी पद्धतियों का लक्ष्य एक है। सबकी अपनी विशेषता है। सभी विज्ञान हैं। लेकिन सीमा भी है। डाइबिटीज से विश्व का बड़ा भाग पीड़ित है। इस रोग को समाप्त करने की दवा नहीं है। पारकिंसन (कम्पन रोग) की भी दवा नहीं है। इन्हें संयत करने की दवाइयां आजीवन खानी पड़ती हैं। मस्तिष्क की गतिविधि का बड़ा भाग अज्ञेय है। मानव मस्तिष्क जटिल संरचना है। सुख, दुख, ज्ञान व बुद्धि की अनुभूति मस्तिष्क क्षेत्र की गतिविधि से होती है। सुनते हैं कि प्रार्थना का प्रभाव गहन होता है। अवसाद का जन्म और विकास मस्तिष्क में होता है। विषाद का भी। उल्लास और प्रसाद प्रसन्नता देते हैं। इसका उल्टा भी हो सकता है। संभव है कि प्रसन्नता से उल्लास आता हो। स्वप्नों का केन्द्र भी मस्तिष्क है। सिगमण्ड फ्रायड ने 'साइको एनालिसिस' लिखी थी। फ्रायड का 'लिविडो'-कामना क्षेत्र विचारणीय है। फ्रायड ने सृजन कार्य को भी लिविडो से जोड़ा था। लेकिन पतंजलि के योग सूत्रों में चित्त की पांच प्रवृत्तियों को ही सुख दुख का कारण बताया गया है। अथर्ववेद के काम सूक्त में कविता को काम की पुत्री बताया गया है। सभी प्रणालियों को मिलाकर शोध की जरूरत है। सभी पद्धतियों के विशेषज्ञों में सतत् संवाद चलते रहना चाहिए। प्राचीनता और आधुनिकता का संगम राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में फलप्रद होता है। निंदा आलोचना का कोई औचित्य नहीं है।

# शब्द अमृत भी और विष भी

धर्मकथाओं,किंवदंतियों और साहित्य में मणिधारी सर्पों का जिक्र किया जाता है। धारणा है कि इन सर्पों की मणि बहुत लाभप्रद होती है और यह मणि जिसे मिल जाती है,वह तत्काल अत्यंत धनी हो जाता है। इस तरह की बातों को लेकर अलग-अलग धारणा है। विज्ञान जगत फिलहाल इसे स्वीकार नहीं करता है।

मणिधारी सर्प की इस धारणा को गहराई से देखा जाए और सर्पों को यदि दरकिनार कर मणिधारी जीव में मनुष्य के जीवन पर दृष्टि डाली जाए तो यह बात मानव जगत के लिए सही बैठती है। सर्पों के लिए धारणा है कि वे कंठ में मणि रखते हैं और उसे जब बाहर निकालते हैं तो उस मणि से प्रकाश तथा चमक निकलती है। इसकी जगह मनुष्य अपने कंठ से मृदु शब्द जब बोलता है तो वह भी किसी मणि से कम नहीं होता। उसकी भी चमक होती है जबकि कटु वचन जहर की तरह ही होता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्राचीन ग्रंथों में बहुत सारी कथाएं मनुष्य जीवन को ही दृष्टि में रखकर प्रचलित हुई हैं। कोई साहसी व्यक्ति है और उन विपरीत परिस्थितियों से जूझ जाता है जिससे सामान्य लोग घबराते हैं तब उसकी बहादुरी की तुलना शेर से की जाती है। इसी के साथ हिंसक तथा निर्दयी व्यक्ति की भी तुलना हिंसक पशुओं से की जाती है। इसी के साथ सुंदरता की तुलना भी पशु-पक्षियों से होती है। आंख अच्छी है तो खंजन और मृग से,चलने की तुलना हंस की चाल से होती है। इसके अलावा भावनाओं के मामले में भी उदाहरण के तौर पर लगातार प्रयास करने के मामले में कौए से,ध्यान लगाने की तुलना बगुले से और नींद के मामले में कुत्ते से तुलना की गई है। इसके अलावा भी ढेरों उदाहरण पशु-पक्षियों से तुलना के संदर्भ में गिने जा सकते हैं।

दरअसल ब्रह्मांड में जो भी व्याप्त है,वह मनुष्य शरीर में विद्यमान है। सूरज, चांद, सितारे, पेड़-पौधे, नदी-झरने, पशु-पक्षी आदि की शक्ति मनुष्य में विद्यमान है। कुछ पशु ऐसे हैं,जो बच्चे को जन्म देते हैं तो अपना दुग्ध पान मानव बच्चे की तरह कराते हैं। जबकि चिड़िया, तोता, कौआ, कोयल आदि पक्षी बच्चे को सीधे जन्म नहीं देते,बल्कि अंडे के रूप में देते हैं और अपने पंखों के स्पर्श से उन अंडों में जान डालते हैं। मानव के बच्चे को भी मां, पिता और परिवार जनों की मानसिक ऊर्जा मिलती है। इस तरह यह बिल्कुल सही है कि जो ब्रह्मांड में है वहीं मनुष्य पिंड में है।

इन सारी बातों के आधार पर यह धारणा बनी कि मनुष्य चाहे तो मणिधारी सर्प के रूप में अपनी जिह्वा से मधुर शब्दों का प्रयोग कर अकूत लाभ प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की जिह्वा किसी सर्प से कम नहीं है। प्रायः अलग-अलग समय पर अलग-अलग विरोधास्पद बात करने वाले को दोमुंहा सांप की ही संज्ञा दी जाती है। मनुष्य के लिए ही 'आस्तीन का सांप' मुहावरा प्रचलित है। इसके अलावा सद्गुणों से रहित इंसान को पशु समान ही कहा गया है। यह पूरी तरह सच है कि जीवन में वाणी का बहुत ही महत्व है। वाणी के मधुर शब्द वीणा के तारों से झंकृत होकर निकले संगीत की तरह लगते हैं। जबकि कठोर,छिद्रान्वेषण, चुगली आदि के शब्दों से व्यक्ति का महत्व कम होता है।

प्राचीन समय के राजाओं-महाराजाओं के दरबारों में बातचीत के लहजे से ईनाम आदि मिलने की बात तो कही ही जाती है, पर आधुनिक जीवन में देखा जाए तो बातचीत का लहजा ही बताता है परवरिश हुई है या सिर्फ पाले गए हैं। घर-परिवार, समाज, कार्यालय, न्यायालय तक में जिस भी व्यक्ति के बात का तरीका जितना उत्तम होता है, उसकी सुनवाई उतनी ही अधिक ही होती है। इसलिए शब्दों को खूब तौल कर बोलना चाहिए ताकि वह मणि बन जाए न कि जहर।

# देवभावना का स्रोत है मानव मन

अज्ञात और अनंत ब्रह्मांड में अपने को समायोजित करने के लिए मनुष्य ने अपनी भावनाओं, संवेदनाओं, मान्यताओं, कल्पनाओं और विचारों के ताने-बाने से बुनकर विश्वास प्रणाली के रूप में अपने लिए एक मानसिक-कवच तैयार किया है और उस मानसिक -कवच से सुरक्षा की भावना और जीवन की शक्ति प्राप्त की है।

इस जिंदगी में जहां कदम-कदम पर सामाजिक और प्राकृतिक विपदाएं, कठिनाइयां, प्रतिकूलताएं और कष्ट हैं तथा कदम-कदम पर रक्षा की समस्या है, यह विश्वास प्रणाली मनुष्य की एक जीवनी शक्ति "डूबते को तिनका का सहारा" बन जाती है। विपदा में धैर्य का हेतु बन जाती है। जहां कहीं और जब कभी मनुष्य अपने को परास्त अनुभव करता है,वहीं मन के अज्ञात स्तरों से कोई रहस्यमयी शक्ति उसे आश्वस्त करती है, वह उसका विश्वास या अंतर्निहित भाव ही है। उस विश्वास या अंतर्निहित भाव से मनुष्य ब्रह्मांड में सर्वत्र एक दिव्य शक्ति का आभास पाता है। यह अंतर्निहित भाव ही देवता का मूल कारण है। संस्कृत में कहावत है- देवाः भावस्तु कारणम्!

अवश्य ही यह देवभावना हार की मनः स्थिति से जन्म लेती है, परंतु उसका कार्य विजय प्राप्त करना होता है। जब मन देवता को आत्मसमर्पण करता है तब वह अवश्य ही निरीह ही प्रतीत होता है, परंतु उसकी जीवनयात्रा इस विश्वास शक्ति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है।**

के संबल से ही पूर्ण होती है आशा और विश्वास इस देव-भावना का सार तत्व है। यह देवता की ही शक्ति है, जो गहन संकटों में उसे सहारा देती है तथा अत्याचारी एवं बर्बर शक्ति के सामने भी तनकर खड़ी हो जाती है। विराट परिवेश में दुखों और कष्टों के बीच मन को सहारा देने वाले इस सुरक्षा कवच अर्थात् विश्वास प्रणाली को लोकमन धर्म के रूप में स्वीकार कर लेता है। मनुष्य का मन जहां अपनी भौतिक-शारीरिक शक्ति की सीमा देखता है, वहीं से उसके मन में यह देव भावना प्रारंभ हो जाती है। अपनी भौतिक शारीरिक शक्ति की क्षतिपूर्ति मनुष्य अपने मन की अज्ञात स्तरों से रहस्यमयी मनोवैज्ञानिक या आंतरिक शक्ति के रूप में "दिव्य शक्ति की परिकल्पना" के द्वारा प्राप्त करता है। इस परिकल्पना को मन की क्षति-पूरक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। सामाजिक समायोजन के लिए देव भावना में एक नैतिकता का आधार है कि वह ईश्वर या देवता मूल्य विरुद्ध आचरण करने वाले पापी को दंड देता है तथा सामाजिक पुण्य का आचरण करने वाले को पुरस्कार दे देता है। यह देवता कंस, रावण, शिशुपाल, जरासंध जैसे असुरों राक्षसों और दैत्यों का वध करता है तथा संतों-भक्तों या निर्बल के ऊपर अनुग्रह करता है। हिरण्यकशिपु के सामने ईश्वर प्रह्लाद के साथ रहता है और सुरुचि के सामने ईश्वर ध्रुव के साथ रहता है। कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है। अहंकार, ममता और स्वार्थ के सामने वह सदा समाज हित, प्राणि मात्र के हित और परमार्थ के साथ खड़ा है। दुर्योधन और दुःशासन के सामने वह द्रौपदी के साथ खड़ा है। देवभाव,अहंकार, काम, क्रोध, लोभ, हिंसा, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध है। क्षमा, सत्य, विनय, अहिंसा, करुणा, मैत्री और शांति की सामाजिक शक्तियों का आश्रय देवभाव में है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि देव भाव में मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों के प्रवाह का सहज मार्ग है। लोकमन देवता से सौभाग्य सुख की कामना करता है-पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगता है, भय से निवारण की अभिलाषा करता है, विजय की इच्छा करता है, धन संपत्ति वैभव विलास के वरदान की कामना करता है। देवभाव मंगल का केंद्र है। देव भावना में रति सिसृक्षा, तृष्णा, प्रभुता, गौरव आदि मूल प्रवृत्तियां सक्रिय हैं। शास्त्रों में जितने भी स्तोत्र मंत्र आदि हैं,सबके साथ फल श्रुति के रूप में इन मूल प्रवृत्तियों को हम देख सकते हैं। अमुक कथा सुनने से सौभाग्य मिलता है, अमुक व्रत करने से पुत्र प्राप्त होता है, अमुक यज्ञ करने से राज्य लाभ होता है, अमुक देवता को पूजने से प्रभुता प्राप्त होती है। अमुक स्तोत्र पढ़ने से लक्ष्मी प्राप्त होती है, धन मिलता है। यह मूल प्रवृत्तियां ही तो हैं।

देवभाव की संरचना में मानवमन का प्रतिबिंब सर्वत्र देखा जा सकता है। वह देवता निर्गुण निराकार है या सगुण साकार है, साकार में भी वह किसी अन्य प्राणी के रूप में है या मानव शरीर में, वह प्रत्येक रूप में मानव मन है, जो प्रसन्न होता है तो कृपा करता है, प्रसन्न होने पर वरदान देता है और अप्रसन्न होने पर अनिष्ट कर देता है।

यह बिल्कुल मानवीय स्वभाव है, क्योंकि देवभावना का स्रोत ही मानव मन है। देवभाव में मानव मन का होना नितांत स्वाभाविक ही है। इतना ही नहीं, देव भावना पारिवारिक परिवेश के अनुकरण पर आधारित भी है। देवता माता और पिता है- तुम्हीं हो माता, पिता तुम्हीं हो। माता-पिता का यह भाव हमें अपने पारिवारिक परिवेश से ही प्राप्त होता है। जगदंबा हो या परमपिता परमेश्वर यह दोनों अवधारणाएं परिवार से प्राप्त होती हैं।

# जागना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया

हम नींद में हैं या उस्नींदे हैं या जाग रहे हैं, लेकिन आंखें बंद करके पड़े हुए हैं। इसका अर्थ यह है कि हम अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को यूं ही जाने दे रहे हैं। घड़ी की हर एक टिकटिक के साथ आपका जीवन कम होता जा रहा है। अपनी जागरूकता से इन अमूल्य पलों की महत्ता को समझा जा सकता है, लेकिन प्रश्न यह है कि खुद को जागरूक कैसे करें?

सोना और जागना हमारे जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है। पूरे दिन का एक तिहाई समय सोने और दो तिहाई जागकर रहने के लिए होता है। जागकर रहने का मतलब केवल आंखें खोलकर रहना नहीं होता, मन को जागृत करके रखना होता है, हरेक गतिविधि पर सतर्कता कायम रखना होता है, जो भी हो रहा है, यदि हम बेहोशी में कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं, वह अपने आप ही हो रहा है। टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर चलाते समय हमारी मानसिक स्थिति गौर किया जाए तो हम लगभग बेहोशी में चलाते हैं। व्हील, एक्सीलरेटर और ब्रेक स्वाभाविक रूप से संचालित होते रहते हैं। हमारा ध्यान कहीं और रहता है। इस ध्यान की अनुपस्थिति का अर्थ है, मन का जागृत न होना।



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

मन को जागृत करने का अर्थ है, प्रत्येक क्रिया के प्रति मानसिक रूप से सतर्क रहना। जो भी हम कर रहे हैं या जो कुछ हमारे आसपास हो रहा है उसके प्रति सजग रहना। हमारे जीवन में एक क्रिया निरंतर होती है, श्वांस लेने की। वह आती-जाती रहती है, लेकिन एक मिनट के लिए यदि श्वांस को अवरुद्ध कर दिया जाए तो उसकी उपयोगिता समझ में आ जाएगी। हमारे शरीर के लिए इतनी अधिक आवश्यक क्रिया के प्रति हम सचेत नहीं रहते, उसे ध्यान से नहीं देखते। ऐसी अनेक लापरवाहियां हमारे साथ निरंतर घटती रहती हैं और हम उसके प्रति जरा भी गंभीर नहीं रहते।

# पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू

सन् 1925 में सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्ष चुनी गईं। तब तक वह गांधीजी के साथ दस वर्ष तक काम कर चुकी थीं और गहरा राजनीतिक अनुभव पा चुकी थीं। आजादी के पूर्व भारत में कांग्रेस का अध्यक्ष होना बहुत बड़ा राष्ट्रीय सम्मान था और वह जब एक महिला को दिया गया तो उसका महत्व और भी बढ़ गया।

गांधीजी ने सरोजिनी नायडू का कांग्रेस प्रमुख के रूप में बड़े ही उत्साह भरे शब्दों में स्वागत किया, 'पहली बार एक भारतीय महिला को देश की यह सबसे बड़ी सौगात पाने का सम्मान मिलेगा। अपने अधिकार के कारण ही यह सम्मान उन्हें प्राप्त होगा।' सरोजिनी ने स्वयं अपने बारे में कहा-'अपने विशिष्ट सेवकों में मुझे मुख्य स्थान के लिए चुनकर आप लोगों ने कोई नई मिसाल नहीं रखी है। आप तो केवल पुरानी परंपरा की ओर ही लौटे हैं और भारतीय नारी को फिर से उसके उस पुरातन स्थान में ला खड़ा किया है, जहां वह कभी थी।' अपने अध्यक्षीय भाषण में सरोजिनी नायडू ने भारत के सामाजिक, आर्थिक औद्योगिक और बौद्धिक विकास की आवश्यकता की बात की। प्रभावशाली शब्दों में उन्होंने भारत की जनता को अपने देश की स्वाधीनता के लिए हिम्मत और एकता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

गोलमेज कांफ्रेंस में महात्मा गांधी के प्रतिनिधि मंडल में सरोजिनी नायडू भी सम्मिलित थीं। रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए सरोजिनी नायडू ने महिलाओं को संगठित किया। जब 1932 में महात्मा गांधी जेल गए थे, उस समय आंदोलन को रफ्तार देने और बढ़ाने का दायित्व सरोजिनी नायडू को सौंप कर गए थे। गांधीजी ने कहा था- 'तुम्हारे हाथों में भारत की एकता का काम सौंपता हूं।' भारत का पक्ष रखने के लिए महात्मा गांधी ने उन्हें अमेरिका भेजा था। सरोजिनी नायडू ने महिलाओं का नेतृत्व करते समय नारी समाज की उन्नति के अथक प्रयास किए। देश के स्वतंत्र होने पर उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जो भारत की पहली महिला राज्यपाल भी थीं।

# उच्च शिक्षा में अस्तित्व की तलाश में हिंदी बाल साहित्य

साहित्य वह माध्यम है जिससे लेखक अपने विचार, भावनाएं और विचारों को पढ़ने व समझने वाले लोगों के साथ साझा करता है। साहित्य विशेष रूप से रचनात्मकता और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है जिससे पाठकों को उनके विचारों और भावनाओं का सामंजस्य बनाने में मदद मिलती है। इसके कई रूप होते हैं जैसे कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, गजल और अन्य। हर एक रूप में भाषा का अद्वितीय उपयोग किया जाता है।

बाल साहित्य एक ऐसा साहित्य है, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाता है और उन्हें उनके विकास के सभी पहलुओं में सहायक साबित होता है। बच्चों की नींव से उन्हें समाज, विज्ञान, भौतिकी, संस्कृति, इतिहास और मनोविज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में रूचि उत्पन्न होती है। बाल साहित्य सरल भाषा में लिखा गया होता है ताकि बच्चे आसानी से उसे समझ सकें और उससे प्रेरित हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छात्र आधारित शिक्षा नीति है। वार्षिक शिक्षा प्रणाली के स्थान पर सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया गया है। स्नातक स्तर पर परंपरागत व्यवस्था के स्थान पर तीन मेजर विषय और एक माइनर विषय का प्रावधान है। इसमें मुख्य विषय के साथ-साथ को करिकुलर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम/(वोकेशनल)/ स्किल डेवलपमेंट आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। को-करिकुलर के रूप में प्रत्येक सेमेस्टर में एक विषय को अनिवार्य बनाया गया है। को-करिकुलर विषय-खाद्य पोषण एवं स्वच्छता,



प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

**हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है।**

प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं योग, मानव मूल्य एवं पर्यावरण, विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्थानीय आवश्यकताओं की अनुसार विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम निर्धारण की छूट दी गई है।

इसमें तीन मेजर विषय और एक माइनर के साथ प्रत्येक सेमेस्टर में एक को-करिकुलर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम को अनिवार्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिगत सभी विषयों को पांच संकायों/ स्ट्रीम/ भागों में बांटा गया है जैसे- संकाय 1-कला एवं मानविकी, संकाय 2-लैंग्वेज/ लिटरेचर, संकाय 3- विज्ञान, संकाय 4- कॉमर्स, संकाय 5- मैनेजमेंट। अर्हता के अनुसार छात्र एक संकाय से दो मेजर विषयों का चयन करेगा। यह छात्र का अपना संकाय कहलाएगा। तीसरा मेजर वह किसी भी संकाय से ले सकता है इसके लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। छात्र का अध्ययन एक या दो अधिक संकायों तक ही सीमित न रहे इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माइनर की संकल्पना की गई कि वह तीसरे संकाय के किसी विषय को भी अपने अध्ययन में शामिल कर सकता है। किसी भी विषय के माइनर का पाठ्यक्रम बनाते समय यह ध्यान रखना होगा कि उस विषय के मुख्य मुख्य उपयोगी भाग/सिद्धांत पाठ्यक्रम का हिस्सा हो और संपूर्ण विषयवस्तु पाठ्यक्रम में समाहित हो ताकि विषय की सामान्य जानकारी छात्र को हो सके।

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है। सेमेस्टर ही नहीं अपितु पाठ्यक्रम का कोई अंश भी बाल साहित्य के रूप में नहीं है। माइनर विषय के रूप में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर बाल साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। स्नातक स्तर पर किसी एक सेमेस्टर में बाल साहित्य को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सकता है। स्नातकोत्तर स्तर पर एक पेपर के रूप में विभिन्न बाल साहित्यकारों का अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से छात्र प्रेरणा लेंगे। जब तक बाल साहित्य पाठ्यक्रम में शामिल नहीं होगा, शोधार्थी बाल साहित्य के विभिन्न अवयवों को अपनी शोध की विषय वस्तु नहीं बना सकते, जो हिंदी बाल साहित्य के क्षेत्र में शोध की अपूर्णीय क्षति होगी।

# मर्यादा और पाखंड

लोग दो तरह से जीते हैं। एक, अपने अनुसार। दो, दूसरों के अनुसार। अपने अनुसार जीना सुख है, दूसरों के अनुसार जीना दिखावा या पाखंड। दिखावा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। मर्यादा दो प्रकार की होती है-उच्च कोटि की और निम्न कोटि की। जिस मर्यादा का संबंध समझदारी से होता है, वह उच्च कोटि की होती है और जिसका संबंध समझ से रहित लोक प्रचलित धारणा से होता है, वह निम्न कोटि की होती है। दूसरी कोटि की मर्यादा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। प्रथम कोटि की मर्यादा उनकी समझ में नहीं आती।

एक उदाहरण से अपनी बात समझाने का प्रयत्न कर रहा हूं। मुझे दाल पकानी है। एक समय आएगा जब दाल पक जाएगी। जिस बिंदु पर दाल पक जाएगी, वहीं बिंदु उसकी मर्यादा हुई। उससे कम आंच में वह कच्ची रह जाएगी और अधिक आंच में जल जाएगी। कम या अधिक आंच मर्यादा का उल्लंघन है। मर्यादा के उल्लंघन का माने हुआ आपका नुकसान। अगर आपके कार्य से आपका और किसी अन्य का नुकसान न हो तो आपने मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कुछ दालें दो सीटियों में सीझ जाती हैं, कुछ चार में, कुछ छह में। उनकी मर्यादा एक नहीं हुई। अनुभवी लोग इसे जानते हैं और तद्नुसार अपने हित में मर्यादा का निर्धारण करते हैं, लेकिन जिनके पास अनुभव नहीं है, जिन्होंने सुन रखा है कि दाल चार सीटियों में सीझती है तो वह आदमी चक्कर में पड़ सकता है। दाल दो सीटियों वाली हुई, तो जल जाएगी और छह सीटियों वाली हुई तो कच्ची रह जाएगी। समाज में जो मर्यादा का अर्थ प्रचलित है, वह इसी तरह सुनी-सुनाई बातों पर आधारित है, बोध पर आधारित नहीं है। बोध पर आधारित मर्यादा देशकाल और व्यक्ति के अनुसार अलग-अलग होती है, जबकि जड़ लोगों की मर्यादा देशकाल और व्यक्ति का ख्याल न रखकर सदा एक समान होती है। इस जड़ता का श्रेय हमारी शिक्षा प्रणाली को जाता है,जो बोध पर केंद्रित नहीं है। पुरानी मर्यादा है कि जो पुरुष स्त्रियों की उनके काम में मदद करते हैं, वे मौगा कहलाते हैं और स्त्री-पुरुषों के बीच हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसलिए पुरुष सार्वजनिक रूप से उनकी सेवा करने से कतराते हैं। कोई नहीं देख रहा है, तब उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती।

एक समय की बात है। मेरी प्रेमिका नहाकर निकली। उसे जल्दी से कहीं जाना था। देर हो रही थी। इसी बीच उसे छत पर धूप में कपड़े भी सुखाने टंगनी पर डालने थे। मैंने कहा, तुम निकल जाओ। मैं इसे छत पर धूप में डाल दूंगा।

"लोग क्या कहेंगे?" वह बोली।/ "तुम भी लोगों के अनुसार चलोगी?" मैंने कहा। उसने एक नजर मुझ पर डाली और मुस्कुराकर चली गई। मैं छत पर गया और बाल्टी से एक-एक वस्त्र निकाल कर टंगनी पर लटकाने लगा-साड़ी,ब्लाउज आदि। सटी दूसरी छत पर खड़ी एक-एक स्त्री लगातार मुझे घूरती रही। आजतक उन्होंने मुझे उस नजर से नहीं देखा था, जिस नजर से आज देख रही थी। इसी नजर से बचने के लिए तो पुरुष यह कर्म नहीं करते हैं।

मैं सोचने लगा कि वह स्त्री मेरे बारे में किस तरह की धारणा बना रही होगी। एक मन से तो वह भर्त्सना कर रही होगी-कैसा मौगा मर्दाना है। शायद दूसरे मन से अपने पति को कोस भी रही होगी और मेरी प्रिया के भाग्य की सराहना भी कर रही होगी। काश, मेरे पति भी ऐसा कर देते। जाते-जाते मेरी प्रिया हिदायत भी देती गई थी कि घर में पोंछा नहीं लगाइएगा। मैं आऊंगी, तो लगाऊंगी, लेकिन इस तरह की हिदायत मानता कौन है? बोध वाले लोग पुरानी मर्यादा अथवा पुराने संस्कारों से एक झटके में बाहर हो जाते हैं, जबकि अबोध लोग उसे प्रतिष्ठा की बात समझकर ढोते रहते हैं। निष्कर्ष यह कि बोध केंद्रित मर्यादा मर्यादा है और लोग केंद्रित मर्यादा दिखावा या पाखंड।

# फायरब्रांड नेता डॉ. रामशंकर पर भाजपा ने फिर जताया विश्वास

## इटावा लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार लड़ेंगे चुनाव, भाजपा की पहली लिस्ट में नाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की पहली सूची में इटावा सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से डॉ. रामशंकर कठेरिया का नाम प्रत्याशी के तौर पर फाइनल कर दिया है। बीजेपी के फायर ब्रांड नेताओं में शुमार डॉ. कठेरिया को दूसरी बार इटावा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाया जा रहा है। इससे पहले वे 2019 में सपा के गढ़ इस चुनाव क्षेत्र से चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंचे थे। इटावा के भरथना विधानसभा क्षेत्र के गांव नगरिया सरावा में जन्मे डा रामशंकर राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। प्रारंभिक शिक्षा के बाद वे आरएसएस से लंबे समय तक जुड़े रहे। इसके बाद आगरा विवि में बतौर प्रोफेसर अपने कैरियर की शुरूआत की। आगरा की राजनीति में उन्होंने अपने आप को स्थापित किया। आगरा से भी 2009 में भाजपा के टिकट पर पहली बार सांसद चुने गए। उन्हें प्रदेश के कद्दावर नेताओं में गिना जाता है। भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर भी उनका नाम खूब चर्चा में रहा।


सांसद राम शंकर कठेरिया।

डॉ. कठेरिया को वर्ष 2019 में भाजपा ने सपा के गढ़ इटावा में लोकसभा का टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा। सपा बसपा गठबंधन होने के बाद हुए इस चुनाव में उनके सामने बड़ी चुनौती थी। सपा बसपा गठबंधन से पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया के पुत्र कमलेश कठेरिया को चुनाव लड़ाया गया। भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया को 5,21,815 मत मिले थे। जबकि गठबंधन उम्मीदवार के खाते में 4,57,454 वोट आए। अपने विपक्षी कमलेश कठेरिया को 64359 वोटों से हराया। सपा को उसके ही गढ़ में हराकर राष्ट्रीय राजनीति में उन्होंने अपना दबदबा कायम किया। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के गृहजनपद से भाजपा के रामशंकर कठेरिया के जीत की गूंज पूरे देश में सुनाई दी।

**पुरस्कार स्वरूप केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान :** भाजपा ने भी इटावा से जीतने पर उन्हें पुरस्कार स्वरूप केंद्रीय मंत्रिमंडल में बतौर राज्यमंत्री स्थान देकर उनका राजनैतिक कद बढाया। इसके बाद अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष का दायित्व भी सौंपा। डा रामशंकर कठेरिया ने इटावा की राजनीति को एक नया आयाम देते हुए कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच खासी लोकप्रियता हासिल की।

यही नहीं विकास के मामले में इटावा को एक नई ऊंचाई प्रदान की। रामनगर रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज, रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण, भरथना बाईपास, बसरेहर बाईपास, अटल एक्सप्रेस वे को इटावा से जोड़ने, पचनद बांध परियोजना जैसे कई काम ऐसे हैं जो इटावा के लिए आने वाले दिनों में किसी वरदान से कम नहीं हैं। उनका फायर ब्रांड अंदाज ने इटावा की राजनीति में खूब धाक जमायी। यही बजह रही कि भाजपा ने दूसरी बार उन पर विश्वास जताते हुए पहली सूची में ही नाम फाइनल कर दिया। उनके प्रत्याशी घोषित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई।

**5,21,815**
मत पिछले लोस चुनाव में मिले थे

**4,57,454**
वोट निकटतम उम्मीदवार ने पाए थे

**64359**
वोटों से विपक्षी को हराया था

**2009**
में पहली बार भाजपा के टिकट पर आगरा के सांसद बने

### ढोल बजाकर मिठाई बांटी गई

**इटावा।** सांसद के मीडिया प्रभारी अमित तिवारी मानू के नेतृत्व में सिंचाई विभाग डाक बंगले पर जश्न मनाया गया मिठाई बाटी गई । ढोल भी बजे। इस मौके पर मोहित दुबे, विमल भदौरिया, हरनाथ कुशवाहा, वैभव मिश्रा, चंद्रशेखर चौधरी, अंशुल दुबे, राकेश पाल, कृपा नारायण तिवारी मौजूद रहे।

# रामगंज की मुख्य सड़क धंसी जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान

कार्यालय संवाददाता,इटावा

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला रामगंज की मुख्य सड़क पानी की पाइपलाइन में लीकेज होने की वजह से गुरुवार देर रात्रि धंस गई। जिसका 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद जिम्मेदार नगरपालिका के अधिकारियों व स्थानीय सभासद के द्वारा कोई आवश्यक कार्यवाही न होने से मोहल्ले के लोगों में रोष व्याप्त हो गया है।

**पाइप लाइन से आए दिन होता रहता है लीकेज :** रामगंज की यह सड़क शहर के मुख्य बाजार को रोडवेज बस स्टैंड से जोड़ती है। इसके अलावा इस सड़क पर थोक का हौजरी, फर्नीचर व बैंड मार्केट है। सुबह से लेकर शाम तक इस सड़क पर ट्रैफिक काफी ज्यादा रहता है, जिससे कई बार जाम भी लग जाता है। जब से जल निगम द्वारा यहां पर पाइपलाइन डाली गई है, उसके बाद से इस सड़क पर चौराहे से लेकर सैदवाड़ा तक कई जगह गड्ढे हो गए थे जिन को ठीक करने के लिए एक साल पहले केवल कामचलाऊ प्लास्टरिंग कर दी गई। हालांकि मुख्य पाइप लाइन के अंदर से लीकेज होने के कारण प्लास्टरिंग भी नहीं चल पाई और अब फिर से गड्ढे हो गए हैं।

कबीरगंज तिराहे से लेकर चांद फर्नीचर की दुकान के सामने तक यह समस्या काफी विकराल हो गई है।

कुछ माह पहले भी इसी नए गड्ढे के पास ही एक बड़ा गड्ढा हो गया था जिसको मलबा डाल कर भर दिया गया। हालांकि रास्ता काफी उबड़-खाबड़ हो गया है।


रामगंज मोहल्ले की मुख्य सड़क में बना गड्ढा। अमृत विचार

### जिम्मेदारों से की शिकायत, नहीं दिखा कोई असर

इस बारे में स्थानीय निवासियों ने मकसूदपुरा वार्ड के सभासद प्रतिनिधि शाहिद सिद्दकी और नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि संटू गुप्ता से भी शिकायत की, लेकिन गड्ढे को भरने को लेकर किसी तरह की कोई कार्रवाई समाचार लिखे जाने तक नहीं हुई। ऐसे में कई बार जाम भी लगा, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई।

# राजेश्वरी देवी को मिली राहतपुर की प्रधानी

**महेवा, इटावा।** महेवा की ग्राम पंचायत राहतपुर में ग्राम पंचायत सदस्य राजेश्वरी देवी को कार्यवाहक ग्राम प्रधान नियुक्त किया गया है। राहतपुर के निर्वाचित ग्राम प्रधान जगदीश चन्द्र का बीमारी के चलते गत 4 फरवरी को निधन हो गया था। जिला पंचायत पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह के निर्देशन में सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्याम वरन राजपूत की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सभी मौजूद 11 सदस्यों ने राजेश्वरी देवी को कार्यवाहक प्रधान का प्रस्ताव पास किया गया था। जिलाधिकारी अवनीश राय ने राजेश्वरी देवी को आगामी उपचुनाव होने तक प्रस्ताव के आधार पर कार्यवाहक प्रधान नामित किए जाने के आदेश पारित किए। एडीओ ने उन्हें विभागीय आदेश की प्रतिलिपि सौंपी।

# भाजपा नहीं हटी तो संवैधानिक अधिकार छिन जाएंगे: शिवपाल

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा को पटखनी देने के लिए 90 से लेकर 95 फीसदी तक मतदान कराना होगा। वे सैंफई ब्लाक में विकास कार्यों की समीक्षा और शिलान्यास के बाद सैफई के एसएस मेमोरियल स्कूल में क्षेत्रीय जनता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में बहुत मेहनत करनी है। इस सरकार को हटाना जरूरी है, यदि यह सरकार नहीं हटती है तो अब संविधान बदलेगा और संविधान के अधिकार छीन लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपाई बहुत ही बेईमान हैं। जहां कम वोट से जीते हो वहां पर बेईमानी कर लेते हैं। इससे बचने का बेहतर तरीका यही है कि 90 से 95 प्रतिशत से अधिक वोट डाल दो । यह लोग बईमानी नहीं कर पाएंगे।


जसवंतनगर में वाटर कूलर का लोकार्पण करते विधायक शिवपाल सिंह यादव।

● **सैफई में कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा**

कोई भी चैनल खोलो तो सबमें भाजपा के लोगों के नाम चलकर रह जाते हैं।

उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि लोगों से अच्छी भाषा बोलो तो वोट जरूर करेंगे, कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनका काम करो तब भी वोट नहीं देते हैं। मोदी सरकार को देखते देखते 10 साल हो गए। योगी सरकार को देखते-देखते सात साल हो गए लेकिन मिला कुछ नहीं। इटावा जिले के आसपास के सभी जनपदों में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। सपा सरकार में विकास हुआ था।

उन्होंने कहा कि भगवान राम के राज्य में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के राज्य में जनता भी कहीं झूठ नहीं बोलती थी। अब समय बदला जिसकी वजह से परेशानी है। किसान परेशान हैं पढ़े-लिखे लोगों को नौकरी मिलना चाहिए यह सरकार नौकरी भी नहीं दे पा रही। इस मौके जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव,कार्यक्रम संयोजक सदस्य जिला पंचायत डॉक्टर अरविंद यादव नें आए हुए अतिथियों कार बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर वोट सिंह यादव,प्रयाग सिंह यादव प्रधान, आनंद उर्फ बबलू, राधा कृष्ण यादव, अरुणेंद्र उर्फ नीलू यादव, सोनू यादव प्रधान,सर्वेश यादव प्रधान बलभद्रपुर, प्रदीप आढ़तिया महोला, राजवीर बाबा,अमलेश यादव सेक्टर प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### 'जसवंतनगर के लोगों का साथ नहीं छोड़ेंगे'

**जसवंतनगर, इटावा।** विधायक शिवपाल सिंह यादव ने बदायूं लोकसभा क्षेत्र से सपा के प्रत्याशी घोषित होने के उपरांत पहली बार यहां ब्लॉक परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि वह कहीं भी रहे लेकिन जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कभी भी साथ नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा जसवंतनगर की जनता ने हमेशा उनका साथ दिया है। उन्होंने विकास कार्यों के 38 शिलापटों का अनावरण कर लोकार्पण किया। इसमें नगर क्षेत्र में विधायक निधि से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मैदानी रामलीला परिसर में इंटरलॉकिंग का प्रस्तावित निर्माण भी शामिल है। इस दौरान डीसीबी अध्यक्ष आदित्य यादव,ब्लॉक प्रमुख डॉ अंजलि यादव,पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रमुख डॉ ब्रजेश चंद्र यादव,विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव और विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू,खंड विकास अधिकारी श्वेता गर्ग, सहायक विकास अधिकारी पंचायत देवेंद्र पाल सिंह यादव आदि उपस्थित रहे। सपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने अपने पिता स्वर्गीय जवाहरलाल गुप्त की स्मृति में बनवाकर लगवाए गए वाटर कूलर का शुभारंभ किया। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, विधायक प्रतिनिधि ठा अजेंद्र सिंह गौर,अनिल प्रताप यादव,पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण संखवार,विनोद यादव, हाजी मोहम्मद अहसान,राजपाल यादव मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था हुई बेपटरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● **कांग्रेस ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा**

**अमृत विचार।** कांग्रेस ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बिगड़ी हुई बताते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि नाबालिग बहन बेटियों के शव पेड़ पर लटके मिल रहे हैं। कहीं बेटियों को ईंटों से कुचला जा रहा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बनारस में भाजपा के पदाधिकारी के द्वारा बीएचयू कैंपस में आईआईटी की छात्रा के साथ बलात्कार करने का दुस्साहस किया गया। उस बेटी को अभी तक कोई न्याय नहीं मिला। ज्ञापन में कांग्रेस ने राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, महिला शहर अध्यक्ष सरला जाटव, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आसिफ जादरान, करन सिंह राजपूत,सुरेंद्र प्रताप सिंह,सरवर अली, मोहनलाल प्रजापति, अजीत कुमार आदि रहे।

# लोगों को बहरेपन की समस्या पर करेंगे जागरूक

**विशेष : वर्ल्ड हियरिंग डे**

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** हर साल तीन मार्च को 'वर्ल्ड हियरिंग डे' मनाया जाता है। इस दिवस का मनाने का उद्देश्य लोगों को बहरेपन की समस्या के प्रति जागरूक करना है। इसी उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2007 से वर्ल्ड हियरिंग डे मनाने की घोषणा की थी। इस वर्ष इस दिवस की थीम बदलती मानसिकता-आइए कान और सुनने की देखभाल को सभी के लिए वास्तविकता बनाएं पर मनाया जाएगा। यह जानकारी आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के ईएनटी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ अभय कुमार ने दी।

इस मौके पर डॉ. जितेंद्र ने बताया कि बीईआरए, पीटीए, स्पीच थेरेपी सहित कुल 22 जांचों की सुविधा हमारे मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कोकलियर इंप्लांट जैसी सुविधाएं भी मरीज को मिलना शुरू हो जाएंगी। इसलिए कानों से संबंधित कोई भी समस्या है तो आप यहां आकर संबंधित समस्या का इलाज पा सकते हैं।

### सुनने की क्षमता बरकरार रखने को ध्यान रखें ये बातें

**क्या करें**

- तेज आवाज वाली जगह पर काम करते समय कानों को इयर प्रोटेक्टर से बचाएं।
- ईयरफोन प्रयोग कम करें यदि करें तो 20-30 प्रतिशत ही वॉल्यूम रखें।
- तेज आवाज से यथासंभव बचें।
- कान में दर्द, सूजन या बहने पर दिक्कत होने पर डॉक्टर की सलाह लें।

**क्या नहीं करें**

- कानों में कोई तेल या तरल पदार्थ ना डालें।
- लगातार और बार-बार बहुत तेज म्यूजिक न सुनें।
- सुनने में तकलीफ और कान में सूजन या दर्द हो तो कोई भी दवा अपने मन से ना लें।
- धूम्रपान और मादक पदार्थों का प्रयोग ना करें व स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं।

## सार-संक्षेप


सड़क के चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ करती विधायक सरिता भदौरिया।

### 'डबल इंजन की सरकार जिले में बिछा रही सड़कों का जाल'

**इटावा।** डबल इंजन की सरकार जनपद में सड़कों का जाल बिछा रही है। शहर में नुमाइश चौराहे से 22 ख्वाजा होते हुए दक्षिणी बाइपास तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण के कार्य की स्वीकृति लोक निर्माण अनुभाग एक से मिलने के उपरांत मार्ग चौड़ीकरण का शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि गांव व शहर में अच्छी व सुंदर सड़के बनें। आवागमन की सुविधा अच्छी होने से ही विकास संभव है। इसीलिए हमारी सरकार की प्राथमिकता में सड़के हैं। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान, विकास भदौरिया, सागर दुबे, ओम रतन कश्यप, विनीत कुमार पांडे, चंदन पोरवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### चाकू मारकर घायल करने वाला गिरफ्तार

**इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव नगला मरदान में दावत खाने गए एक युवक को जन से मारने की नियत से चाकू मारकर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। क्षेत्र के गांव खुमान पुरा निवासी मनीराम ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसका पुत्र राजेश कुमार उर्फ राजू गांव नगला मरदान शादी की दावत में गया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विकास पुत्र मुन्नालाल पोरवाल ने गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नीयत से राजेश के सीने में चाकू मार कर घायल कर दिया जो उसके सीने मे ही घुसा रहा। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी विकास पोरवाल पुत्र मुन्ना लाल पोरवाल निवासी ढकपुरा को बाहरपुरा नहर पुल के पास बने आश्रम के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।



बच्चों को जागरूक करतीं सेवा योजना की छात्राएं। अमृत विचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने किया जागरूक

**इटावा।** पंचायत राज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एकदिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रेखा दीक्षित ने बताया कि स्वयंसेवकों का दल इस शिविर के अनुक्रम में चौगुर्जी स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचा। वहां छोटे छोटे बच्चों के साथ विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में प्रतिभाग किया। इस मौके पर छात्राओं ने बच्चों को स्वच्छता अभियान को लेकर विशेष रुप से जागरूक किया। सभी से साफ सफाई को लेकर अतिरिक्त उपाय करने को कहा गया। स्वयंसेवकों ने बच्चों से पढ़ाई लिखाई और खेलकूद से संबंधित कार्यक्रम भी कराए। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ रमाकांत राय और डॉ अनुपम सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### वाहन ने आटो में मारी टक्कर ,एक की मौत पांच घायल

**उदी, इटावा।** बढ़पुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्वालियर बरेली हाईवे पर नगला गौर के पास शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो पलट गया। टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। क्षेत्र के गांव अंड की मड़ैया के रहने वाले लोगा शुक्रवार को शहर में काम करके रात नौ बजे ऑटो से गांव जा रहे थे तभी उक्त स्थान पर हादसे के शिकार हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी गणेशशंकर द्विवेदी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। इनमें इसी थाना क्षेत्र के गांव अंड की मड़ैया कामेत के रामोतार राजपूत के 22 साल के बेटे विनोद उर्फ टिल्लू को मृत घोषित कर दिया गया। इसी गांव के सत्यप्रकाश, रामबरन, मनोज कुमार, इंद्रजीत तथा रिंकू को भर्ती किया गया। जिनका उपचार चल रहा है। टक्कर मारने वाला वाहन भाग जाने में सफल रहा।

### श्रम शिक्षा के संबंध में दिया प्रशिक्षण

**महेवा, इटावा।** ग्राम पंचायत महेवा में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षाविद राजेश कुमार दुबे ने कहा कि शासन से संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में लोग अपना लाभ नहीं उठा पाते हैं । मुख्य प्रशिक्षणदाता राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के शिक्षा अधिकारी के एस ठाकुर ने ई-श्रम कार्ड , श्रम योगी मानधन योजना ,अटल पेंशन योजना , सुकन्या समृद्धि योजना ,प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना , जीवन बीमा योजना ,पी एम व सी एम आवास योजना आदि सहित शासन की कई जनहित कारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। ग्राम प्रधान महेवा कुमुद सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में राधेश्याम साहू अध्यक्ष उपकार ग्रामोउद्योग संस्थान, काजल राय कृष्णकांत तिवारी , कल्पना देवी ,अवधेश राठौर आदि का सहयोग रहा।

**बरसी आफत**

पानी की बूंदों में धुली किसानों की उम्मीदें, इस समय हो रही बारिश से आलू और सरसों की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा

# बारिश से सब्जियों के राजा आलू पर फिर आया बड़ा संकट

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** इस बार मौसम किसानों को परेशान करने लगा है। आए दिन आसमान में बादलों के डेरे और कभी तेज पानी तो कभी बूंदाबांदी से फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। शुक्रवार को भी सुबह से ही बादल छाए रहे और शाम से रात्रि में रुक-रुक कर तथा शनिवार को अल सुबह से ही क्षेत्र में बारिश खेतों में खड़ी फसल के लिए नुकसानदेह हो रही है। आलू की फसल पर बारिश का असर पड़ने से अब महंगा होने के आसार नजर आ रहे हैं। वहीं सरसों पकी फसल जमीन पर गिरती जा रही है।

सब्जियों के राजा आलू की भी अच्छी पैदावार जिले में हुई है । आलू पक कर तैयार हो गया है। कई जगह पर खुदाई भी शुरू हो गई है। मौसम परिवर्तन के कारण किसान आलू को लेकर भी परेशान हैं। किसानों ने बताया कि पाल खत्म होने बाद आलू पर हवा पानी पड़ने से आलू के कंद पर हरापन आने से आलू की क्वालिटी गिरती है। जिससे किसानों को आलू का अच्छा भाव नहीं मिलता है। इसे लेकर किसान बहुत चितिंत है। मौसम के बिगड़े हालत देखकर किसानों ने आलू की खुदाई को बंद कर दिया।


खेतों में बारिश से पलटी पड़ी सरसों की फसल। अमृत विचार

### बेमौसम फिर हुई बरसात

क्षेत्र में शनिवार सुबह से ही बेमौसम बारिश प्रारंभ हो गई । क्षेत्रीय किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर की फसले खराब हो रही हैं। तेज हवा के साथ हो रही बारिश ने हर जगह पानी ही पानी कर दिया। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखती हैं।

### बेमौसम बारिश से दलहन तिलहन की फसलों को लगा झटका

**महेवा, इटावा।** मार्च माह के शुरूआती दौर में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। कभी बारिश तो कभी तेज धूप निकल रही है। बीते कई दिनों से अच्छी धूप निकलने के बाद शनिवार की सुबह से अचानक एक बार फिर तेज बारिश हो गई। शुक्रवार को बूंदाबांदी के साथ रात भर बादल छाये रहे। बीच-बीच में धूप के भी दर्शन होते रहे। वारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान राजीव ऋषीश्वर व बलराम तिवारी का कहना है यदि तेज बारिश हुई तो अब दलहन व तिलहन की फसलों को नुकसान हो सकता है। हालांकि गेहूं के लिए कोई नुकसान नहीं है। किसान भी अब इंद्रदेव से प्रार्थना कर रहे हैं कि बरसात ना हो। उनकी फसल को नुकसान ना हो सके। शनिवार को सुबह से हुई बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। तेज हवा के साथ हुई बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई। गेहूं जौ के साथ-साथ चना अरहर सहित अन्य दलहनी फसलों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। कृषि रक्षा इकाई के प्रभारी डॉ अक्षय कुमार का कहना है कि बारिश से अरहर सरसों अलसी चना मसूर में लगे फूल नष्ट हो जाएंगे । जिससे पैदावार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। जिस तरह से अचानक बारिश हुई और अभी भी मौसम साफ नहीं है। कहीं तेज बारिश और ओला वृष्टि हुई तो किसान कहीं का नहीं रहेगा। आलू की फसल को भी काफी नुकसान होगा । क्षेत्र के ग्राम आनेपुर ,फतेहपुरा नगरीलोलपुर मतिरामपुर, उझियानी सहित दर्जनों ग्रामों में कीचड़ युक्त गलियों में लोगों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


उझियानी में सड़क पर भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

# रेल मंत्री के नाम स्टेशन मास्टर को दिया तीसरा ज्ञापन

- कोरोना काल में बंद फफूंद स्टेशन पर लिंक तथा मुरी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग
- लोगों ने कहा प्रत्येक माह की दो तारीख को ठहराव न होने तक दिया जाएगा ज्ञापन

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर में गांधी जयंती से शुरू करके समाजसेवी धीरज शुक्ला ने गांधी के सिद्धांतों पर चलकर अपने सहयोगी मित्रों के साथ कोरोना के समय बंद फफूंद स्टेशन पर ट्रेन लिंक एक्सप्रेस तथा मुरी एक्सप्रेस के ठहराव के लिए रेल मंत्री के नाम तीसरा ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक अजय राय को दिया। उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अजय पैराडाइज में भी अपनी मांग ट्रेन ठहराव की दोहराई।

समाजसेवी धीरज शुक्ला ने कहा कि जब तक स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव नहीं हो जाता। तब तक प्रत्येक माह की दो तारीख को शाम चार बजे ज्ञापन लगातार स्टेशन अधीक्षक को दिया जाएगा। कोरोना से पहले इन ट्रेनों का फफूंद स्टेशन पर ठहराव था। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए लोग यहां से हजारों की तादाद में जाते थे। अब उन्हें बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसलिए हमारी ट्रेन की मांग पर तत्काल विचार विमर्श किया जाए। अन्यथा हम लोग गांधी की विचारधारा से दिल्ली जाकर रेल मंत्री से मुलाकात कर ट्रेन ठहराव की मांग करेंगे। आज गांधीवादी तरीके से समाजसेवी धीरज शुक्ला के नेतृत्व में मुहिम चलाई गई है। इस मुहिम के प्रति नगर के लोगो में काफी उत्साह दिख रहा है और नगर वासियों को उम्मीद है कि उनकी इस मांग पर जल्दी रेलवे प्रशासन विचार विमर्श करके ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित करे।


स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी। अमृत विचार

### फफूंद स्टेशन की आमदनी सालाना 12 करोड़

वर्तमान समय में दिबियापुर के फफूंद स्टेशन की आमदनी कानपुर और इटावा के बीच पड़ने वाले स्टेशनों में सर्वाधिक है ।यह स्टेशन लगभग सालाना 12 करोड़ की आमदनी रेलवे को देता है । दिबियापुर का स्टेशन आदर्श ए ग्रेड में शुमार है। लेकिन, सुविधाओं के नाम पर स्टेशन पर कुछ खास नहीं दिखता है। इससे पहले दो माह पहले सांसद ने रेलवे अधिकारियों से स्टेशन पर जोधपुर हावड़ा मूरी एक्सप्रेस व एक्सेलेटर सीढ़ियां लगाने की बात कही थी। सांसद का यह वादा भी आज तक सिर्फ कोरा कागज़ साबित हो रहा है। दिबियापुर के फफूंद स्टेशन पर आसपास के 30 किलोमीटर के लोग ट्रेन को पकड़ कर अपनी यात्रा को सुगम और सुलभ बनाते है जहां पूरे दिन स्टेशन पर भीड़भाड बनी रहती है। ज्ञापन देने वालों में दिवाकर पांडेय, छुट्टन, राकेश चौबे, रमेश चंद्र शुक्ला, अजय गुप्ता पैराडाइज, प्रशांत गुप्ता शक्ति, सचिन चोटीवाला, अनुराग दुबे, हृदय नारायण चतुर्वेदी, रामचंद्र चौबे आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या जाएंगे 3500 भाजपा कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को अयोध्या राम मंदिर दर्शन के लिए रविवार को ले जा रही है। श्रीराम दर्शन अभियान के अंतर्गत पूरे जिले की तीनों विधानसभाओं से लगभग 3500 कार्यकर्ता 55 बसों और 40 निजी वाहनो से अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन कराने के लिए अयोध्या ले जाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने बताया कि संगठन के निर्देशानुसार 3 मार्च 2024 को भारतीय जनता पार्टी औरैया के तीनो विधानसभा, मंडल , वार्ड एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य-भव्य राममंदिर में रामलला के दर्शन के लिए जा रहे हैं। बसों में कार्यकर्ताओ ने स्वल्पाहार और पानी की व्यवस्था भी कर रही है।

कार्यालय से सभी मंडल अध्यक्षों को प्रवेश कार्ड वितरित कर दिए गए है। अयोध्या पहुंच कर जहां "नव अयोध्या परिसर", टेंट सिटी में सभी के रुकने की व्यवस्था की गई है। जिसमें भोजन, स्वल्पाहार, मंदिर भ्रमण की सुविधा प्रदान की जाएगी। मंडलों में जाने वाली सभी बसों के रूट तय कर दिए गए है। बस में राम भक्तो को बैठाने की व्यवस्था मंडल अध्यक्ष को दी गई है। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओ पी गुप्ता, वीर सिंह पाल, विवेक पाठक, यशवीर सिकरवार, राहुल गुप्ता, सोनू सोनी, कार्तिक गुप्ता आदि मौजूद रहे।


जानकारी देते भाजपा जिलाध्यक्ष भुवनप्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

# संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का लगा अंबार, निस्तारण नाममात्र

## जनपद की तीनों तहसीलों में फरियादियों की शिकायतों को अधिकारियों ने सुना

औरैया टीम

**अमृत विचार।** शनिवार को जिले की तीनों तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस बिधूना तहसील में हुआ। यहां पर डीएम ने अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं का निर्धारित समय के अंदर निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये।

बिधूना संवाददाता के अनुसारः जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक चारू निगम आदि अधिकारियों ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को सुनकर उनके गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि एक ही समस्या के लिए किसी को बार बार चक्कर लगाने पड़े तो सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। यहां पर 89 में से 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। मडहा मांछीझील निवासी भगवानदीन पुत्र रामराज ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम की मौजूदगी में पुनः पैमाइश कराये जाने की मांग की। आरटीआई कार्यकर्ता रामवीर सिंह यादव ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में सरकारी विभागों द्वारा शिकायत संख्या में दी गई संख्या को अपूर्ण दर्शाये जाने का आरोप लगाया साथ ही कई अन्य सुझाव भी दिए। सरवचन सिंह पुत्र हनुप्रसाद निवासी मुरादपुर ने रंजीत वलवीर आदि पर चकमार्ग की भूमि को काटकर अपने खेतों में मिलाये जाने का आरोप लगाया।

जिलाधिकारी ने तहसीलदार बिधूना को स्थलीय परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं को सुनकर संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पीड़ित की समस्या के निस्तारण में किसी भी प्रकार की उदासीनता पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, एसडीएम हरिश्चंद्र, सीओ अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार रनवीर सिंह, नायब तहसीलदार पीयूष साहू,खंड विकास अधिकारी राजनरायन तिवारी मौजूद रहे।

**अजीतमल संवाददाता के अनुसारः** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। 68 में 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाबरपुर कस्बा निवासी अनीता सिंह ने बताया कि दबंग मुझे परेशान कर रहे हैं। पीड़िता के पडोसी संतोष व उनकी पत्नी रूबी जबरन प्रार्थिनी के प्लाट में गंदे पानी का पाइप डाले हुये है। विरोध करने पर गाली-गलौज कर मारपीट की। किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष केशव सिंह राजपूत ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील दिवस में शिकायती पत्र दिया। जिसमें कहा कि आवारा गोवंश की समस्या मुसीबत बनी है। वहीं, विद्युत विभाग द्वारा किसानों को समय से बिजली कम सप्लाई होने से किसान परेशान हैं। डीएम नेहा प्रकाश ने शिकायतों को निस्तारण के आदेश दिए। वहीं, एसपी चारु निगम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये से थाना में आने वाले सभी लोगों को संतुष्ट किया जाए।


बिधूना तहसील में फरियादियों की शिकायतों को सुनतीं डीएम नेहा प्रकाश।

## पिकअप ने बाइक में टक्कर मारी, तीन युवक गंभीर घायल

**फफूंद, औरैया।** फफूंद कस्बे से बाजार करके घर जा रहे बाइक सवार की बाइक में एक तेज गति की पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान घायलों को एंबुलेंस से दिबियापुर ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें कानपुर निजी अस्पताल ले गए।

शनिवार दोपहर थाना क्षेत्र के गांव खगीपुर निवासी दिनेश तिवारी, ब्रजेश दोहरे और सुनील कोहली फफूंद से बाजार करने के बाद बाइक से वापस घर जा रहे थे। दिबियापुर फफूंद मार्ग पर बंबा की पुलिया के नजदीक पहुंचते ही पीछे से तेज गति से आए पिकअप चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने पहचान कर परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर खगीपुर के ग्राम प्रधान राजेश तिवारी भी पहुंच गए। घायलों में एक दिनेश तिवारी उनका भाई था। प्रधान आनन-फानन सभी घायलों को एंबुलेंस से दिबियापुर सीएचसी ले गए। जहां उनका प्राथमिक इलाज कराने के बाद परिजन कानपुर निजी अस्पताल ले गए। घटना के बाद चालक पिकअप समेत फरार हो गया।

# मुठभेड़ में इनामिया बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सहार थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार सुबह मुखबिर की सूचना पर बाइक से जा रहे गोकशी के वांछित इनामी आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस को देख आरोपी ने तमंचे से फायर झोंक दिया। इस पर पुलिस ने बचाव में फायर किया। गोली गैंगस्टर आरोपी के बाएं पैर के नीचे लगी। पुलिस ने घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने आरोपी से पूछतांछ की। चिकित्सकों ने उसे सैफई रेफर कर दिया है।

गोकशी के आरोपी पुरवा रावत निवासी अनीश उर्फ अनश की थाना पुलिस को काफी समय से तलाश थी। आरोपी थाना क्षेत्र में पूर्व में गोकशी के मामले में 25 हजार का इनामी है।उस पर पुलिस की ओर से गैंगस्टर की करवाई की थी। शनिवार सुबह लगभग 6 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस भगवंतापुर गांव के पास चेकिंग में लग गई। इस बीच मुखबिर की सूचना के अनुसार वांछित अनीश बाइक से सहार से बिधूना की तरफ जा रहा था। जैसे ही उसने पुलिस को देखा, तो उसने अपनी बाइक मुड़ाकर भागने का प्रयास किया। इस पर पहले से तैयार पुलिस ने उसकी घेराबंदी की, तो आरोपी ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। तभी, पुलिस की ओर से बचाव में की गई फायरिंग से गोली आरोपी के बाएं पैर में घुटने के नीचे लगी। आरोपी घायल होकर वहीं गिर गया। इस पर पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। घायल आरोपी को पुलिस ने सीएचसी सहार में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने आरोपी की हालत को देखते हुए मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा ने बताया कि आरोपी 25 हजार का वांछित था। औरैया सहित इटावा,मैनपुरी में भी कई मुकदमे दर्ज है। गोकशी व गैंगस्टर का मामला भी दर्ज है।


अस्पताल पहुंचे एएसपी दिगंबर सिंह। अमृत विचार

### पुलिस ने फायरिंग करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिधूना, औरैया।** गुरुवार की रात्रि कस्बे के किशनी रोड़ पर एक युवक द्वारा निमंत्रण खाकर कार से वापस घर जा रहे एक युवक पर शराब के लिए रुपये न देने पर लाइसेंसी रायफल की गई फायरिंग के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को उसके घर के गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। कस्बा बिधूना के किशनी रोड़ निवासी कुनाल गुप्ता अपने साथी रोहित गुप्ता के साथ गुरुवार की देर रात एक शादी समारोह में निमंत्रण खाकर कार से घर वापस लौट रहा था। वह किसी कार्य से किशनी रोड पर रुक गया तभी वहां पर किशनी रोड निवासी विपिन गोयल उर्फ छोटू अपाचे बाइक से आया और गालियां देते हुए शराब पीने के लिए रूपए मांगने लगा। जब उसने रुपए देने से मना किया तो विपिन ने कुनाल के ऊपर बाइक चढ़ाने का भी प्रयास किया। पिता की लाइसेंसी रायफल से फायर कर दिया। जिसमें फायर कार में लगा और कुनाल बाल बाल बच गया। इसी दौरान चौराहे की ओर से गस्ती पुलिस को आता देख विपिन बाइक छोड़कर भाग गया। बाद में पुलिस बाइक को थाने ले आई।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

- आदर्श बाल वाटिका विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर गतिमान प्री-प्राइमरी आंगनबाड़ी कार्यकत्री क्षमता संवर्धन आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रथम चरण में निर्देशानुसार 18 आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में निपुण भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्य, स्कूल रेडीनेस, साप्ताहिक कैलेण्डर, चहक किट, बिगबुक, एनबीटी कार्यपुस्तिका, परिकलन, कलांकुर, वण्डर बॉक्स, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड एवं लर्निंग कार्नर आदि विषयवस्तु से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षक संकुल- जितेन्द्र चन्द्र पांडेय एवं प्रहलाद नारायण ओमर द्वारा खेल गतिविधि के साथ सभी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया और शाला में बाल मैत्री वातावरण सृजित कर आदर्श बाल वाटिका विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र देखा

**बिधूना, औरैया।** निर्माणाधीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन बिधूना का डीएम ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता व प्रगति को देखा और संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्य को गुणवत्ता व मानक के अनुरूप श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर तेजी से काराये जिससे भवन निर्धारित समय में पूर्ण हो सके। उन्होंने प्रधानाचार्य आईटीआई को निर्देशित किया कि इसका समय-समय पर निरीक्षण करते हुए प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र जुलाई तक पूर्ण कराएं। एसडीएम हरिश्चंद्र, अधिशासी अभियंता अभिषेक यादव मौजूद रहे।

# लोधेश्वर में जल चढ़ाने के लिए कांवड़िये हुए रवाना

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को चिरुहुलिया गांव से भगवान भोलेनाथ लोधेश्वर के लिए कांवड़ यात्रा का शुभारंभ अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष पं. विष्णु दत्त शुक्ल एवं जिला महासचिव पं. प्रदीप पांडेय द्वारा कांवड़ लेकर जाने वाले भक्तों का तिलक लगाया गया। साथ ही सम्मान से लोधेश्वर महादेव के लिए विदाई की। महंत जयचंद की अध्यक्षता कांवड़ लेकर जाने वाले भक्त सुनील, आशीष, दिनेश, उमेश, विनोद, प्रशांत, सत्य प्रकाश, रजनीश कुमार, केशव राम शंकर आजाद व पं. बृज किशोर मिश्रा आदि लोग कावड़ लेकर लोधेश्वर भगवान के लिए निकले तथा गांव के लोगों ने विदाई की।

**ककोर संवाददाता के अनुसार** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ककोर शिव मंदिर वा गमा देवी मंदिर से सैकड़ो कावरियां कावर लेकर बिठूर के लिए रवाना हो गए। महंत नारायण दत्त तिवारी ने बताया कि हमारा जत्था करीब 50 लोगों का है। आज शाम को पैदल चलकर झींझक स्टेशन से ट्रेन द्वारा बिठूर तक जाएंगे। उसके बाद बिठूर से जल भरने के बाद डंडी कावर लेकर नवमी को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। विनीत कुमार, पट्टू गुप्ता, छोटे प्रजापति, करन सिंह पाल, अंकुर दुबे, हिमांशु गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार आदि कावर लेकर रवाना हुए। इस मौके पर कृष्ण कुमार, रत्नेश कुमार, दिनेश त्रिपाठी, रामशंकर दुबे, रमाकांत दुबे, सुधीर तिवारी, पुजारी दुबे, विकास तिवारी आदि ने कांवड़ियों का फूल-माला पहनाया।


लोधेश्वर के लिए जाते कवाड़ियां। अमृत विचार


रवाना होता कांवड़ियों का जत्था।। अमृत विचार

**मौसम का कहर** हवाओं के साथ बारिश से खेतों में गिर रही गेंहू की फसल, मौसम का हाल देख किसानों को नहीं आ रही रात में नींद

# मौसम के मिजाज ने बिगाड़ दिया किसान का गणित

कार्यायलय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मौसम का मिजाज एक बार फिर बिगड़ गया है। मौसम के बिगड़े चक्र से फसलों पर संकट मंडरा रहा है। बारिश को लेकर किसान चिंतित हैं। मौसम वैज्ञानिक गेहूं की फसल के लिए तापमान में गिरावट अच्छा तो बता रहे हैं लेकिन हवा के साथ हो रही बारिश से गेंहू की फसलें खेत मे गिर रहीं हैं। जिले में 103078 हेक्टेयर भूमि में गेहूं की बुआई हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 6 से 7 मिमी बारिश हुई है।

तापमान घटने से फिर से लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। यानी गर्मी से राहत तो रही लेकिन मौसम का बदला रुख देख किसानों की दिल की धड़कन बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं जहां ग्रोथ पर है। ऐसे में यदि तेज बारिश हुई। तो फसलें पूरी तरह खराब हो जाएगी। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनंत कुमार सिंह ने बताया कि जिले में अधिक बारिश नहीं हुई है। बूंदाबांदी फसलों के लिए नुकसानदायक नहीं है। गेहूं की फसल में नमी की जरूरत है। उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल को लेकर अभी किसान ज्यादा परेशान न हो। जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में इस बार गेहूं की खेती के लिए 103078 हेक्टेयर का लक्ष्य दिया गया था। लक्ष्य से अधिक गेहूं की बुआई हुई है। विगत कुछ दिनों पहले तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल को नुकसान होने की संभावना बढ़ गई थी। तापमान कम होने से गेहूं की फसल अच्छी होगी। किसानो का कहना है कि इस मौसम में बारिश नुकसानदायक है। ऐसे में बारिश हुई तो नुकसान हो जाएगा। अधिक बारिश होने से गेहूं की फसल भी खराब हो जाएगी। किसानों का यह भी कहना है कि काफी मेहनत के बाद फसल तैयार होती है, लेकिन हर बार कुछ ना कुछ हालात बिगड़ जाते हैं। आसमान में बादल छाते ही किसानों की चिंता बढ़ जाती है। अगर अधिक बारिश हुई तो फसल पूरी बर्बाद हो जाएगी। जिससे हम किसानो को संकट आ जाएगा।


अजीतमल क्षेत्र में बारिश से खेत मे गिरी गेंहू की फसल। अमृत विचार


कंचौसी क्षेत्र में खेत मे पड़ी कटी सरसों की फसल। अमृत विचार

### बिन मौसम बरसात से फसल का बंटाधार

**अजीतमल।** अजीतमल तहसील क्षेत्र में बिन मौसम बरसात से किसानों की फसलें प्रभावित हुई। जगह-जगह तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त्र-व्यस्त हो रहा है। वहीं, किसानों की फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। जिसमें गेहूं और सरसों की फसल चौपट हो गई। आलू की खुदाई प्रभावित हुई है। आलू की खुदाई करने के लिए किसान खेतों में पानी निकालते देखे गए। बारिश अधिक होने से बर्बाद फसल का आकलन नही हो सका। किसानों ने बताया कि गेहूं और सरसो की फसल का लगभग 50 प्रतिशत नुकसान है।

### गेहूं की फसल के लिए यह बारिश संजीवनी

**कंचौसी।** शुक्रवार रात से शुरू हुई बारिश शनिवार को भी जारी रही। इससे जहां मौसम और सर्दीला हो गया, वहीं फसलों पर भी इसका असर पड़ा। गेहूं की फसल के लिए यह बारिश संजीवनी बनकर बरसी। किसानों का कहना है कि बारिश के साथ ही तेज हवा चलने से सरसों और आलू की फसल को नुकसान हुआ है। गेहूं के साथ ही यह बारिश गन्ने की पेड़ी के लिए फायदेमंद साबित हुई है। किसान राजेन्द्र कुमार का कहना है कि मटर के खेत में पानी भरने से मटर की फसल को भी नुकसान है। वहीं आसमान में बादलों को देखकर वे किसान बेहद चिंतित हैं, जिनकी फसल पककर तैयार है। अगर ऐसे में तेज हवा के साथ बारिश होती है, तो सरसों की फसल गिर सकती है। वहीं बारिश से खेतों में पानी भरने से आलू की खुदाई भी प्रभावित हुई है।

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण ने इंद्र का अभिमान तोड़ ब्रजवासियों को प्रलय से बचाया

**अछल्दा, औरैया।** विकासखंड के नगला झाल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन गोविंद अवस्थी ने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने किसी देवता का भी कभी अभिमान रहने नहीं दिया। उन्होंने इंद्र के अभिमान को चूर-चूर कर ब्रज वासियों को इंद्र द्वारा की गई प्रलय से बचाया गया। आचार्य ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने देवराज इंद्र की पूजा का विरोध करते हुए ब्रज वासियों से गोवर्धन की पूजा कराई। जिससे इंद्र क्रोधित हो गए और उन्होंने कहा कि इंद्र के अपमान का फल ब्रज वासियों को भोगना पड़ेगा। इंद्र ने बड़े-बड़े मेघों से प्रलय कर ब्रज मंडल को नष्ट करने का आदेश दिया। जिस पर ब्रज मंडल में हाहाकार मचने लगा जिस पर बृजवासी भगवान गोविंद की शरण में पहुंचे। जिस पर भगवान ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठका उंगली पर उठा लिया और ब्रज ब्रजवासियों की भूख प्यास हरने के साथ 7 दिनों तक गोवर्धन पर्वत उठाए रखा और उसी के अंदर समस्त बृजवासी व पशु पक्षी आराम से सुरक्षित बने रहे। आचार्य ने कहा कि भगवान पर विश्वास करने वाले का कभी कुछ बिगड़ता नहीं है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा स्वर्ग के अमृत से भी श्रेष्ठ है और इसके श्रवण मात्र से मानव को पापों से छुटकारा मिल जाता है। कथा के विश्राम पर आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

### मधुमक्खी के काटने से तीन घायल

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के मेहना गांव निवासी अरविंद पुत्र श्री कृष्ण अपनी पत्नी व पुत्र के साथ घर पर बने मधुमक्खी के छत्ते को तोड़ रहे थे। तभी मधुमक्खियो ने अचानक हमला कर दिया जिससे पिता पुत्र और मां गंभीर रूप से घायल हो गए। शोरगुल सुन परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आया। जहा डॉ. गौरव ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।

### संदिग्ध हालात में किशोरी लापता

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अनंतराम चौकी निवासी युवक ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि संध्या पुत्री अवधेश निवासी ग्राम नगला नंदन 18 अगस्त 2022 को घर से अनंतराम दवा लेने गई थी। अभी तक घर नहीं पहुंची। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### पीएम का वाराणसी से चुनाव लड़ना गर्व की बात: मुख्यमंत्री योगी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार वाराणसी से लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि प्रधानमंत्री को दोबारा देश की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी से लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनने पर 25 करोड़ प्रदेश वासियों की ओर से हार्दिक अभिनंदन। उन्होंने कहा कि यह काशी समेत पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

### 39 सीएचसी में डॉक्टर व फार्मासिस्ट के 78 पद सृजित

अमृत विचार,लखनऊ : ग्रामीण क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों( सीएचसी) पर चिकित्सकीय सेवाएं और मजबूत होंगी। इसके लिए शासन द्वारा हर सीएचसी पर एक चिकित्सक और एक फार्मासिस्ट का पद सृजित कर, चिकित्सक व फार्मासिस्टों की संख्या बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसचिव पीयूष कुमार ने लखनऊ की तीन सीएचसी समेत कुल 39 सीएचसी के लिए 39 चिकित्साधिकारी व 39 फार्मासिस्ट के पद सृजित किये हैं।

### जल निगम में बढ़ेंगे 155 जूनियर इंजीनियर

अमृत विचार,लखनऊ : जल्द ही उप्र जल निगम( नगरीय) को 155 जूनियर इंजीनियर्स( जेई) की फौज मिलेगी। विभाग में 129 सिविल इंजीनियर और 26 जेई विद्युत की नियुक्ति होगी। 4200 ग्रेड पे के रिक्त चल रहे पदों पर नियुक्ति के लिए शासन ने अधियाचन भेजने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी, बनेंगे जरूरी प्रमाण पत्र

## 79,000 उचित दर दुकानों पर ई-पॉस मशीनों से खाद्यान्न वितरण की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उचित दर विक्रेता को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपते मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अब अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी। लोगों को जरूरी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 1,100 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया, साथ ही, 79,000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सुशासन का मॉडल ही रामराज है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम लोगों की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। जीवन के हर क्षेत्र में सुधार से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था, मगर राशन कोई और ही डकार जाता था।

**कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी:**

**1,100 अन्नपूर्णा भवनों का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण**

मुख्यमंत्री ने लोकार्पित हुए 1100 अन्नपूर्णा भवनों के बारे में बताते हुए कहा कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं। अब कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी। राशन के साथ ही अन्नपूर्णा भवनों से घर की अन्य आवश्यक वस्तुओं की भी पूर्ति की जाएगी। यहीं पर कॉमन सर्विस सेंटर भी होगा, जहां से जन्म, मृत्यु, आय, जाति प्रमाणपत्र जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। आज 11 सौ दुकानें से इसकी शुरुआत हो रही है, शीघ्र ही प्रदेश के 80 हजार राशन कोटे की दुकानों के लिए ये व्यवस्था हो जाएगी।

### सीएम ने सौंपी अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। इसमें लखनऊ से जगलाल, रायबरेली के अशोक कुमार और धीरेन्द्र विक्रम, बाराबंकी की रेखा देवी और पुष्पा देवी, उन्नाव के लोकई प्रसाद और मालती देवी, हरदोई से अंजनी कुमार और जितेन्द्र, सीतापुर मोहम्मद नियाज खान को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। लाभार्थियों को राशन किट भी उपलब्ध कराया।

### टेक्नोलॉजी के जरिए दूर होगी पैमाइश की समस्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बहुत शीघ्र कुछ और बहुत बड़े कदम उठाने जा रही है। हर राशन कार्ड के आधार सीडिंग का कार्य चल रहा है। हर व्यक्ति की फैमिली आईडी तैयार हो रही है, जिससे एक जगह बैठे-बैठे तय हो जाएगा कि किसे कौन सी सुविधा मिली है या कौन सी सुविधा देनी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बहुत जल्द प्रदेश की जनता को अपने राजस्व के कागजातों को देखने के लिए तहसील के चक्कर नहीं लगाने होंगे। एक जगह से ही उन्हें अपने सभी दस्तावेज प्राप्त हो जाएंगे। इस सुविधा को आगे वरासत की प्रक्रिया के साथ भी जोड़ा जाएगा, यही नहीं पैमाइश की समस्या को भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा।

## 1006 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित समारोह के 1006 करोड़ रुपये की 48 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकास के लिए बैरियर नहीं, ब्रेक थ्रू की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि अगर समान विचार के लोग शासन के सभी स्तरों पर नहीं होंगे तो वे विकास में बैरियर का काम करेंगे, इसलिए केंद्र, राज्य, नगर निकाय, जिला पंचायत, विकास खंड और ग्राम पंचायत स्तर पर समान विचार वाला नेतृत्व होना चहिए। सांसद रवि किशन शुक्ल ने कहा कि अब गोरखपुर में निवेश है, रोजगार है और अच्छी शिक्षा व्यवस्था है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, पीएम स्वनिधि योजना, कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं, ओडीओपी योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र व किट देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर में ब्लड बैंक और 10 बेड की डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया। इसके बाद ब्लड बैंक व डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण किया।

# दो उच्च अधिकारियों में अधिकारों को लेकर छिड़ी जंग

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक प्रशिक्षण व निदेशक प्रशासन ने एक-दूसरे को लिखा जवाबी पत्र**

शासनादेश में मिले अधिकारों को लेकर पत्र लिखा गया है। विभागीय कार्यों के प्रति महानिदेशक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी होती है। किसी भी विषय में नया शासनादेश जारी होने के बाद संबंधित पुराना शासनादेश स्वतः निष्क्रिय हो जाता है।
**-डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल, महानिदेशक प्रशिक्षण उप्र.**

14 सितंबर 2021 में जारी पत्र कार्यवृति है, शासनादेश नहीं है। शासनादेश में सरकार का निर्देश होता है, उसका अनुपालन जरूरी है। वर्ष 2001 के शासनादेश में राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान को नोडल संस्थान बनाया गया है। ऐसे में सभी प्रशिक्षण केंद्रों का नियंत्रण उन्हें प्राप्त है।
**-डॉ.राजा गणपति, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, उप्र व निदेशक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग**

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा संवर्ग के महानिदेशक प्रशिक्षण और आईएएस संवर्ग के निदेशक प्रशासन में अधिकारों को लेकर छिड़ी जंग चर्चा का विषय बन गई है। महानिदेशक प्रशिक्षण ने स्वयं के अनुमोदन के बाद ही कार्य होने के निर्देश दिये हैं, वहीं निदेशक प्रशासन ( राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान उप्र.) ने दिसम्बर 2001 के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें सभी अधिकार प्राप्त हैं। महानिदेशक के पत्र से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल और निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति मे अधिकार क्षेत्र को लेकर टकराव शुरू हो गया है। महानिदेशक प्रशिक्षण ने गत 22 फरवरी को 14 सितंबर 2021 के शासनादेश का हवाला देते हुए निदेशक प्रशासन को पत्र लिखा है, जिसमें उन्हें निर्देशित किया है कि विभाग में सभी कार्य उनके अनुमोदन के बाद ही संचालित किए जाय। जवाब में अगले ही दिन 23 फरवरी को निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने स्पष्ट किया कि उन्हें 10 दिसम्बर 2021 को जारी शासनादेश के अनुसार उनके आदेश का अनुपालन उनकी बाध्यता नहीं है, साथ ही उनकी द्वारा कार्यो में हस्तक्षेप करना शासनादेश के विपरीत है, शासकीय कार्यो में विलंब व विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मालूम हो कि महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य महानिदेशक और महानिदेशक परिवार कल्याण के बाद तीसरा महत्वपूर्ण पद है। महानिदेशक प्रशिक्षण के पास विभाग में पैरामेडिकल पाठयक्रमों के प्रशिक्षण के साथ ही चिकित्सकों के विभिन्न विषयों को लेकर प्रशिक्षण आदि की जिम्मेदारी रहती है। महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण संस्थान का मुखिया भी होता है। वहीं, निदेशक प्रशासन के पास चिकित्सकों में ग्रेड वन व दो के प्रशासकीय कार्य व स्थापना की जिम्मेदारी होती है। साथ ही, विभाग में मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के प्रशासकीय कार्य व स्थापना की जिम्मेदारी भी होती है।

# राजनीतिक दलों को बताना होगा क्यों चुना अपराधिक छवि का प्रत्याशी



मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को फ्लैग ऑफ करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को तीन बार समाचार पत्रों में अपनी अपराधिक छवि के बारे में प्रकाशित करवाना पड़ेगा। इसके अलावा राजनीतिक दलों को भी समाचार पत्रों में यह प्रकाशित करवाना पड़ेगा कि क्यों उन्होंने अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी का चुनाव किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूर्व में हुए चुनावों में जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान कम होता आया है, उनका चिन्हांकन कर वहां पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार प्रकाशित हुए मतदता सूची में प्रदेश में अब तक 15 करोड़ 29 लाख 22 हजार मतदाता हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या 7.15 करोड़ है। 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 31 हजार से अधिक है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस बार थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन और नए मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। प्रदेश के मतदाताओं से चुनाव के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने व मतदान के दिन वोट डालने का आग्रह किया गया है।

### मुख्य सचिव व डीजीपी के साथ बैठक

भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के साथ ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार और 18 विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिवों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

**एलईडी युक्त वैन 22 जिलों में रवाना:** लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करने प्रदेश के भ्रमण पर आये भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने कार्यक्रम के तीसरे दिन 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' स्लोगन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए योजना भवन से ट्राई कलर गुब्बारों को आकाश में छोड़ा और एलईडी युक्त तीन मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को फ्लैग ऑफ कर 22 जिलों के लिए रवाना किया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन स्वीप योजना के तहत 19 लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले लो वोटर टर्न आउट वाले 22 जिलों में भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेंगी। इस दौरान संस्कृति विभाग ने कठपुतली डांस, मयूर नृत्य, राजस्थान का ढोल नृत्य का आयोजन कर आयोग की टीम का स्वागत किया और चुनाव पर्व को उत्सव के रूप में मानने का संदेश दिया।

# लक्ष्य से कम टीकाकरण करने वाले अधिकारियों को फटकार

राज्य ब्यूरो , लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम में दिसम्बर 2023 तक कुल लक्ष्य का औसतन 96.45 प्रतिशत सफलता मिल चुकी है। कुछ जिलों ने टीकाकरण में 100 फीसदी लक्ष्य हासिल किया है, वहीं लक्ष्य से दूर रहे जिलों को लक्ष्य हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी ने टीकाकरण कार्यक्रम को और तेज करने के निर्देश दिये । अधिकारियों ने बताया कि 20 जिलों ने शत-प्रतिशत टीकाकरण हुआ है, जिसमें से टॉप जिलों में जिलों में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, अमरोहा, मऊ और सहारनपुर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जन्म के समय दिये जाने वाले हेपेटाइटिस बी. डोज का 71.21 प्रतिशत औसत, एमआर का 93.87 प्रतिशत और टीडी-10 का 99.69 औसत है। जोकि यह डाटा विभाग के एचएमआईएस पोर्टल पर दर्ज है। दूसरी तरफ, धीमी गति से टीकाकरण करने वाले ललितपुर, सिद्धार्थनगर, भदोही, जालौन और सोनभद्र जिलों में टीकाकरण की गति बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं। साथ ही छूटे बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने समेत डाटा एचएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक सरकारी संस्थानों में जन्म लेने वाले 27,85,207 शिशुओं में 19,83,224 शिशुओं को हेपेटाइटिस बी. की डोज दी जा चुकी है।



शनिवार को मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकागत की।

## सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

अमृत विचार,लखनऊ : एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। विभूति खण्ड (लखनऊ) से पकड़े गए अजय सिंह चौहान तथा सोनू सिंह यादव प्रयागराज के निवासी है। उनके पास से प्रवेश पत्र, परीक्षा से जुड़े अन्य कागजात बरामद किए गए हैं। पूछताछ में अजय सिंह ने बताया कि उनका एक गिरोह है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने एवं साल्वर बैठाने का काम करता है। इस गिरोह में सोनू, राजन यादव और सुशील भारती (प्रयागराज) है। यह गिरोह अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध कराने के लिए मोटी रकम वसूलता है। उसके बाद सक्रिय गिरोहो के माध्यम से परीक्षा का पेपर प्राप्त करके उन्हें अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराता है। सिपाही भर्ती परीक्षा में भी इस गिरोह के राजन यादव द्वारा किसी सक्रिय गिरोह से प्रश्न पत्र तथा साल्व्ड पेपर प्राप्त करके कई अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया गया था।


## वर्ग पहेली-360

**बाएं से दाएं**

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी, पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।



### वर्ग पहेली - 359 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | ■ | ■ | 2 त | ■ | 3 रा |
| हूँ | ■ | 4 सा | र | को | मा |
| ■ | 5 कु | ली | न | ■ | यु |
| ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ध |
| ■ | ■ | 6 अ | र | थी | ■ |
| 7 तृ | षा | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | ■ | री | ■ | 8 अ | भि |

## सुडोकू-77

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |

### सुडोकू - 76 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 08 .44 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 15 .55 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** — आज आप किसी अटके हुए कार्य के कारण काफी परेशान हो सकते हैं। तनाव के कारण आप अपने काम पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे लोगों से अपने मन की बातें शेयर न करें जो आपकी भावनाओं को उचित महत्व न देते हों।

**वृष** — आज यदि कहीं बाहर का भोजन ग्रहण कर रहे हैं तो सावधानी बरतें। स्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपको कुछ नया और रोमांचक करने का अवसर मिलेगा,जो भी काम शुरू करेंगे उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक भी पहुंचा लेंगे।

**मिथुन** — आज दूसरों के साथ तालमेल बैठाने में कई बार थोड़ी परेशानी महसूस होगी। स्वयं की गलतियों को पहचानें और उसे दूर करने का प्रयास करें। जॉब में उच्चाधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। व्यवसाय की गति काफी अच्छी रहेगी।

**कर्क** — आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा करेंगे। दोस्तों के साथ बाहर कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप थोड़ा संवेदनशील रहेंगे।

**सिंह** — आज बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। सरकारी कार्य थोड़े उलझते हुए प्रतीत हो रहे हैं। संपत्ति के माध्यम से आपको धन लाभ भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ अपेक्षा से कम होगा।

**कन्या** — आज आप अपनी उपलब्धियों के कारण आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। परिजनों के साथ आप घूमने की योजना बना सकते हैं। आपको एक साथ कई शुभ समाचार सुनने को मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**तुला** — आज शाम के समय पुराने दोस्तों से मिलकर के मन प्रसन्न होगा। आप किसी काम के अटकने के कारण थोड़े व्यथित हो सकते हैं। धैर्यवान बने रहें जल्द ही आपके सभी कार्य बनते नजर आएंगे। आय के नए स्रोत बनने की संभावना भी प्रबल है।

**वृश्चिक** — आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। प्रेमी जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधने को लेकर योजना बना सकते हैं। पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा। नए कारोबारी संबंध विकसित हो सकते हैं। काम के साथ ही आप समाज को भी पर्याप्त महत्व देने वाले हैं।

**धनु** — आज दूसरों के काम की जिम्मेदारी बिल्कुल न लें। घर का माहौल शाम के समय अच्छा रहेगा। मैनेजमेन्ट से जुड़े हुए क्षेत्र में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप जैसा चल रहा है बस उसे वैसा ही चलने दें। गुस्से पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — आज रिश्तेदारों के साथ किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों की सफलता पर आपको गर्व की अनुभूति होगी। ऐश्वर्य और विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। पुराने निवेश का लाभ आपको मिल सकता है।

**कुंभ** — आज आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोग परिवार के साथ क्वालिटी समय बिताना चाहेंगे। स्वजनों से खूब प्रेम व सत्कार मिलेगा। छात्रों के करियर को लेकर दिन बड़ा भाग्यशाली है। सभी जरूरी काम आप समय पर कर लेंगे।

**मीन** — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। करियर को लेकर आप काफी उत्साहित और सकारात्मक रहेंगे। धार्मिक पूजा-पाठ में सम्मिलित हो सकते हैं। लोग आपको सुनना पसंद करेंगे। आपका व्यवहार सभी के प्रति बहुत उदार रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह : 09 .26
भाई जी सुपरहिट — रात : 08 .28

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 10 .49
सर्चिंग — रात : 08 .59

SONY MAX
ता रा रम पम — सुबह : 09 .45
12 वीं फेल — रात : 07 .00

ZEE CINEMA
तलाश — सुबह : 10 .30
कृष — रात : 10 .00

colors CINEPLEX
दोस्ताना — सुबह : 09 .35
कभी खुशी कभी गम — रात : 10 .18

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा,लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

# दहेज हत्या के मामले में पति को आठ साल का कारावास

## अदालत ने तेरह हजार रूपया का जुर्माना का भी दंड दिया

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट प्रथम दिलीप कुमार सचान ने दहेज हत्या के पांच साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए पति को दहेज हत्या का दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे आठ साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर तेरह हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि जसवंत नगर थाना क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर निवासी सत्यपाल सिंह ने अपनी पुत्री शेष कुमारी की शादी 13 दिसम्बर 2015 को भरथना कस्बा के मोहल्ला मोतीगंज निवासी गोपाल यादव पुत्र राजा राम के साथ की थी। शादी में उसने अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन उसके ससुरालीजन इससे संतुष्ट नही थे। वह दो लाख रूपया नगद की मांग कर रहे थे मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों ने उसका उत्पीडन शुरू कर दिया। इस सम्बंध में ससुरालीजनों ने गोपाल को समझाने के प्रयास किया लेकिन उनकी आदत में सुधार नही हुआ।

आरोप है कि तीन जनवरी 2019 को शेष कुमारी के पडोस में रहने वाले लोगों ने उसकी मौत होने की जानकारी दी। वह मौके पर पहुचा तो शेष कुमारी का शव पडा था। उसके गले में दुपट्टे का फंदा लगा था। शव को छोडकर परिवार के लोग फरार थे। उन्होने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानवीन के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। सत्य पाल की तहरीर पर पुलिस ने पति गोपाल यादव भाई सुनील व भाभी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। छानवीन के बाद पुलिस ने सुनील व उसकी पत्नी की नामजदगी गलत पाई और उन का नाम निकाल दिया। बाद मे गोपाल यादव के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तरूण शुक्ला व बलबीर सिंह राजपूत के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने गोपाल यादव को सजा सुनाई ।

## भाजपा नेता व पुत्र के साथ मारपीट में तीन पर रिपोर्ट

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के स्टेशन चौराहा के पास दबंगों ने भाजपा नेता व उनके पुत्र के साथ मारपीट किये जाने के मामले में पीड़ित ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

कस्बा निवासी अवधेश शुक्ला पुत्र स्व. रामलखन शुक्ला ने थाना में दिये शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार की शाम वह अपने पुत्र रीतेश के साथ कार से स्टेशन रोड बाजार जा रहे थे। जैसे ही स्टेशन चौराहा के पास पहुंचे तभी एक स्कार्पियो कार सवार तीन लोग आए और रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने उनके पुत्र रीतेश को कार से खींच लिया और मारपीट करने लगे।

जब वह बचाने के लिए उतरा तो उन लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट से उन्हें गंभीर चोटें आईं हैं। आरोप है कि एक व्यक्ति ने रायफल की वट से उनके चेहरे पर प्रहार किया और जान से मारने की धमकी दी।

# एआईएमआईएम लोकसभा चुनाव में लड़ाएगी प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- एआईएमआईएम ने 66 वां स्थापना दिवस मनाया

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) इटावा जिला कार्यालय पर पार्टी के 66वें स्थापना दिवस पर झंडा फहराया गया। इस मौके पर कुछ लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। पार्टी की उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताया गया।

ज़िला अध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी ने कहा कि आज यह पार्टी जिस बुलंदी पर हैं। वहां पहुंचाने के लिए ओवैसी परिवार ने बहुत कुर्बानियां दी हैं। कुर्बानियों के कारण जिस तरह से पार्टी का विस्तार हुआ है। उसे देखकर सियासी दलों के होश उड़ गए हैं । आईएमआईएम पार्टी ने हैदराबाद ही नहीं दिल्ली, महाराष्ट्र, बंगाल, गुजरात, बिहार उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान , सभी राज्यों में पार्टी ने कामयाबी हासिल की है। आने वाले समय में पार्टी 2024 में भी लोकसभा चुनाव भी मजबूती से प्रत्याशी लड़ाएगी। ज़िला अध्यक्ष ने केक काटा और लोगों को मुबारकबाद दी। मो ऐजाज़ खां, मो शावेज़ राईन , मो फैजान, मो समी वारसी, मो शरीफ़ खां , नियाज़ी अंसारी,वसीम अंसारी,इकबाल अहमद,नफीसुल, जुबैर अली, बंटी, अनीस राईन, अरमान मौजूद रहे।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**भरथना, इटावा।** भरथना कोतवाली के ग्राम नगला भोज कुर्रा निवासी विनय कुमार उर्फ लालजी (23) की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

परिजन आनन फानन में उसे इलाज के लिए भरथना के एक निजी चिकित्सालय लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने शरीर में जहरीला पदार्थ होने की पुष्टि कर सैफई पीजीआई रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप



नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### सपा के तीन ब्लाक अध्यक्षों का पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**ऐरवाकटरा, औरैया।** समाजवादी पार्टी के बिधूना विधान सभा पिछड़ा वर्ग के विधान सभा अध्यक्ष बृजेश यादव ने शनिवार को ऐरवाकटरा राजेश यादव की आवास पर पहुंचकर अपनी नई टीम का गठन करते हुए तीन ब्लॉक अध्यक्षों और 16 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। बृजेश यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बिधूना विधान सभा के बूथ स्तर के सक्रिय कार्यकर्ताओ को जिम्जेदारी सौंपी गई है।जिससे पार्टी को आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती मिलेगी। क्षेत्र के विक्रमपुर निवासी सुखवीर सिंह प्रजापति को ऐरवा कटरा ब्लॉक अध्यक्ष, बिधूना निवासी मनोज पाल को बिधूना ब्लॉक अध्यक्ष, सहार विकास खंड के भैसनिया निवासी आलोक यादव को सहार का ब्लॉक अध्यक्ष और अंकित कुमार राजपूत को सहार ब्लॉक का उपाध्यक्ष, अलकेश राठौर को ऐरवा कटरा ब्लॉक उपाध्यक्ष सहित 13 अन्य पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र सौंपते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर राजेश यादव, राजेंद्र शाक्य, दीपू शर्मा, सत्यम सविता, हाकिम प्रजापति, सर्वेश पाल, रवीश यादव सहित करीब आधा सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बैठक के दौरान चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक हुई

**ककोर, औरैया।** शहर के नगर पालिका इंटर कॉलेज में शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई। जिसमें शिक्षक प्रकोष्ठ के विधानसभा, मंडल संयोजक, विधानसभा प्रभारी एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य ने की। जिसमें शिक्षक प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन कराए जाने पर चर्चा हुई। बैठक में डॉ . जय गोपाल पांडेय, सुनील मिश्रा जिला सहसंयोजक, राजीव कोरी, त्रिलोक बाजपेई, रविदत्त, अमरेंद्र तिवारी, अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया, अरुण कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



ट्रैक्टर से भरकर ले जायी जाती सवारियां। अमृत विचार

### बेखौफ होकर ट्रैक्टर ट्राली से ढोई जा रही सवारी

**फफूंद, औरैया ।** हाल में हुए कासगंज हादसा में ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुए हादसों में कई की मौके पर मौत हो गई थी। हादसे में कई लोग घायल हुए थे। इसके बावजूद भी लोग अपनी जान की फिक्र नहीं कर रहे हैं और धड़ल्ले से ट्रैक्टर ट्राली का इस्तेमाल सवारियां ढोने के लिए कर रहे हैं। शुक्रवार की शाम नगर के ख्यालीदास तिराहे पर सवारियों से भरा ट्रैक्टर निकलता देख लोगो को कासगंज मे हुए हादसे की यादें ताजा हो गई कि ट्रैक्टर चालकों को किसी की जान की परवाह नहीं है। यह बेखौफ होकर ट्राली में भरकर सवारियां ले जाते हैं, जबकि ट्रैक्टर पर सवारियां ढोने पर 10 हजार रुपये का जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। कासगंज की बड़ी घटना के बाद भी कोई सबक लेने के लिए तैयार नहीं है। यातायात नियमों को दरकिनार कर इनदिनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भर-भर कांवरिया लोग ढोए जा रहे हैं। ऐसे में जहां इन पर सफर करने वाले लोगों की जिंदगी खतरे में है वहीं इसके जिम्मेदार जानबूझ कर इससे अंजान बने हुए हैं।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री का सजीव प्रसारण दिखाया गया

**औरैया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) के लोकार्पण एवं उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण के शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकासखंड बिधूना की ग्राम पंचायत निवादा धांधू में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन परिसर में जन प्रतिनिधियों व आम जन द्वारा देखा व सुना गया।

डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को एक ही स्थान पर अनेक सुविधाएं मिल सकेगी और वह अपने योजना संबंधी आवेदनों का पंजीकरण आदि यहां संचालित प्रक्रिया के माध्यम से नियमानुसार करा सकेंगे। राशन की दुकानें बस्ती के अंदर होने के कारण राशन पहुंचने व राशन लेने वालों को परेशानी होती थी। जिसको दृष्टिगत रखते हुए सरकार द्वारा यह व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने पौधरोपण भी किया और कहा कि वृक्ष सभी को लगाने चाहिए।

# युवती के परिजनों ने अस्पताल के बाहर प्रेमी युगल को जमकर पीटा

संवाददाता बिधूना औरैया

- घर से भागी युवती ने खाया नशीला पदार्थ, प्रेमी ले गया प्राइवेट अस्पताल

**अमृत विचार।** किसी दूसरे युवक के साथ शादी तय होने से नाराज युवती ने शनिवार को प्रेमी से मिलने उसके गांव जाते समय बस से उतरते समय नशीला पदार्थ खा लिया। जानकारी मिलते ही प्रेमी उसे इलाज के लिए कस्बा बिधूना के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गया। कुछ देर बाद वहां पर पहुंचे प्रेमिका के स्वजनों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गयी और प्रेमी-प्रेमिका समेत परिजनों को कोतवाली ले गयी।

बताया जाता है कि बिधूना क्षेत्र के गांव नगला पियरा रठगांव निवासी एक युवक की तीन साल पहले देईपुर स्थित महाविद्यालय में बीएससी की परीक्षा के दौरान कन्नौज जिले की निवासी एक छात्रा से मुलाकात हुई।जो पहले दोस्ती व बाद में प्यार में तब्दील हो गयी । दोनों के बीच प्यार होने की जानकारी होने पर 22 वर्षीय युवती के परिजनों ने युवती की शादी कहीं और तय कर दी। बताया गया कि सोमवार को युवती की गोद भराई की रश्म थी। उसके बाद युवती शनिवार को अपने घर पर बिना कुछ बताए निकल आयी। वह छिबरामऊ से बिधूना आने वाली बस में बैठकर बिधूना से दो किलोमीटर पहले रठगांव के सामने उतर गयी। बस से नीचे उतरने के बाद ही उसने कोई नशीला पदार्थ खा लिया। जिसके खाने के बाद वह वहीं पर बेहोश होकर सड़क किनारे गिर गयी।

युवती के सड़क किनारे गिरने से उसके पास मौजूद की-पैड मोबाइल भी वही गिर गया। राहगीरों ने युवती के मोबाइल को उठाकर उसमें डायल पहले नम्बर पर काल की। जिसे उसके नगला पियरा निवासी प्रेमी ने उठाया। राहगीरों ने युवती के बारे में प्रेमी को पूरी जानकारी दी। जिसके बाद आनन-फानन में प्रेमी मौके पर जा पहुंचा जहां से युवती को लेकर बिधूना के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

शाम करीब 4 बजे प्रेमी अस्पताल के बाहर प्रेमिका को पानी पिलाकर उसे उल्टी करा रहा था कि तभी वहां पर युवती के दो भाई, एक बहन एवं चाचा व चाची पहुंच गये। जिन्होंने वहां पहुंचते ही युवक व युवती की जमकर पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी। भीड़ में किसी व्यक्ति ने पुलिस को फोन कर दिया। मौके पहुंची पुलिस प्रेमी व प्रेमिका समेत उसके परिजनों को कोतवाली ले गयी। जहां पर उनसे पूछताछ कर रही है।

## रास्ता नहीं बना तो लोकसभा चुनाव में नहीं करेंगे मतदान

**बकेवर, इटावा।** भरथना विधानसभा के ग्राम नगला फतेह के मतदाता गांव का रास्ता न बनने के कारण बहुत नाराज हैं। उन्होंने फैसला किया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे।

ग्राम पंचायत नवादा खुर्दकला के मजरा नगला फतेह को आज भी मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया है। गांव से मुख्य मार्ग की दूरी मात्र 250 मीटर के लगभग है। कई बार शासन-प्रशासन से मांग करने के बावजूद भी ग्रामीणों की परेशानी को अनदेखा किया गया। ग्रामवासियों ने एकजुट होकर सड़क न बनाए जाने के विरोध में लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। साथ ही अनिश्चिकालीन भूख हड़ताल करने की भी चेतावनी दी है। कई बार ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से भी कहा लेकिन समस्या का कोई निस्तारण नहीं हुआ। जिससे ग्रामवासियों में काफी रोष है।

# नाम बदला, फिर भी नहीं बनी सड़क

संवाददाता, कंचौसी, औरैया



प्लास्टिक सिटी का जर्जर मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सन 2003 से औरैया जिले का एक मात्र औधोगिक क्षेत्र के विकास की आस सजोहे यूपीडा का प्लास्टिक सिटी कंचौसी मोड़ दिबियापुर परिसर प्रशासन की बहुत कोशिशों के बाद भी गति नहीं पकड पा रहा है। इसका प्रमुख कारण उद्योगपतियों की उदासीनता है जो भूखण्ड लेने के बाद भी कुछ जगह पर चारदीवारी बनाने के बाद छोटी बडी परियोजना लगाने मे रूचि लेते कम दिखाई दे रहे है। जबकि जिला प्रशासन के साथ साथ प्रदेश सरकार व यूपीडा भूखंडियों को हर सुविधा देने के लिए तेजी से काम कर रहा है। परिसर की बिजली के तारो ठीक कर खराब लाइटों को बदला जा रहा है। जगह-जगह टूटी चारदीवारी मरम्मत के साथ ही खराब सड़कों को चमकाने की तैयारी है। जिसके लिए यूपीडा पीडब्लूडी विभाग कार्य योजना तैयार कर चुके हैं।

सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी पहले से कार्यरत है। लेकिन, सबसे अधिक समस्या मुख्य मार्ग की है, जिसका औरैया दिबियापुर रोड से दो किलोमीटर कंचौसी मार्ग का हिस्सा बहुत अधिक खराब होने से साइड पर आने जाने वाले करोबारियों का ध्यान भटका देता है। जिसका शीध्र समाधान होना प्लास्टिक सिटी विकास का प्रमुख काम है। तभी, इस परियोजना को पंख लग पाना संभव होगा।

## सरकार किसानों से किए वादों से मुकर रही

**इटावा।** संयुक्त किसान मोर्चा के दिल्ली रैली की तैयारी में किसान सभा मंडल यासी नगर की बैठक हुई। किसान सभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री संतोष शाक्य ने कहा कि मोदी सरकार किसान आंदोलन से किए गए वादों से मुकर रही है। उन्होंने एमएसपी की कानूनी गारंटी देने ,बिजली बिल 2022 वापसी, किसानों-मजदूरों की संपूर्ण कर्जा माफी, स्मार्ट मीटर लगाने से रोकने ,लखीमपुर खीरी में किसानों के नरसंहार के साजिशकर्ता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को गिरफ्तार करने और मुकदमा चलाने की मांग की। कहा किसानों को 10000 पेंशन मिले। पिंटू शाक्य, छबिनाथसिंह, सुदेश कुमार,उमेश कुमार ने भी बात कही। अध्यक्षता नारायण सिंह यादव, संचालन अमर सिंह शाक्य ने किया।




शिविर के दौरान जानकारी देते पीएलवी। अमृत विचार

## शिविर में दी गई विधिक जानकारी

**औरैया।** शनिवार को सदर तहसील में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधिक एवं सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार भी किया गया।

सदर तहसील में आयोजित शिविर का तहसील के प्रशासनिक अधिकारी कमलेश बाबू ने शुभारंभ किया। उन्होंने बेटियों को जन्म व शिक्षा का अधिकार आदि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। लेखपाल आलोक शाक्य ने राजस्व विभाग में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। पीएलवी रविदत्त ने महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण, पीसीपीएनडीटी एक्ट आदि की जानकारी दी। पीएलवी पायल राठौर ने राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभ आदि की जानकारी देकर प्रचार प्रसार किया। पीएलवी किरन चौहान ने सर्वाइकल कैंसर आदि के सम्बन्ध में बताया। शिविर का संचालन ग्रुप लीडर लालता प्रसाद ने किया। शिविर में पीएलवी बीना शर्मा, जुबली, मयंक गुप्ता, आले हसन, रामकुमार समेत तहसील के अधिकारी व कर्मचारी रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1783 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2023–24/ दिनांक 01/03/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री खूबचन्द्र पुत्र मोहनलाल | श्री दशरथ उर्फ दशरथ प्रसाद पुत्र मिखुवा उर्फ रामसेवक | दीवानपुरा –1 | 13 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

दिए निर्देश | समाधान दिवस में 40 में से 3 समस्याओं का निस्तारण

# डीएम ने कहा, मौके पर जाकर करें शिकायतों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, इटावा



समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम अवनीश राय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि समाधान दिवस की समस्याओं को गंभीरता से लें। सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायत कर्ता का पक्ष सुनते हुए उसकी शिकायत निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारी गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील भरथना में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस से संबंधित मामलों की सुनवाई की और थानाध्यक्षों को निर्देश दिये। सीएमओ गीता राम, क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान,उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत , उप जिलाधिकारी न्यायक राजेश वर्मा मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में ना पहुंचने पर पांच अधिकारियों को नोटिस

**चकरनगर, इटावा।** यहां तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस से अनुपस्थित अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज एसडीएम ने विभिन्न विभागों के पांच अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। यह भी कहा है कि संतोष जनक जवाब न देने पर वेतन वृद्धि रोक दी जाएगी। पांच अधिकारियों के खिलाफ नोटिस जारी होने से अधिकारियों व कर्मचारियों में खलबली मची है। एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 18 फरियादियों के द्वारा शिकायतें पंजीकृत कराई गई। जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी कृषि, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, सहायक अवर अभियंता लघु सिंचाई विभाग, सहायक अवर अभियंता नलकूप विभाग चकरनगर को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के अंदर संतोष जनक जवाब न देने पर वेतन वृद्धि रोकने की चेतावनी दी। एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया ने बताया कि अधिकारियों के मौके पर न होने से दूर दराज क्षेत्र से आने वाली जनता को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

**कार्यालय - ग्राम पंचायत सायर विकास खण्ड मौदहा, हमीरपुर**

पत्रांक – मेमो /2023–24 दिनांक : 29–02–2024

**टेंडर विज्ञप्ति**

महामहिम उत्तर प्रदेश राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत सायर में निम्नविवरण अनुसार कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0वि0वि0/लो0नि0वि0/सिंचाई विभाग/आयकर/व्यापरकर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदाएं दिनांक 15/03/2024 के अपरान्ह 2.00 बजे तक ग्राम पंचायत सायर में आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन शाम 3.00 बजे उपस्थित टेंडर दाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के / गठित समिति द्वारा खोली जाएंगी निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर दिनांक 29–02–2024 से 17–03–2024 अपराहन 12 बजे तक कार्यावधि में प्राप्त की जा सकती है, धरोहर राशि सामग्री अंश 10% राष्ट्रीय बचतपत्र / डाकपास बुक / चेक एफडी नगद रूप में जो ग्राम पंचायत अधिकारी सायर के पद नाम से बंधक हो निविदा के साथ संलगन करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि निविदा पर विचार करना संभव नहीं है निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त रू 100 का स्टाम्प पेपर संलगन करना अनिवार्य है, बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी पर निहित होगा, कार्य का समस्त विवरण कार्यालय में किसी भी दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विनोद कुमार पुत्र रामविशाल गोट शेड निर्माण कार्य | 168201.00 | 16820.00 | 550 | तीन माह |

अन्य शर्ते : 1– सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी ।
2–प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी ।
3. सामग्री की मांग आवश्यकता अनुसार घट बढ़ सकती है ।
4. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता निविदा डालने से पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर ले ।
5. सामग्री आपूर्ति निर्धारित अवधी से पूर्ण न करने पर बिना नोटिस दिए अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा ।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं देयकर ठेकेदार/आपूर्ति कर्ताओ द्वारा स्वयं वाहन किया जायेगा ।

**प्रधान/सचिव**
ग्राम पंचायत सायर
विकास खण्ड मौदहा जिला – हमीरपुर

**खण्ड विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत सायर
विकास खण्ड मौदहा जिला – हमीरपुर

# टीएमसी का अर्थ तू, मैं और करप्शन है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने तृणमूल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, टीएमसी ने किया पलटवार

कृष्णानगर/कोलकाता, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए उसे ''उत्पीड़न, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात'' का पर्याय करार दिया तथा आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में ''महारत'' हासिल कर ली है। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के विकास और देश की प्रगति के बीच आपसी संबंध पर जोर दिया तथा राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का अर्थ अब हो गया है-''तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार)।'' उन्होंने ''केंद्रीय योजनाओं को अपना बताने'' और ''भ्रष्टाचार एवं पक्षपात'' की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की। मोदी ने कहा, ''टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर दी है।

### बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा-आज हम विकसित पश्चिम बंगाल की ओर एक और कदम बढ़ा रहे हैं। कल, मैंने 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था। इनमें रेलवे, बंदरगाह और पेट्रोलियम समेत अन्य विकास परियोजनाएं शामिल थीं। मोदी ने कहा मैं आज फिर 15,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर रहा हूं।

### बिहार : मोदी ने 21,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 21,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रतनवा गांव में एक आधिकारिक समारोह में परियोजनाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र वी अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-ज्ञान की भूमि बिहार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं औरंगाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं। औरंगाबाद ने कई स्वतंत्रता सेनानियों और बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण जैसी महान हस्तियों को जन्म दिया है।

## बारामती में नमो रोजगार मेले में शामिल हुए शरद पवार

**बारामती।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार शनिवार को बारामती में 'नमो रोजगार मेला 2024' के उद्घाटन के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ मौजूद थे। बारामती पवार का गढ़ माना जाता है। शरद पवार का नाम इस रोजगार मेले के लिए आमंत्रित व्यक्तियों की सूची में शुरू में शामिल नहीं था लेकिन इसमें राकांपा संस्थापक की मौजूदगी ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। शरद पवार ने इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस तथा अजित पवार को अपने आवास पर भोजन के लिए बुलाया। वहीं शिंदे और फडणवीस ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देकर भोजन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

# यूपी से भाजपा के इन उम्मीदवारों के नामों का एलान

लोकसभा चुनावः 2024



-वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी
-कैराना से प्रदीप कुमार
-मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान
-नगीना से ओम कुमार
-रामपुर से घनश्याम लोधी
-संभल से परमेश्वर लाल सैनी
-अमरोहा से कंवर सिंह तंवर
-गौतम बुद्धनगर से महेश शर्मा
-बुलंदशहर से भोला सिंह
-मथुरा से हेमा मालिनी
-आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल
-फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर
-एटा से राजवीर सिंह (राजू भैया)
-आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप
-शाहजहांपुर से अरुण कुमार सागर
-खीरी से अजय मिश्रा टेनी
-धौरहरा से रेखा वर्मा
-सीतापुर से राजेश वर्मा
-हरदोई से जय प्रकाश रावत
-मिश्रिख से अशोक कुमार रावत
-उन्नाव से साक्षी महाराज
-मोहनलालगंज से कौशल किशोर
-लखनऊ से राजनाथ सिंह
-अमेठी से स्मृति ईरानी
-प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता
-फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत
-इटावा से राम शंकर कठेरिया
-कन्नौज से सुब्रत पाठक
-अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह "भोले"
-जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा
-झांसी से अनुराग शर्मा
-हमीरपुर से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
-बांदा से आरके सिंह पटेल
-फतेहपुर से निरंजन ज्योति
-बाराबंकी से उपेंद्र रावत
-फैजाबाद से लल्लू सिंह
-अम्बेडकरनगर से रितेश पांडेय
-श्रावस्ती से साकेत मिश्रा
-गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह
-डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल
-बस्ती से हरीश द्विवेदी
-संतकबीरनगर से प्रवीण कुमार निषाद
-महराजगंज से पंकज चौधरी
-गोरखपुर से रवि किशन
-कुशीनगर से विजय कुमार दुबे
-बांसगांव से कमलेश पासवान
-लालगंज से नीलम सोनकर
-आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ
-सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा
-जौनपुर से कृपा शंकर सिंह
-चंदौली से महेंद्र पांडेय।

## एक नजर

### केयी पानयोर बना अरुणाचल प्रदेश का 26वां जिला

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी से अलग करके केयी पानयोर को राज्य का 26वां जिला बनाया गया है। न्यीशी समुदाय के लोग नए जिले की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इस जिले का मुख्यालय टेर गापिन-सैम सार्थ में होगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य की जनता को नया जिला बनने की बधाई दी और कहा कि केयी पानयोन जिले के गठन से विकास और प्रगति के नए युग की शुरुआत होगी।

### महाराष्ट्र में खड़ी ट्रेन के कोच में आग लगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे यार्ड में खड़ी एक ट्रेन के खाली डिब्बे में आग लग गयी। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्य रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुंबई से करीब 70 से 80 किलोमीटर दूर बदलापुर के रेलवे यार्ड में खड़ी ट्रेन के डिब्बे में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर आग लगी। उन्होंने बताया कि रेल करजात जाने वाली पटरी पर खड़ी हुई थी। प्रवक्ता ने बताया, ''रेल का डिब्बा आग में जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है।

# त्रिपुरा की समस्याओं के समाधान के लिए हुआ त्रिपक्षीय समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्री शाह की उपस्थिति में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर

त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को टिपरा मोथा और त्रिपुरा तथा केंद्र सरकारों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

शाह ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करके सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है, पिछली गलतियों को सुधारा है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार समझौते के तहत, त्रिपुरा के मूल लोगों के इतिहास, भूमि और राजनीतिक अधिकारों, आर्थिक विकास, पहचान, संस्कृति और भाषा से संबंधित सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर सहमति व्यक्त की गई। शाह ने कहा, ''मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की रक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी।'' गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता लेकिन हर कोई अपनी पिछली गलतियों से सीख सकता है और आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि टिपरा मोथा और सभी आदिवासी दलों ने रचनात्मक भूमिका निभाई है और त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने भी इस समझौते के प्रति ईमानदारी से काम किया है। त्रिपुरा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन को टिपरा मोथा के नाम से जाना जाता है। टिपरा मोथा, राज्य और केंद्र सरकारों के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर यहां नॉर्थ ब्लॉक में हस्ताक्षर किए गए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर में सद्भाव को आगे बढ़ाने वाले एक और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''त्रिपुरा के आर्थिक विकास, भूमि अधिकार और स्वदेशी लोगों की पहचान से संबंधित मुद्दों को हल करने वाले त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार के तहत पूर्वोत्तर राज्यों में शांति और सीमा से संबंधित 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में, नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे और टिपरा मोथा के साथ लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वोत्तर के लिए यह आखिरी समझौता है।

# अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा, नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि

नई दिल्ली, एजेंसी

**उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी**

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 29 जनवरी, 2024 को इस अदालत के आदेश पारित करने से पहले, उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने के बजाय इसे किसी न किसी आधार पर खारिज कर दिया था।

# तमिलनाडु में आग लगने की घटना में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

**चेन्नई।** चेन्नई के निकट चेंगलपट्टू के एक मकान में संभवतः रसोई गैस गैस लीक होने की वजह से आग लगने के कारण एक परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बच्चों की मां भी इस घटना में गंभीर रूप से झुलस गई है और उसका यहां किलपौक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आग संभवतः गैस लीक होने के कारण लगी। उन्होंने बताया कि बिहार से आए इस परिवार के पास एक गैस चूल्हा था जो जमीन पर रखा था और मकान में कोई खिड़की नहीं थी।

## ठाणे में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो महिलाओं समेत सात लोग गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में अमीर बनने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अनुष्ठान करने की आड़ में कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी स्वयंभू बाबा समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ठाणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि रैकेट की जांच राबोडी से 15 वर्षीय लड़की के लापता होने और अपहरण का मामला दर्ज किए जाने के बाद शुरू हुई। उन्होंने बताया कि जांच में 25 फरवरी को असलम खान और सलीम शेख नाम के दो लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिन्होंने पुलिस को मुख्य आरोपी साहेबलाल वजीर शेख उर्फ यूसुफ बाबा के बारे में बताया, जिसे कुछ समय बाद पकड़ लिया गया।

# हमारे पास फुटेज हैं, जिनकी मदद से होगी गिरफ्तारी

मैसुरु/बेंगलुरु, एजेंसी

**बेंगलुरु के रेस्तरां में हुए विस्फोट का मामला**

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बोले-सारी गतिविधियां कैमरों में दर्ज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मद्देनजर शनिवार को कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उनकी गिरफ्तारी में आसानी से होगी। सिद्धारमैया ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। बाद में मुख्यमंत्री ने रामेश्वरम कैफे जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

सिद्धारमैया ने मैसुरु में संवाददाताओं से कहा-विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से 'रवा इडली' खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग (असल में 10) लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं। यह पूछे जाने पर कि इस विस्फोट के पीछे क्या किसी संगठन का हाथ है या क्या यह किसी एक व्यक्ति का काम है, सिद्धारमैया ने कहा कि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा-हम अपराधी को ढूंढ़ लेंगे। अपराधी का पता लगाना आसान होगा क्योंकि उसके बस से उतरने, रेस्तरां से भोजन खरीदने, एक जगह बैठने और बैग रखते हुए के वीडियो एवं तस्वीरें हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढ़ लेंगे। वर्ष 2022 में हुए मंगलुरु कुकर विस्फोट और शुक्रवार की घटना के बीच समानता का इशारा करने वाली कुछ रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है।

वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण यह घटना हुई। विपक्ष की इस आलोचना को लेकर सवाल किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा-उनके समय में बम विस्फोट हुए थे, मंगलुरु कुकर विस्फोट हुआ था, क्या वह भी तुष्टीकरण था?'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कोई आतंकवादी कृत्य है, मुख्यमंत्री ने कहा-जांच जारी है। जांच में जो सामने आएगा हम उसके आधार पर कार्रवाई करेंगे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि पुलिस रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600-5800 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3900-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7200-7300 |
| मटरदाल | 5000-5100 |
| मसूरमलका | 6850-6900 |
| मसूरदाल | 6950-7000 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# गूगल ने स्टार्टअप को प्ले स्टोर से हटाया, तलब

## आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-भारतीय एप को हटाने की नहीं दी जा सकती अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ एप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय एप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है।

आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है। मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय 'मैट्रिमोनी' एप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा, ''भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है... हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए एप के डेवलपर से मुलाकात करेगी। वैष्णव ने कहा कि मैंने पहले ही गूगल से बात की है... मैंने उन एप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे... इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

### मैंने गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है: चंद्रशेखर



इस संबंध में आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को दबाने वाले गूगल के प्रभुत्व के बारे में चिंताओं को जाहिर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह पता लगाना होगा कि क्या मौजूदा मुद्दा प्रभुत्व की स्थिति के दुरुपयोग से जुड़ा है। उन्होंने कहा-मैंने अतीत में गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है। यह भारत में 90 प्रतिशत से अधिक एप पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करता है। हमें चिंता है कि उनका प्रभुत्व प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को रोकता है। स्टार्टअप के खिलाफ इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और सरकार की कुछ वैध चिंताएं हैं। वहीं गूगल ने कहा कि इन डेवलपर को तैयारी के लिए तीन साल से अधिक का समय दिया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिया गया तीन सप्ताह का समय भी शामिल है। गूगल ने कहा कि इसके बाद अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है, कि उसकी नीतियां सभी पर समान रूप से लागू हों।

## अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (एनयूसीएफडीसी) की शुरुआत की। उन्होंने साथ ही इस निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को एटीएम सुविधा देने, क्रेडिट/डेबिट कार्ड जारी करने, समाशोधन प्रणाली और एसएलआर (वैधानिक तरलता अनुपात) सीमा बनाए रखने के लिए खुद को उन्नत बनाना चाहिए। आरबीआई ने एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी और शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में काम करने की मंजूरी दी है। इस मौके पर शाह ने कहा कि 20 साल बाद एनयूसीएफडीसी की स्थापना हुई है। यह वक्त की मांग है।

# रोबोटिक सर्जरी में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीआरएसए के अध्यक्ष बोले-यह रोगियों के लिए फायदेमंद



रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी (आरएएस) भारत में एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी है, जिसने नरम टिश्यू सर्जरी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। रोबोटिक प्रणालियों की सटीकता और निपुणता के साथ, सर्जन बेहतर परिणाम, कम जटिलताएं और रोगियों के लिए कम रिकवरी समय प्राप्त कर सकते हैं।

हालांकि हाल के दिनों में सर्जनों द्वारा ऐसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हुई है, लेकिन बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने के लिए ऐसी तकनीकी प्रगति के लिए और अधिक डॉक्टरों की जरूरत है। क्लिनिकल रोबोटिक सर्जरी एसोसिएशन (सीआरएसए) के प्रमुख रोबोटिक सर्जनों ने ऐसी उन्नत सर्जिकल तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि इसे देश भर के सभी योग्य रोगियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके।

सीआरएसए के अध्यक्ष डॉ. विवेक बिंदल, ने कहा, "आरएएस एक उन्नत तकनीक है, जो रोगियों के लिए फायदेमंद है। यह बेहतर परिणाम, न्यूनतम पहुंच लाभ और चिकित्सक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। आरएएस में अपने वर्षों के अनुभव से, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि आरएएस के रोगियों के लिए कई फायदे हैं।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 73,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 65,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,500-48,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 720 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,700 |
| चांदी आभूषण | 72,900। |

# विशेष लाइव कारोबार में सेंसेक्स निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबार के दूसरे और अंतिम सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। जीडीपी का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने किसी बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। विशेष कारोबार के दूसरे सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 60.80 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 249.35 अंक या 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ 73,994.70 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 39.65 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 22,378.40 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। दिन में यह 80.8 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,419.55 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

## असम में कृषि अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे अर्जुन मुंडा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), असम के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। यह संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि अनुसंधान और शिक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह संस्थान दिरपई चापोरी, गोगामुख और धेमाजी में सुबनसिरी नदी के किनारे बनाया गया है और 587 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां विस्तार और शिक्षण गतिविधियों के संचालन के लिए पर्याप्त स्थान है।

# भारत ने अत्यधिक गरीबी को कर दिया खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- अर्थशास्त्री ने अपने शोध के अनुसार किया खुलासा



एक प्रमुख अमेरिकी थिंक टैंक 'द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन' के अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला और करण भसीन ने एक लेख में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके लिए हाल में जारी 2022-23 के उपभोग व्यय के आंकड़ों का हवाला दिया।

दोनों प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों ने लेख में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2011-12 के बाद से वास्तविक प्रति व्यक्ति खपत 2.9 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ी है। इस दौरान ग्रामीण वृद्धि 3.1 प्रतिशत और शहरी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रही। लेख में कहा गया कि इस दौरान शहरी और ग्रामीण असमानता में भी अभूतपूर्व गिरावट आई है। शहरी गिनी 36.7 से घटकर 31.9 हो गई, जबकि ग्रामीण गिनी 28.7 से घटकर 27.0 रह गई। गिनी सूचकांक आय वितरण की असमानता को दर्शाता है। अगर यह शून्य है तो इसका अर्थ है कि समाज में पूरी तरह समानता है। लेख में कहा गया है कि असमानता विश्लेषण के इतिहास में यह गिरावट अभूतपूर्व है। लेख में कहा गया है कि उच्च वृद्धि दर और असमानता में बड़ी गिरावट ने मिलकर भारत में गरीबी को खत्म कर दिया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात हेडकाउंट गरीबी अनुपात (एचसीआर) 2011-12 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत रह गया। ग्रामीण गरीबी 2.5 प्रतिशत थी, जबकि शहरी गरीबी घटकर एक प्रतिशत रह गई।


# जगमग हुआ जामनगर... सितारे जमीं पर


अनंत-राधिका


मुकेश अंबानी-नीता अंबानी बेटे आकाश और बहू के साथ

**जामनगर।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी के लिए जामनगर में शनिवार को मेहमानों का तांता लगा रहा। शहर मेहमानों में देश-दुनिया की राजनीति, कारोबारी, अभिनय, क्रिकेट से लेकर समाजसेवा में सक्रिय हस्तियों से जगमग रहा। समारोह में हॉलीवुड सिंगर रिहाना ने प्रस्तुति दी। नीता ने बताया कि परिवार का जामनगर से गहरा नाता रहा है। इसी कारण रीति-रिवाजों के साथ यहां प्री-वेडिंग का प्लान बनाया।


पत्नी के साथ मार्क जुकरबर्ग


क्रिकेटर डॉयने ब्रावो


पत्नी के साथ महेंद्र सिंह धोनी

# डब्ल्यूटीओ: किसान-मछुआरों के हित की रक्षा में सफल रहा भारत

अबू धाबी, एजेंसी

- बैठक संपन्न होने के बाद पीयूष गोयल बोले-भारत पूरी तरह संतुष्ट

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक समाप्ति के बाद वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट है। इससे हमारे किसान व मछुआरों का हित कहीं से प्रभावित नहीं होगा और हम पहले की तरह उन्हें हर प्रकार का लाभ देते रहेंगे और नीतिगत रूप से भी हमें इसमें कोई बाधा नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पहले की तरह किसानों से अनाज खरीदती रहेगी और उन्हें सब्सिडी भी देती रहेगी। मछुआरों को भी पहले की तरह सरकार की तरफ से मिलने वाली तमाम सुविधाएं व सब्सिडी जारी रहेंगी। पीयूष गोयल ने



कहा कि भारत गैर व्यापारिक मुद्दों को डब्ल्यूटीओ के मंच पर चर्चा के लिए आने से रोकने में सफल रहा।

चीन विकास के लिए निवेश सहमति पत्र पर तो यूरोप औद्योगिक नीति पर एमसी13 में चर्चा करना चाहता था। 26 फरवरी से लेकर एक मार्च तक अबूधाबी में एमसी13 का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कमोबेश हम जिस उद्देश्य के साथ अबूधाबी आए थे, उसे हमने प्राप्त कर लिया है और हम पूरी संतुष्टि के साथ वापस जा रहे है। हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य अपने किसान व मछुआरों की रक्षा करना था।

हालांकि, डब्ल्यूटीओ के एमसी13 में पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएसएच) को लेकर स्थायी समाधान या विकसित देशों द्वारा मछुआरों को दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती जैसे किसी भी बड़े मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बनी सकी, लेकिन 2013 में डब्ल्यूटीओ के एमसी में सभी देशों ने पीस क्लाज पर हस्ताक्षर किए थे जिससे किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी को कोई चुनौती नहीं दी सकती है।

### आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि में इजाफा

एमसी13 में ई-कामर्स के जरिए डिजिटल रूप में आने वाली वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि को फिर से दो साल के लिए बढ़ा दिया गया, जबकि भारत इस छूट को समाप्त करने के पक्ष में था। हालांकि, इस फैसले से डिजिटल रूप में विदेश से आने वाली किताब या फिल्म जैसे आइटम के महंगे होने की आशंका समाप्त हो गई।

### दो देश नए सदस्य बने

भारत सीमा शुल्क छूट को हटाने के पक्ष में यह दलील दे रहा था कि एक संप्रभु देश के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने उद्योग के हित में जरूरत पड़ने पर सीमा शुल्क लगा सके। ई-कामर्स के जरिए डिजिटल उत्पादों के निर्यात में अधिकतर हिस्सेदारी विकसित देशों की है। एमसी13 में दो नए देश कोमोरोस और तिमोर-लेस्टे को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता दी गई। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों की संख्या 166 हो गई। 22 और देशों ने डब्ल्यूटीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

### खाद्य आयात की विश्वसनीयता पर जापान-सिंगापुर का जोर

ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे देशों के केर्न्स समूह ने दावा किया है कि सार्वजनिक भंडार व्यवस्था बाजार को नुकसान पहुंचा रही है और कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। जापान और सिंगापुर जैसे खाद्य आयातक देश कृषि नीतियों में विश्वसनीयत पर जोर दे रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने निवेश सुविधा पर चीन के नेतृत्व वाले एक प्रस्ताव को भी खारिज किया। दोनों देशों ने कहा कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर है।

## एक नजर

### भारतवंशी हेली ने प्रचार अभियान में 1.2 करोड़ डॉलर चंदा जुटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदार भारतवंशी निक्की हेली के प्रचार अभियान दल ने फरवरी में 1.2 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाए जाने की घोषणा की है। रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दौड़ में हेली को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़ी टक्कर मिल रही है और वह अभी तक एक भी प्राइमरी चुनाव नहीं जीत पाई हैं लेकिन हेली का कहना है कि वह तीसरी पार्टी के उम्मीदवार या निर्दलीय के तौर पर चुनाव में उतरने के बारे में नहीं सोच रहीं और वह पूरी तरह से रिपब्लिकन नेता हैं।

### बलूचिस्तान को मिला नया सीएम सरफराज का हुआ निर्विरोध चयन

**कराची।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का निर्विरोध नया मुख्यमंत्री चुना गया है। दरअसल, बुगती ने 8 फरवरी के आम चुनावों में पीपीपी टिकट पर प्रांतीय विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक संघीय आंतरिक मंत्री से इस्तीफा दे दिया था। वरिष्ठ राजनेता को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का भी समर्थन मिला था, जब वह शुक्रवार को विधानसभा सचिव ताहिर शाह के साथ अपना नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे थे।

### गाजा में अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की गई जान

**गाजा।** हमास ने शनिवार को कहा कि गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर 30 हजार के पार हो गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली सेना ने 92 फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि 156 अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 15 की मौत दीर अल-बलाह शहर के अल-अक्सा अस्पताल में हुई हैं। इजराइल ने हवाई हमले से दो घरों को निशाना बनाया। सूत्रों ने बताया कि गाजा शहर में अल-जायतून, ताल अल-हवा, अल-सबरा और अल-दराज के पड़ोस पर हवाई हमलों में दस लोग मारे गए।

### ईरान के संसदीय चुनाव में कट्टरपंथियों ने बनाई बढ़त

**दुबई।** ईरान में संसदीय चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद राजधानी तेहरान में जारी शुरुआती मतगणना में कट्टरपंथियों ने बढ़त बना ली है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को कहा कि तेहरान में 5,000 मतपत्रों में से 1,960 की अब तक गिनती हुई है। इसने प्रति घंटे अद्यतन की जा रही गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक कुल मतदान प्रतिशत जारी नहीं किया है। हालांकि, इरना ने अनाधिकारिक रिपोर्ट के आधार पर इसे 41 प्रतिशत बताया है। कट्टरपंथियों का पिछले दो दशकों से संसद में वर्चस्व रहा है।

# चुनाव धांधली: दूसरा देश पाकिस्तान को जांच के लिए हुक्म नहीं दे सकता

## विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा ने अमेरिका के निर्देश को मानने से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने चुनाव में धांधली की जांच करने के अमेरिका के निर्देश को खारिज कर दिया है। कहा कि, पाकिस्ताान बाहरी आदेशों के आगे नहीं झुकेगा।



दरअसल अमेरिका ने अपने एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई कथित धांधली की पूरी निष्पक्षता और पार्दर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए।

अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर अमेरिका के निर्देश को मानने से साफ इनकार कर दिया है और कहा है कि 'कोई भी देश, पाकिस्तान को हुक्म नहीं दे सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है।' मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि 'पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में फैसले करने का अधिकार हमारा है।' दरअसल पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इमरान खान की पार्टी चुनाव में कथित धांधली के गंभीर आरोप लगा रही है। बता दें, अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। अमेरिका के इस बयान पर पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिक्रिया दी। इमरान खान की पार्टी पीटीआई चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। हालांकि पाकिस्तान के चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार ने पीटीआई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि जिस भी पार्टी को चुनाव नतीजों पर शंका है, उनके लिए कानूनी कार्यवाही का विकल्प खुला है।

### इमरान को कोर्ट ने हिंसा से जुड़े 4 मामलों में दी अंतरिम जमानत



पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में अंतरिम जमानत दी है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। इमरान खान अभी कई मामलों में पंजाब प्रांत के रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पिछले साल नौ मई को इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने एक दर्जन से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। इनमें रावलपिंडी में सेना मुख्यालय, फैसलाबाद में इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की इमारत, मियांवाली एयरबेस, जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस) शामिल हैं। पीटीआई संस्थापक की जमानत याचिकाओं पर शुक्रवार को आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश अरशद जावेद ने सुनवाई की। द इंटरनेशनल के मुताबिक उन्होंने नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में इमरान को अंतरिम जमानत दे दी।

## अमेरिका में भारतीय डांसर की गोली मारकर हत्या, जांच की मांग

**न्यूयॉर्क/सूरी।** कोलकाता के भरतनाट्यम और कुचुपुड़ी नर्तक अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहू का किरदार निभाने वाली मशहूर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने इसकी जानकारी एक्स पर दी और विदेश मंत्री जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले की जांच की मांग की है।



भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमरनाथ घोष की हत्या पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा 'मिसौरी के सेंट लुइस में मृतक अमरनाथ घोष के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। हम फोरेंसिक, पुलिस के साथ जांच कर रहे हैं और सहायता प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भट्टाचार्जी के कहा, 27 फरवर की शाम को घोष टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात हमलावरों ने उनकी गोलीमार कर हत्या कर दी। बता दें कि घोष वाशिंगटन विवि से नृत्य में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) की पढ़ाई कर रहे थे।


शनिवार को गुवाहाटी में फेरी टर्मिनल का शिलान्यास करते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

# सीएए का विरोध करने वाले शीर्ष कोर्ट जाएं: सीएम हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी

- बोले- असम में शांति भंग करना ठीक नहीं

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इस कानून का विरोध करने वालों को शीर्ष अदालत में जाना चाहिए। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, एक वर्ग सीएए का समर्थन कर रहा है। उनमें एक मैं भी हूं। लेकिन उसी समय असम में कई लोग इसका विरोध भी कर रहे हैं।

हमें दोनों के नजरिए को देखना होगा। हमें सीएए का समर्थन या विरोध करने पर किसी की आलोचना नहीं करनी चाहिए। जो सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें असम में शांति भंग करने के बजाए सर्वोच्च न्यायालय में जाना चाहिए। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता पाने में आसानी होगी। बशर्ते ऐसे अल्पसंख्यक 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों। इससे पहले भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति का कम से कम 11 साल तक भारत में रहना जरूरी था। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के तहत इस नियम को आसान बनाया गया है।

# मणिपुर: हिंसा में विस्थापित लोग भी कर सकेंगे मतदान

इंफाल, एजेंसी

- राहत शिविरों में बनेगा विशेष केंद्र, चुनाव आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

मणिपुर में जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए राहत शिविरों में मतदान केंद्र बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है।

चुनाव आयुक्त द्वारा जारी बयान में बताया गया, पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा के दौरान राज्य के कई हिस्से से बड़ी संख्या में मतदाता अपने मूल स्थान से विस्थापित हो गए। वर्तमान में वे राहत शिविरों में रह रहे हैं। विस्थापित मतदाता अभी भी उन स्थानों पर नामांकित है, जहां वे हिंसा से पहले रह रहे थे। चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों को राज्य में संबंधित विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया जाना जारी रहेगा। बयान में बताया गया कि इन विशेष मतदान केंद्रों पर मतदान प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग-अलग ईवीएम का उपयोग करके आयोजित किया जाएगा। विशेष केंद्रों में वोट की गिनती सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से जारी हिंसा के कारण करीबन 50 हजार लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए थे।

### लाहौल स्पीति फिर बंद...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में शनिवार को चेतावनी के बीच ऊंचे क्षेत्रों में भारी बारिश व बर्फबारी बर्फबारी हुई। अटल टनल, रोहतांग, केलांग, जिस्पा, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में दो इंच तक ताजा हिमपात हो चुका है। इससे अटल टनल के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लाहौल स्पीति में सबसे ज्यादा सड़कें बंद है। मौसम विभाग ने शनिवार को चंबा, लाहौल स्पीति, कुल्लू शिमला और किन्नौर में भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। ● एजेंसी

# अमेरिका से जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ, अंतिम मुहर आज

वाशिंगटन, एजेंसी

- दो मार्च को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति नहीं कराई गई दर्ज

अमेरिका से भारत को जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस में 31 एमक्यू-9 बी सी-गार्डियन ड्रोन भारत को देने पर डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है।

मीडिया के अनुसार, दो मार्च तक सांसदों को आपत्ति देनी थी, लेकिन सांसदों से संबंध मामले में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। अब कांग्रेस से तीन मार्च को अंतिम मुहर लगने के बाद कोई संवैधानिक बाधा नहीं आएगी। गौरतलब है कि, ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, वायु-समुद्री युद्ध में काम आएंगे। ड्रोन पैकेज की लागत 33,069 लाख करोड़ रुपये है।



### एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगा ड्रोन

ये ड्रोन 161 एम्बेडेड ग्लोबल पोजिशनिंग और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ आएंगे। इसके अलावा 35 एलउ रियो ग्रांडे कम्युनिकेशंस इंटेलिजेंस सेंसर सूट, 170 एजीएम-114आर हेलफायर मिसाइलें, 16 एम36ई9 हेलफायर कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगी।

## अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों की मिसाइल की तबाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों के हमले को नाकाम किया है और सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल को तबाह कर दिया। अमेरिकी सेना के यूएस सेंट्रल कमांड ने बयान जारी कर बताया कि 1 मार्च को खुद के बचाव में की गई कार्रवाई में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की मिसाइल को निशाना बनाया गया।

अमेरिकी सेना ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने यमन में अपने प्रभाव वाले इलाके लाल सागर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट को निशाना बनाने के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैनात की हुई थी। इस खतरे को भांपते हुए अमेरिकी सेना की यूएस सेंट्रल कमांड ने इस मिसाइल को निशाना बनाकर तबाह किया।

# इस्लामी अतिवादी फैला रहे चरमपंथी जहर: ऋषि सुनक

लंदन, एजेंसी

- लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुनक की भावुक अपील, बोले-विभाजनकारी ताकतों से मिलकर सामना करेंगे

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील की है। उन्होंने बताया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने के लिए तैयार है। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए पीएम सुनक ने कहा कि ब्रिटेन का स्थाई मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों का स्वागत करता है।

सुनक ने कहा, जो आप्रवासी यहां आए हैं उन्होंने संपूर्ण रूप से अपना योगदान दिया है। उन्होंने हमारे देश की कहानी में एक नया अध्याय लिखने में मदद की है। उन्होंने ऐसा अपनी पहचान छोड़े बिना किया है। ब्रिटिश पीएम ने आगे कहा, आप मेरी तरह एक हिंदू और ब्रिटिश नागरिक हो सकते हैं, या एक धर्मनिष्ठ मुसलमान और एक देशभक्त नागरिक हो सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं। या एक



समर्पित यहूदी और अपने स्थानीय समुदाय की जान हो सकते हैं तथा ये सभी हमारे स्थापित ईसाई गिरजाघर की सहिष्णुता पर आधारित है। ब्रिटिश पीएम ने कहा, मुझे डर है कि दुनिया में सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-आस्था वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारे प्रयास को कमजोर किया जा रहा है। कुछ ऐसी ताकतें हैं जो हमें तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। ब्रिटेन के सांसदों के लिए बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर ब्रिटेन में निकाले गए मार्च के दौरान हिंसा के बाद प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी की है।


विज्ञान | कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड ने की खोज, तीनों हमारे बाहरी सौर मंडल के दो ग्रहों की करे रहे हैं परिक्रमा

# यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज की है। इस खोज के बाद यूरेनस के 28 और नेपच्यून के चंद्रमा की संख्या 16 हो गई है। यह खोज जमीन आधारित दूरबीनों से हुई है। पिट्सबर्ग, पेंसिल्वेनिया स्थित कार्नेगी साइंस ने खोजे गए नए चंद्रमाओं की जानकारी दी है।

इन चंद्रमाओं में यूरेनस का एक और नेप्च्यून के दो उपग्रह शामिल हैं। ये तीनों चंद्रमा हमारे बाहरी सौर मंडल के दो विशाल ग्रहों की परिक्रमा कर रहे हैं। खोजकर्ता कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड के अनुसार खगोलविदों ने यूरेनस और नेप्च्यून के आसपास के क्षेत्र के 5 मिनट के दर्जनों


यूरेनस व नेप्च्यून के नए चंद्रमाओं की तस्वीर।

एक्सपोजर लिए। जिसमें उन्हें कुछ अंधेरी रातों में करीब चार घंटे का समय लगा। यूरेनस के नए चंद्रमा का अस्थायी नाम एस/2023 यू1 रखा गया है।

इसका वास्तविक आकार लगभग 8 किमी है, जो खोज की इस उपलब्धि की महत्ता का संकेत देता है। क्योंकि यूरेनस पृथ्वी से लगभग 2 अरब मील की दूरी पर स्थित है। इस चंद्रमा को यूरेनस की एक परिक्रमा करने में लगभग 680 दिन लगते हैं।

चिली में कार्नेगी साइंस के लास कैम्पानास वेधशाला में मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग करके इस नए यूरेनस के चंद्रमा का पता लगाया। खोजकर्ता वैज्ञानिक शेपर्ड ने नेप्च्यून के चंद्रमाओं का पता लगाने के लिए मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग किया। जिसमें एक का नाम एस/2002 एन 5 रखा है।

यह लगभग 14 मील चौड़ा है और नौ वर्ष में नेपच्यून की परिक्रमा करता है। नेप्च्यून के दूसरे नए चंद्रमा का नाम एस /2021 एन1 रखा गया है। यह नौ मील चौड़ा है और हर 27 साल में नेपच्यून की परिक्रमा करता है।

### चंद्रमाओं को गुरुत्वाकर्षण शक्ति खींच लाई

वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी कक्षाएँ इस बात का संकेत हैं कि ये छोटे चंद्रमा यूरेनस और नेपच्यून के साथ पैदा नहीं हुए थे। बल्कि युरेनस व नेप्च्यून की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इन्हें अपनी ओर खींच लाई। तीनों चंद्रमाओं की झुकी हुई कक्षा इसका ठोस सबूत है।

# अमेरिका: दो साल में हिन्दी भाषा पढ़ाने वाले स्कूल दस गुना बढ़े

वाशिंगटन, एजेंसी

- हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच ने कहा- 12 विवि में हिन्दी के अलग विभाग बने

अमेरिका में हिन्दी का दबदबा बढ़ रहा है। पिछले दो साल के दौरान अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर हिन्दी विषय पढ़ाने वाले स्कूलों की संख्या दस गुना बढ़ गई है। अब 90 स्कूलों में हिन्दी के कोर्स चल रहे हैं। वहीं हिन्दी के छात्रों की संख्या भी बढ़कर 14 हजार हो गई है।

बता दें, मशहूर सिलिकॉन वैली के सरकारी स्कूलों में अगस्त से हिन्दी वैश्विक भाषा कोर्स शुरू होगा। पहली बार हिन्दी को वैश्विक भाषा का दर्जा दिया गया है। अमेरिका में हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच के अनुसार डलास और ह्यूस्टन समेत डेढ़ दर्जन शहरों के स्कूलों में अगले सत्र से हिन्दी के विषय शुरू होंगे। हार्वर्ड, येल, प्रिंस्टन जैसे 12 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अलग विभाग संचालित किया जा रहा है। दो साल पहले तक अमेरिका के 6 विश्वविद्यालयों में ही हिन्दी का विभाग संचालित होता था। कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने बताया है कि अमेरिका में भारतीयों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी में हिन्दी के प्रति लगाव का बड़ा कारण हिन्दी को भाषा के रूप में पढ़ने के बाद मिलने वाले भविष्य में बहुत सारे विकल्प खुलेंगे।

कुछ भारतीय कंपनियां हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी के शिक्षकों की मांग बढ़ रही है। अमेरिका की पहली हिन्दी पाठ्य पुस्तक 'नमस्ते जी' के लेखक अरुण प्रकाश का कहना है कि स्कूलों में हिन्दी शिक्षकों को प्रति सप्ताह 40 हजार रुपए मिलते हैं। ऐसे में शिक्षकों का रुझान बढ़ रहा है।